संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .....
03 जनवरी 2025, शुक्रवार
पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 96
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज
संताल एक्सप्रेस

आतंकी साधु, पुजारी, अघोरी और गेरुआ वस्त्र धारण कर मेला में प्रवेश कर सकते : आईबी

प्रयागराज । कुछ आतंकी संगठनों ने प्रयागराज महाकुंभ-2025 को टारगेट करने की कोशिश में है। इंटेलिजेंस ब्यूरो और लोकल इंटेलिजेंस यूनिट ने यूपी के गृह मंत्रालय को एक गोपनीय रिपोर्ट भेजी है। रिपोर्ट में दावा किया गया है आतंकी, प्रॉक्सी नाम से महाकुंभ को टारगेट कर सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि रिपोर्ट में दावा है कि आतंकी साधु, पुजारी, अघोरी और गेरुआ वस्त्र धारण कर मेले में प्रवेश कर सकते हैं।

विशेष संपादकीय

क्या कार्यकर्ता रघुवर दास में भाजपा का भविष्य देख रहे हैं?

अशोक कुमार

उडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास के राज्यपाल पद से इस्तीफा देने के बाद गुरूवार को रांची हवाई अड्डे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया । ताशा पार्टी के साथ कार्यकर्ता नाचे झूमे और आतिशबाजियां कीं। दो दिनों तक उनके सरकारी आवास पर उन्हें पुष्पगुच्छ देनेवालों का तांता लगा रहा; उनमें कई गैर राजनीतिज्ञ लोग, ब्यूरोक्रेट, पार्टी के एमपी, पूर्व विधायक व राज्य के विभिन्न भागों से आऐ भाजपा व मोर्चा के युवा कार्यकर्ता भी थे। प्रिंट मीडिया से लेकर इलेक्ट्रोनिक मीडिया के पत्रकार उनसे लगातार इंटरव्यू लेते रहे और उसे प्रसारित करते रहे। प्रायः हर जाति के कार्यकर्ता उनसे मिले और उन्हें शुभकामनाएं दी, मालूम हो कि इन दिनों रघुवर दास किसी भी पद पर नहीं हैं। वे भाजपा के साधारण सदस्य तक नहीं हैं, फिर भी उनके प्रति कार्यकर्ताओं का आकर्षण आखिर क्या संदेश देता है, भाजपा के कार्यकर्ता और नेता यह समझ गए हैं कि केंद्रीय नेतत्व उन्हें संगठन में कोई महत्वपूर्ण पद देने जा रहा है। ज्यादा उम्मीद है कि उन्हें प्रदेश भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाए या फिर केंद्रीय संगठन में भी महत्वपूर्ण दायित्व दिया जा सकता है, रघुवर दास केंद्रीय नेतत्व के समक्ष यह इच्छा जाहिर कर चुके हैं कि वे अपनी कर्मभूमि व जन्मभूमि की ही सेवा करना चाहते हैं।

स्वभाव व व्यवहार मे परिवर्तन

रघुवर दास के व्यवहार और स्वभाव में परिवर्तन देखने को मिला, जब वे झारखंड के मुख्यमंत्री थे तो भाजपा कार्यकर्ताओं को उनसे मिलने के लिए घंटों इंतजार करना पडता था। जब वे कार्यकर्ताओं से मिलते भी थे तो उनका व्यवहार सदभावपूर्ण नहीं होता था। उन दिनों कार्यकर्ता उनसे मिलने के बाद बहुत खुश होकर नहीं लौटते थे, लेकिन 2019 का चुनाव हारने के बाद उनके स्वभाव में थोडा परिवर्तन आया है, आज की तारीख में जो कार्यकर्ता उनसे मिलने जाते हैं तो दूर से ही उसका नाम पुकारते हैं और बैठने को कहते हैं चाय पानी लिया की नहीं , यह भी पूछते हैं। जब वे उडीसा के राज्यपाल थे तो कई कार्यकर्ताओं को पूरी का दर्शन कराने बुलाए और राजभवन मे ठहराकर भोजन आदि भी करवाया।

मुझे 2019 के विधानसभा चुनाव की वह घटना भी याद है जब राज्य के विभिन्न भागों से आए भाजपा नेता और कार्यकर्ता ,जिनमे कुछ महिलाएं भी थी उनसे मिलने और उन्हें बुके देने उनके आवास पर गए थे, उस समय के मुख्यमंत्री रघुवर दास जब अपने घर से निकले और सामने बुके लेकर खडे कार्यकर्ताओ को देखे तो बुके लेने की बजाय उन्हें झारते हुए कहा आपलोग यहां किसलिए आए हैं जाइए अपने-अपने क्षेत्र में पार्टी उम्मीदवार को जिताने का काम कीजिए। यह कहकर सीधे गाडी मे जाकर बैठ गए, कार्यकर्ताओं के हाथों में ही बुके आदि रह गए। इसी तरह जब वे राज्यपाल थे और टाटा अपने आवास आए हुए थे तो विधानसभा चुनाव मे टिकट दिलाने में मदद के लिए एक नेता ने उनसे अनुरोध किया तो वे गुस्से में आकर बोले क्या मैं यहां टिकट दिलाने आए हैं, जाइए यहां से टिकट दिलाने का काम पार्टी नेता करते हैं, उस कार्यकर्ता को जबाव तो उन्होंने सही दिया लेकिन जबाव देने का उनका तरीका सही नहीं था।

लेकिन अब वे पहले वाले रघुवर दास नहीं हैं, उनमें स्वभाव और व्यवहार में परिवर्तन आया है। रघुवर दास में एक कमी मैंने महसूस किया कि उनमें विनम्रता का अभाव है, जो विनम्रता मैंने कर्पूरी ठाकुर,शिबू सोरेन, हेमंत सोरेन, बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और सरयू राय सरीखे नेताओं में देखी। वैसा रघुवर दास में नहीं पाया लेकिन समय के चक्र के साथ अब उनमें विनम्रता का पुट देखने को मिलने लगा है। किसी भी इंसान में विनम्रता वह गुण है जो आदमी को उँचाई तक ले जाता है, आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिस उचाई पर हैं, उसमें उनके विनम्र व्यवहार का महत्वपूर्ण योगदान है। मुझे उम्मीद है कि रघुवर दास अपने व्यवहार से आम भाजपा कार्यकर्ताओं का दिल जीतने और अपने भावी पद की गरिमा बढाने का काम करेंगे।

मनु भाकर, गुकेश, हरमनप्रीत और प्रवीण को खेल रत्न

32 खिलाडियों को अर्जुन पुरस्कार, 5 कोच को द्रोणाचार्य अवॉर्ड मिलेगा

एजेंसी

नई दिल्ली । भारत सरकार ने मनु भाकर और डी गुकेश समेत 4 खिलाडियों को खेल रत्न पुरस्कार देने का फैसला किया है। वहीं 32 खिलाडियों को अर्जुन पुरस्कार से नवाजा गया है। मनु भाकर और डी गुकेश के अलावा हॉकी खिलाड़ी हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्लेयर प्रवीण कुमार को भी खेल रत्न पुरस्कार दिया गया है। इसके अलावा 32 खिलाडियों को अर्जुन पुरस्कार मिला है। युवा मामले एवं खेल मंत्रालय ने गुरूवार को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 की घोषणा की। पुरस्कार विजेताओं को 17 जनवरी को सुबह 11 बजे राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक विशेष समारोह में भारत के राष्ट्रपति से पुरस्कार प्राप्त होंगे। समिति की सिफारिशों के आधार पर और उचित जांच के बाद, सरकार ने निम्न खिलाडियों, कोच, विश्वविद्यालय और संस्थाओं को पुरस्कार प्रदान करने का निर्णय लिया है।

इन्हें मिले अर्जुन पुरस्कार

जिन 32 खिलाडियों को अर्जुन पुरस्कार मिला है उनमें ज्योति याराजी (एथलेटिक्स), अन्नू रानी (एथलेटिक्स), नीतू (मुक्केबाजी), स्वीटी (मुक्केबाजी), वंतिका अग्रवाल (शतरंज), सलीमा टेटे (हॉकी), अभिषेक (हॉकी), संजय (हॉकी), जरमनप्रीत सिंह (हॉकी), सुखजीत सिंह (हॉकी), राकेश कुमार (पैरा तीरंदाजी), प्रीति पाल (पैरा एथलेटिक्स), जीवनजी दीप्ति (पैरा एथलेटिक्स), अजीत सिंह (पैरा एथलेटिक्स), सचिन सरजेराव खिलारी (पैरा एथलेटिक्स), धरमबीर (पैरा एथलेटिक्स), प्रणव सूरमा (पैरा एथलेटिक्स), एच होकाटो सेमा (पैरा एथलेटिक्स), सिमरन जी (पैरा एथलेटिक्स), नवदीप (पैरा एथलेटिक्स), नितेश कुमार (पैरा बैडमिंटन), तुलसीमथी मुरुगेसन (पैरा बैडमिंटन), नित्या श्री सुमति सिवान (पैरा बैडमिंटन), मनीषा रामदास (पैरा बैडमिंटन), कपिल परमार (पैरा जूडो), मोना अग्रवाल (पैरा शूटिंग), रुबीना फ्रांसिस (पैरा शूटिंग), स्वप्निल सुरेश कुसाले (शूटिंग), सरबजोत सिंह (शूटिंग), अभय सिंह (स्क्वैश), साजन प्रकाश (तैराकी) और अमन (कुश्ती) शामिल हैं। खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार (आजीवन) सुच्चा सिंह (एथलेटिक्स) और मुरलीकांत राजाराम पेटकर (पैरा-तैराकी)।

द्रोणाचार्य पुरस्कार

द्रोणाचार्य पुरस्कार (नियमित श्रेणी)में सुभाष राणा (पैरा-शूटिंग), दीपाली देशपांडे (शूटिंग) और संदीप सांगवान (हॉकी) को दिया गया। द्रोणाचार्य पुरस्कार (आजीवन श्रेणी) में एस. मुरलीधरन (बैडमिंटन) और अर्मांडो एग्नेलो कोलाको (फुटबॉल) को मिला है। राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को दिया गया है। मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी चंडीगढ़ विश्वविद्यालय (ओवरऑल विनर यूनिवर्सिटी), लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, (फर्स्ट रनर-अप यूनिवर्सिटी) और गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर (सेकेंड रनर अप यूनिवर्सिटी) को दिया गया।

बंगाल में कई स्थानों पर ईडी की छापेमारी

मामला हजार करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी का

एजेंसी

कोलकाता । पश्चिम बंगाल में ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गुरुवार सुबह कई स्थानों पर शुरू हुई छापेमारी की कार्यवाही शाम तक जारी थी। चेन्नई में दर्ज एक शिकायत के आधार पर यह छापेमारी की जा रही है, जिसमें हजार करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी का आरोप है।

सूत्रों के अनुसार, जांच में पता चला कि इस धोखाधड़ी के रैकेट का जाल पूर्वी भारत के कई राज्यों, विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में फैला हुआ है। इसी के चलते ईडी ने यह छापेमारी शुरू की। इस समय राज्य के 8 स्थानों पर छानबीन की जा रही है, जिनमें 5 कोलकाता और उसके आसपास के इलाकों में है। छापेमारी के दौरान ईडी की टीमें केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवानों की सुरक्षा में हैं।

कार्रवाई की शुरुआत कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके साल्ट लेक में स्थित गैरेज से हुई, जहां कथित तौर पर धोखाधड़ी का संचालन होता था। वहां से ईडी ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया और रघुनाथपुर के एक पॉश हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में व्यवसायी सदानंद झा के फ्लैट पर छापेमारी की।

जांच में खुलासा हुआ कि हाल ही में कोलकाता पुलिस ने 60 लाख रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में तन्मय पॉल नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। जांच में पता चला कि पॉल एक राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय रैकेट का हिस्सा था और उसने करीब 300 लोगों को ठगकर 60 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की। ईडी ने इस मामले की जांच शुरू करते हुए गुरुवार को यह छापेमारी की।

गौरतलब है कि हाल के दिनों में पश्चिम बंगाल में साइबर धोखाधड़ी के कई मामले सामने आए हैं। इनमें से अधिकांश मामलों में धोखेबाज खुद को केंद्रीय जांच एजेंसी या राज्य पुलिस के साइबर अपराध विभाग के अधिकारी बताकर लोगों से लाखों रुपये वसूलते और गिरफ्तारी की धमकी देते थे। जांच और छापेमारी अभी भी जारी है।

देशी शराब का उत्पादन बढ़ाएं, नहीं तो दूसरे राज्यों से मंगाया जाएगा : मंत्री

संवाददाता

रांची । उत्पाद एवं मद्द निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने गुरुवार को रांची में राज्य के आठ देसी शराब उत्पादक कंपनियों के मालिकों के साथ बैठक की।इस दौरान विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे। बाद में पत्रकारों से बातचीत में मंत्री ने कहा कि वर्ष 2022 से लेकर अब तक देसी शराब के उत्पादन में लगातार गिरावट आई है। ऐसा होने से उपभोक्ताओं को शराब नहीं मिल रही है वहीं सरकार को राजस्व का

नुकसान हो रहा है। मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि राज्य में मौजूद आठ देसी शराब उत्पादक अपने उत्पादन बढ़ाने का काम करें अन्यथा दूसरे राज्यों से देसी शराब का आयात किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि मार्च महीने में विभाग की ओर से मॉडल शराब दुकान खोलने की तैयारी की जा रही है जहां उपभोक्ता शराब का सेवन कर सकते हैं। ग्रामीण उपभोक्ताओं से अपील करते हुए मंत्री ने कहा कि वह महुआ दारू के सेवन से दूर रहे। यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। मंत्री ने कहा कि शराब से जुड़े उपभोक्ताओं के किसी भी शिकायत के निवारण के लिए सरकार की ओर से टास्क फोर्स का गठन किया गया है जो त्वरित कार्रवाई कर रही है।

हेमंत के जवाब पर ईडी को अपना पक्ष रखने के लिये हाईकोर्ट ने दिया समय

संवाददाता

रांची । हाई कोर्ट में गुरुवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जरिये दायर शिकायत पर ईडी के अधिकारियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट में दर्ज एफआईआर को सीबीआई सहित अन्य स्वतंत्र एजेंसी को देने का आग्रह करने वाले ईडी की याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में हेमंत सोरेन के जवाब (प्रति शपथ पत्र) पर ईडी के वरिष्ठ अधिकारी देवव्रत झा को अपना प्रतिउत्तर देने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया है। अगली सुनवाई 3 सप्ताह बाद होगी। ईडी की ओर से अधिवक्ता एके दास और सौरभ कुमार ने पैरवी की।

देवव्रत झा की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर आग्रह किया गया है कि इस मामले में गोंदा पुलिस के जरिये ईडी के अधिकारियों को प्रताड़ित

करने की कोशिश की जा रही है इसलिए इस मामले की जांच का जिम्मा सीबीआई सहित अन्य स्वतंत्र एजेंसी को सौंपा जाए।

यह एफआईआर झारखंड पुलिस के जरिये एससी-एसटी एक्ट के तहत रांची के एससी-एसटी थाना में दर्ज की गई है। यह एफआईआर हेमंत सोरेन सोरेन के दिल्ली आवास पर ईडी के जरिये की गई तलाशी के संबंध में एक शिकायत को लेकर की गई है। एफआईआर में ईडी के सीनियर अधिकारियों पर दिल्ली में हेमंत सोरेन के आवास पर की गई तलाशी का आरोप लगाया गया है। इस एफआईआर में ईडी के अतिरिक्त निदेशक कपिल राज, सहायक निदेशक देवव्रत झा और अनुमान कुमार और अमन पटेल के साथ-साथ अज्ञात अधिकारियों का नाम शामिल हैं। इसमें हेमंत सोरेन ने आरोप लगाया कि उनके दिल्ली आवास पर ईडी का तलाशी अभियान उन्हें और उनके समुदाय को परेशान करने और बदनाम करने के इरादे से चलाया गया। ईडी के अधिकारियों ने मीडिया को इसकी जानकारी लीक की, जिससे जनता की नजर में उनकी प्रतिष्ठा धूमिल हो जाए।

नीट परीक्षा को लेकर विशेषज्ञ समिति की सिफारिशें लागू करेगी केंद्र सरकार

एजेंसी

नई दिल्ली । केंद्र सरकार नीट की परीक्षा को लेकर विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों को लागू करेगी। केंद्र सरकार ने इसकी सूचना आज सुप्रीम कोर्ट को दी। केंद्र की इस सूचना के बाद कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई तीन महीने के लिए टाल दिया। मामले की अगली सुनवाई अप्रैल में होगी।

आज सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है और सरकार उस रिपोर्ट की सभी अनुशंसाओं पर अमल करेगी। मेहता ने इसके लिए समय देने की मांग की, जिसके बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई तीन महीने के लिए टाल दी।

सुप्रीम कोर्ट ने 2 अगस्त, 2024 को नीट की परीक्षा दोबारा कराने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि नीट परीक्षा में सिस्टेमैटिक ब्रीच नहीं हुआ था। पेपर लीक केवल पटना और हजारी बाग में ही हुआ। कोर्ट ने कहा था कि हमने सरकार की ओर से नियुक्त कमेटी के काम का दायरा तय किया है। इसके दायरे में एग्जाम सिक्योरिटी और स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर तय करना होगा, जिसमें एग्जाम सेंटर के अलॉट करने की प्रक्रिया की समीक्षा, एग्जाम सेन्टर की सीसीटीवी मॉनिटरिंग, पेपर में गड़बड़ी नहीं हो यह सुनिश्चित करना और शिकायतों के निवारण की व्यवस्था करना तय किया है। साथ ही पेपर को खुले ई-रिक्शा के बजाय रियल टाइम इलेक्ट्रॉनिक लॉक सिस्टम के साथ बंद वाहन में भेजे जाने की व्यवस्था पर विचार किया जाए।

लोकायुक्त, जेपीएससी अध्यक्ष समेत महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति की कोर्ट ने मांगी जानकारी

संवाददाता

रांची । झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव एवं जस्टिस गौतम चौधरी की खंडपीठ में गुरुवार को राज्य में मुख्य सूचना आयुक्त, लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग के चेयरमैन समेत अन्य महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार से 5 फरवरी तक अपडेट जानकारी मांगी गई। इसके अलावा जेपीएससी के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के संबंध में भी खंडपीठ ने अपडेट जानकारी मांगी है। इससे पूर्व राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि मानवाधिकार आयोग के चेयरमैन और सूचना आयुक्त की नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। झारखंड में अभी नई सरकार का गठन हुआ है। नेता प्रतिपक्ष के संबंध में भी नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ है। राज्य सरकार की ओर से स्टेट्स रिपोर्ट बताने के लिए समय की मांग की गई, जिस पर अदालत ने एक महीने का समय दिया है।

वकीलों के रजिस्ट्रेशन की फीस बढ़ाने की मांग

बीसीआई ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की याचिका

एजेंसी

नई दिल्ली । बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने वकीलों के रजिस्ट्रेशन की फीस 750 रुपये से बढ़ाकर 25 हजार रुपये करने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 30 जुलाई 2024 को आदेश दिया था कि बीसीआई वकीलों के रजिस्ट्रेशन के लिए एक्ट में दिये गए प्रावधान से ज्यादा रकम नहीं वसूल सकती है।

आज सुनवाई के दौरान बीसीआई की ओर से मांग की गई कि कोर्ट केंद्र सरकार को एडवोकेट एक्ट में संशोधन करने के लिए कदम उठाने का दिशा-निर्देश जारी करे। सुनवाई के दौरान बीसीआई ने जस्टिस पीएस नरसिम्हा की अध्यक्षता वाली बेंच से कहा कि वो वकीलों के रजिस्ट्रेशन की फीस वाले प्रावधान में संशोधन की मांग करना चाहते हैं। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि इस मामले में कोर्ट क्या कर सकती है। कानून में संशोधन को संसद करेगी। आप सरकार के पास जाइए। तब बीसीआई ने कहा कि उसने विधि और कानून मंत्रालय को इस संबंध में प्रतिवेदन दिया है। तब कोर्ट ने कहा कि ये दुखद है कि बीसीआई कोर्ट से किसी राहत की मांग कर रही है।

मुख्यमत्री के निर्देश पर कैमरून से सभी 47 श्रमिकों की हुई सुरक्षित वापसी

नियोजकों के खिलाफ हुई कार्रवाई

संवाददाता

रांची । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर कैमरून में फंसे झारखण्ड के श्रमिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित हो रही है। इस क्रम में एक बार फिर गुरुवार को 27 श्रमिकों की सुरक्षित वापसी हुई। शेष 08 श्रमिक 3 जनवरी की सुबह बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। मालूम हो कि कैमरूम में फँसे 47 श्रमिकों में से 11 श्रमिकों की वापसी 29 दिसंबर को हुई थी, इसके बाद गुरुवार को 27 श्रमिकों को सुरक्षित लाया गया था। शेष श्रमिक भी भारत पहुंच चुके हैं लेकिन ये सभी शुक्रवार

की सुबह झारखण्ड पहुंचेंगे।झारखण्ड के हजारीबाग, बोकारो तथा गिरिडीह के 47 श्रमिक सेंट्रल वेस्ट अफ्रीका के कैमरून में अगस्त 2024 से कार्यरत थे, जिन्हें वेतन भुगतान और कंपनी द्वारा अच्छा व्यवहार नहीं किए जाने की जानकारी मुख्यमंत्री को प्राप्त हुई थी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया था।

सीबीआई ने अपने ही अधिकारी पर किया केस, 55 लाख नकदी और करोड़ों की संपत्तियां बरामद

एजेंसी

मुंबई । केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अपने ही डिप्टी एसपी और अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई सीबीआई की ज़ीरो टॉलरेंस पॉलिसी के तहत की गई है। आरोपी पर जांच के दायरे में आने वाले व्यक्तियों से अनुचित लाभ लेने और रिश्वत की रकम को छुपाने का आरोप है। एफआईआर में दर्ज आरोपों के मुताबिक, डिप्टी एसपी बी।एम। मीणा ने जांच के दायरे में आने वाले व्यक्तियों से अनुचित लाभ लिया और रिश्वत की रकम के लेन-देन के लिए बिचौलियों और हवाला चैनल का इस्तेमाल किया। सीबीआई ने बताया कि आरोपियों ने रिश्वत के पैसे का लेन-देन छिपाने के लिए विभिन्न माध्यमों और बैंक खातों का उपयोग किया। इस मामले में सभी दस्तावेज और सामग्रियां जांच के लिए जब्त कर ली गई हैं। सीबीआई ने अपनी निष्पक्षता पर जोर देते हुए कहा कि वह भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रखेगी, चाहे आरोपी कोई भी हो। सीबीआई ने इस कार्रवाई से स्पष्ट संकेत दिया है कि वह अपनी संस्था के भीतर भी अनुशासनहीनता और भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करेगी।

संताल एक्सप्रेस
देश दुनिया व झारखंड की ताजा खबरें पढ़ने के लिये santalexpress.com पर जाएं या इस बार कोड को स्कैन करें.....

जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न पुरस्कार से पांच जनवरी को नवाजे जायेंगे 33 खेल सितारे

संवाददाता

रांची । उम्मीद फाउंडेशन के तत्वावधान में पांच जनवरी 2025 को जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार 2024 का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन रांची के आड्रे हाउस में होगा, जहां राज्य के 33 उत्कृष्ट खिलाड़ियों और उनके कोचों को सम्मानित किया जाएगा।

गुरुवार को मोहराबादी मैदान स्थित निजी रेस्टोरेंट में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उम्मीद फाउंडेशन के कोर कमेटी ने पुरस्कृत होने वाले खिलाड़ियों के नाम की घोषणा की। इस बार कुल पांच श्रेणी में पुरस्कार दिए जायेंगे। इनमें जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न पुरस्कार, जयपाल सिंह खेल पुरस्कार, गुरु सिलवानुस डुंगडुंग पुरस्कार, गुरु द्रोणाचार्य अवॉर्ड, झारखंड खेल रत्न पुरस्कार आदि शामिल हैं। इस मौके पर फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष रितेश उरांव ने बताया कि इन पुरस्कारों का उद्देश्य उन खिलाड़ियों को पहचान और प्रोत्साहन देना है, जिन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में झारखंड का नाम रोशन किया है। इस कार्यक्रम में राज्य के खिलाड़ियों, कोच एवं खेल को बढ़ावा देने वाली संस्थाओं को पुरस्कृत किया जाएगा। संस्था के खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रदीप मिर्धा ने कहा कि उम्मीद फाउंडेशन हर साल ऐसे खिलाड़ियों को सम्मानित करता है, जिन्होंने खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। झारखंड में खेलों की अपार संभावनाएं हैं, और हमारी संस्था इन प्रतिभाओं को निखारने के लिए लगातार प्रयासरत है। फाउंडेशन की महिला विंग की केंद्रीय अध्यक्ष संगीता तिर्की ने कहा कि हमारी महिला खिलाड़ियों ने न केवल राज्य बल्कि पूरे देश का मान बढ़ाया है। उम्मीद फाउंडेशन महिलाओं को खेल के प्रति जागरूक करने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए विशेष प्रयास कर रहा है।

संभल के विवादित जामा मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट कोर्ट में पेश

एजेंसी

मुरादाबाद । उत्तर प्रदेश के संभल जिले के विवादित जामा मस्जिद और हरिहर नाथ मंदिर मामले में गुरुवार को न्यायालय द्वारा नियुक्त एडवोकेट कमिश्नर रमेश सिंह राघव ने लगभग 40 पन्नों की सर्वे रिपोर्ट सिविल जज सीनियर डिवीजन की कोर्ट में पेश की। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर यह रिपोर्ट पेश की गयी है।

एडवोकेट कमिश्नर राघव ने पत्रकारों को बताया कि सर्वे जिला कोर्ट के

निर्देश पर किया गया है। उन्होंने पुलिस प्रशासन की टीम के साथ 19 नवंबर को शाही जामा मस्जिद में प्रथम सर्वे किया था। रात का समय और भीड़ को देख सुरक्षा कारणों से उस दिन सर्वे कार्य को बीच में ही स्थगित कर दिया गया था। इसके बाद दूसरा सर्वे 24 नवंबर को किया गया। सर्वे के दौरान एकत्रित किए गए फोटो, वीडियो और मौके पर मिले तथ्यों आदि के साथ तैयार रिपोर्ट सील बंद लिफाफे में सिविल जज सीनियर डिवीजन के कोर्ट में आज प्रस्तुत कर दिया गया। हमने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सर्वे रिपोर्ट सील बंद लिफाफे में पेश की है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश तक यह रिपोर्ट खोली नहीं जाएगी।

रांची के सदर सीओ घूस लेते गिरफ्तार

रांची सं । भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) लगातार भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को रांची एसीबी की टीम ने कार्रवाई करते हुए रांची के सदर सीओ मुंशी राम को घूस लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए डीजीपी अनुराग गुप्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खाता संख्या-150 खेसरा संख्या -415 बी मौजा सिरम टोली चुटिया थाना नंबर-210 शहर अंचल कुल रकबा 3 कट्ठा 08 छटाक जमीन अपर चुटिया, सरदार गली भट्ठी टोली में है। उस जमीन का सीमांकन कराने के लिए सीओ मुंशी राम के द्वार दो बार फीस ली गई लेकिन सीमांकन नहीं कराया गया। इसी दौरान बीते 27 दिसंबर को मुंशी राम द्वारा अपने मोबाइल से परिवादी के मोबाइल पर फोन कर सिरम टोली चौक बुलाया गया और उस जमीन का सीमांकन कराने के एवज में 37 हजार रुपये रिश्वत की मांग की गई। परिवादी रिश्वत देकर काम नहीं कराना चाहते थे जिसके बाद इसकी शिकायत एसीबी से की गई। एसीबी की टीम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए सीओ को 37 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद एसीबी की टीम ने सीओ के घर पर भी छापेमारी की, जहां से 11.42 लाख रुपये बरामद किए गए। डीजीपी ने बताया कि वर्ष 2024 का यह 11वां ट्रैप केस है।

राज्यपाल से डीजी अनिल पालटा सहित अन्य अधिकारियों ने की मुलाकात

रांची । राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को राजभवन में महानिदेशक, गृह रक्षा वाहिनी और अग्निशमन सेवाएं अनिल पालटा ने भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने भी अनिल पालटा को नए साल की शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा राज्यपाल से उद्योग विभाग के सचिव जितेन्द्र कुमार और मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की सुमन पाठक ने राजभवन में भेंट की। राज्यपाल को छह जनवरी को आयोजित ÷राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25÷ के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। वहीं दूसरी ओर राज्यपाल से कुरमाली भाषा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा राम महतो के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर शिष्टमंडल ने राज्यपाल को विभिन्न मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा।

न्यू ईयर सेलिब्रेट करने रांची गया फल विक्रेता, लाखों रुपए की संपत्ति हो गई चोरी

रामगढ़ । न्यू ईयर सेलिब्रेशन में आम नागरिक व्यस्त थे और रामगढ़ शहर में चोर उनके घरों को अपना निशाना बना रहे थे। शहर के कोयरीटोला में एक फल विक्रेता के घर को भी चोरों ने खाली कर दिया। उसके घर से लाखों रुपए के जेवर और 48 हजार नगद रुपये चोरी कर लिए गए। इस मामले में घर के मालिक राजेश कुमार ने गुरुवार को रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उसने बताया कि उसकी पत्नी सुगंधा देवी 27 दिसंबर को अपने मायके बुंडू रांची गई हुई थी। एक जनवरी को नए साल का सेलिब्रेशन करने वह भी अपनी पत्नी के पास गया था। गुरुवार की सुबह राजेश के पिता जब उसके घर में पहुंचे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है। राजेश ने तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी। उसने बताया कि उसके घर से 48000 नगद और लगभग चार लाख रुपए की जेवर चोरी हुए हैं। इसके अलावा एलईडी टीवी और कीमती बर्तन भी चोरों ने उड़ा लिया है। चोरी के जेवर में दो पीस सोने का हार, कान का झुमका, नथिया, मांग टीका, मंगलसूत्र, सोने का लॉकेट, सोने की अंगूठी, चांदी का पायल तीन जोड़ा शामिल है।

महाराष्ट्र से एसडीएम के नाम से आया लेस्लीगंज बीडीओ को कॉल, खाते में मांगे पैसे

पलामू । जिले के नीलांबर पितांबरपुर-लेस्लीगंज के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी सुनील कुमार सिंह को कॉल करके खाते में पैसे मांगे गए। फोन करने वाले शख्स ने खुद को एसडीएम बताया और खाता नंबर भेजने की बात कहते हुए पैसे ट्रांसफर करने को कहा। लगातार 10 बार कॉल आने पर बीडीओ सह सीओ ने इसकी जानकारी थाना प्रभारी को दी और जांच कर कार्रवाई करने को कहा है। थाना प्रभारी की जांच में पता चला है कि बीडीओ सह सीओ को महाराष्ट्र से कॉल किया गया था। पूरे मामले की जांच तेज कर दी गयी है। नीलांबर पितांबरपुर-लेस्लीगंज के बीडीओ सह सीओ को गुरुवार को एक ही नंबर से लगातार 10 बार कॉल आया।बीडीओ सह सीओ सुनील कुमार सिंह ने तत्काल इसकी सूचना थाना प्रभारी को दी एवं कार्रवाई करने को कहा। बीडीओ सह सीओ ने बताया कि मोबाइल नंबर 9955856779 से सुबह 8 बजे से 10 के बीच में लगभग 10 बार कॉल आया और कॉल करने वाले व्यक्ति ने अपने आप को एसडीएम बताया और कहा कि तुम बीडीओ नीलांबर पितांबरपुर बोल रहे हो न, मैं एसडीएम बोल रहा हूं, मैं खाता नंबर भेज रहा हूं, उसमें पैसे डालो।

पुआल गांज में सो रहे अधेड़ की झुलसने से मौत

लोहरदगा । कुडू थानाक्षेत्र के जामुनटोला गांव में एक दिल दहलाने वाली घटना घटी। जब ठंड से बचाव को लेकर पुआल से बने कुंबा में सो रहें अधेड़ की पुआल गांज में आग लगने के बाद झुलसने से मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में करते हुए पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया है। बताया जाता है कि कुडू अखराटोली निवासी पंचम उरांव ठंड से बचाव को लेकर जामुनटोला खलिहान में बने पुआल के कुंबा मे सोया हुआ था। पुआल गांज के बगल में आग जलाया गया था। अचानक बुधवार देर रात कुंबा के बगल मे जलाएं गए आग की लपटें कुंबा तक पहुंच गई तथा कुंबा में आग लग गया ।

दो सड़क हादसों में दो युवकों की मौत

गिरिडीह । जिले के निमियाघाट थाना क्षेत्र में गुरुवार को दो अलग- अलग सडक हादसों में दो युवकों की मौत हो गई। पहली घटना निमियाघाट थाना के ईसरी बाजार में कलाली रोड के समीप की है। बताया गया कि टीएमटी छड़ लोडेड ट्रेलर ने एक मारुति ओमनी को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मारुति सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान ईसरी बाजार के रहने वाले चीकू पंडित (30) के रूप में की गई है । वहीं दूसरी घटना डुमरी के असुरबांध के समीप हुई। जहां एक अज्ञात गाड़ी के टक्कर से बाइक चालक पीयूष महतो (19) की मौत हो गई।मृतक नावाडीह के कुरपनिया गांव का रहने वाला था । पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस दोनों मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

राज्यस्तरीय मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम 6 जनवरी को आर्मी ग्राउंड, नामकुम में होगा

संवाददाता

रांची । राज्यस्तरीय मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम दिनांक 06 जनवरी को खोजाटोली, नामकुम स्थित आर्मी ग्राउंड में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में बैठक आयोजित की गयी। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को उचित व आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि ससमय पूरी तैयारी सुनिश्चित करें।बैठक के दौरान उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा कार्यक्रम स्थल पर पंडाल, मंच निर्माण, अतिथियों/लाभुकों के लिए भोजन-पेयजल, सुरक्षा, पार्किंग आदि व्यवस्था की बारीकी से जानकारी ली। दूसरे जिलों से आनेवाले लाभुकों के लिए चिन्हित स्थानों पर अधीनस्थ कर्मियों की प्रतिनियुक्ति कर भोजन/पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया। नगर निगम के संबंधित पदाधिकारी को उपायुक्त ने पर्याप्त संख्या में चलंत शौचालय की व्यवस्था एवं कार्यक्रम के दौरान और बाद में साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान साफ-सफाई के लिए टीम की प्रतिनियुक्ति करें।राज्य सरकार की महत्वकांक्षी मंईयां सम्मान योजना के राज्यस्तरीय कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। योजना के तहत राज्य की 56 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खाते में दिसंबर माह से बढ़ी हुई 2500 रूपए की सम्मान राशि ऑनलाइन ट्रांसफर की जायेगी। पहले यह समारोह 28 दिसंबर को होने वाला था, लेकिन देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्री मनमोहन सिंह के निधन के बाद राज्य में सात दिनों के राजकीय शोक के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था।

मोबाईल चोरी के संदेह में युवक को ग्रामीणों ने पकड़कर खंभे से बांधा, पुलिस कर रही पूछताछ

दुमका । नगर थाना क्षेत्र के पुराना दुमका स्थित जरूवाडीह मुहल्ले में गुरुवार को स्थानीय लोगों ने एक कथित मोबाइल चोर को पकड़ कर बिजली के खंभे में बांध दिया। इसकी सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच और कथित मोबाइल चोर युवक को लेकर नगर थाना पहुंची। जानकारी के जरूवाडीह के लोग आए दिन मोबाइल चोरी की घटना से परेशान थे। बताया जा रहा है कि जरूवाडीह निवासी विशाल कुमार राम बुधवार को चोरी की नीयत से गांव के संतोष मल्लाह के घर में घुस गया था। घर के लोगों की नजर उस पर पड़ गई और उसे पकड़ लिया। लेकिन घर वालों को चकमा देकर वह फरार होने में कामयाब हो गया। गुरुवार को कथित मोबाइल चोर विशाल संतोष के दुकान पर पहुंच गया। दिखावे के लिए तो वह संतोष से कल की घटना पर माफी मांगने पहुंचा था। लेकिन अपने साथ धारदार हथियार (गड़ासा) लेकर पहुंचा था। बात बढ़ता देख वहां लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और लोगों की नजर उसके कमर में रखे गड़ासा पर चली गई। यह देख स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ कर बिजली के खंभे में बांध दिया। जिसकी सूचना नगर थाना को दी गई। सूचना पर नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच कथित चोर को अपने साथ लेकर नगर थाना पहुंची। फिलहाल पुलिस आरोपित युवक से पूछताछ कर रही है।

पिकअप वैन लूटने वाले तीन अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार,दो की तलाश जारी

रांची संवाददाता । रांची के तुपुदाना इलाके से पिकअप वैन लूटने वाले तीन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रांची का नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि पूछताछ के क्रम में पता चला है कि हथियार के बल पर इन्होंने ललगुटुआ पुल के पास से एक मोटरसाइकिल की छीनतई की है। इसके अलावा लालपुर इलाके से इन्होंने स्कूटी भी चोरी की थी जिसे बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार 3 अपराधियों के निशानदेही पर दो अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।सीटी एसपी ने बताया कि तीनों के पास से एक स्कूटी, एक पिकअप वैन एक हथियार और एक मास्टर चाबी बरामद की गई है।

प्रदेश कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की स्मृति में सर्वधर्म प्रार्थना सभा की

रांची । प्रदेश कांग्रेस ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की स्मृति में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप कु. बलमुचू, विधायक सोना राम सिंकू, निशात आलम, सुरेश बैठा, पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि सर्वधर्म प्रार्थना सभा की शुरुआत स्व मनमनोहन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद सिख समुदाय के जरिये गुरूवाणी का पाठ कर अरदास किया गया और बजरंग बली मंदिर से आये ब्राह्मणों ने स्वाति वाचन तथा मदीना मजिस्द के इमाम साहब ने मुल्क तेलावते कुर्रान के साथ दुआ किया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह सादगी, सरलता, साम्यता के प्रतीक थे, जिन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया था। उनके कार्यकाल में कई कल्याणकारी कार्य हुए। कांग्रेस विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में डॉ. मनमोहन सिंह ने देश का नेतृत्व शांति, दृढ़ संकल्प और असाधारण बुद्धिमत्ता के साथ किया। उनका कार्यकाल निरंतर आर्थिक वृद्धि, वैश्विक पहचान और सामाजिक प्रगति से चिह्नित था। उन्होंने 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के दौरान भारत को इस संकट से बचाने के लिए रणनीतिक उपाय किए। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि डॉ. सिंह की समावेशी विकास, अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और आर्थिक आधुनिकीकरण के प्रति प्रतिबद्धता ने भारत की वैश्विक स्थिति को मजबूत किया ।

असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट ने झरिया में लगाया कैंसर जागरूकता शिविर

धनबाद ।असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट ने गुरुवार को झरिया के जोरापोखर क्षेत्र में कैंसर जागरूकता, स्क्रीनिंग सह निश्शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया।कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति स्थानीय लोगों को जागरूक करने और उन्हें निशुल्क चिकित्सा सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में असर्फी हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने कैंसर के शुरुआती लक्षणों, निदान और उपचार के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कैंसर स्क्रीनिंग के माध्यम से लोग अपनी स्वास्थ्य की स्थिति का मूल्यांकन कर सकें।कैंसर स्क्रीनिंग के अलावा स्वास्थ्य संबंधी अन्य परामर्श भी प्रदान किए गए। शिविर के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया गया कि कैंसर जैसी बीमारी की जल्दी पहचान और उपचार कर जीवन को बचा सकते हैं।

पटना से आनंद विहार, गया से कोयंबत्तूर, मुजफ्फरपुर से पुणे सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

हाजीपुर । 02.01.2025 रेल यात्रियों की सुविधाजनक आवागमन हेतु पटना से आनंद विहार टर्मिनस, गया से कोयंबत्तूर तथा मुजफ्फरपुर से पुणे एवं सिकंदराबाद के मध्य स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। इसके साथ ही मुजफ्फरपुर से उधना के लिए एक वन-वे स्पेशल का भी परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है - 1. गाड़ी सं. 03255/03256 पटना-आनंद विहार टर्मिनस-पटना स्पेशल ट्रेन- गाड़ी संख्या 03255 पटना-आनंद विहार टर्मिनस एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन का परिचालन 02.01.2025 से अगले आदेश तक (दिनांक 12.01.2025, 30.01.2025, 02.02.2025 एवं 13.02.2025 को छोड़कर) पटना से रविवार एवं गुरूवार को आनंद विहार टर्मिनस के लिए किया जाएगा । पटना से यह स्पेशल ट्रेन 22.20 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 18.35 बजे आनंद विहार टर्मिनस पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 03256 आनंद विहार टर्मिनस-पटना एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन का परिचालन 03.01.2025 से अगले आदेश तक (दिनांक 13.01.2025, 31.01.2025, 03.02.2025 एवं 14.02.2025 को छोड़कर) आनंद विहार टर्मिनस से प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को पटना के लिए किया जाएगा । आनंद विहार टर्मिनस से यह स्पेशल ट्रेन 23.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 18.35 बजे आनंद विहार टर्मिनस पहुंचेगी । अप एवं डाउन दिशा में यह ट्रेन दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज जं तथा गोविंदपुरी स्टेशनों पर रुकेगी । 2. गाड़ी सं. 03679/03680 गया-कोयंबत्तूर-गया साप्ताहिक स्पेशल (प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-नागपुर-वरंगल-विजयवाड़ा-काटपाडी-सेलम के रास्ते) - गाड़ी सं. 03679 गया-कोयंबत्तूर साप्ताहिक स्पेशल का परिचालन 04.01.2025 से अगले आदेश तक (दिनांक 11.01.2025, 25.01.2025, 01.02.2025 एवं 08.02.2025 को छोड़कर) गया ।

पुजारी के घर हुई डकैती मामले मे दो गिरफ्तर

गिरिडीह । गिरिडीह पुलिस ने धनवार थाना क्षेत्र में बोते 31 दिसम्बर की रात में राजा मंदिर के पुजारी चन्द्रिका पांडेय के घर हुई डकैती कांड का खुलासा कर दिया है। इस मामले में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) जिला के गांधी नगर बागबेड़ा निवासी रोहित कुमार शर्मा उर्फ टुटु विश्वकर्मा और आकाश मिश्रा शामिल है। इनके पास से पुलिस ने एक देशी पिस्टल, दो गोली, एक देशी कट्टा, एक गोली, दो मोबाईल और चार हजार नगद रुपये नकद बरामद किये गये हैं। एसपी डॉक्टर विमल कुमार ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपितों ने अपना स्वीकारोक्ति बयान में अपना-अपना दोष स्वीकार किया है। साथ ही यह भी बताया कि बीते आठ दिसंबर को धनवार थाना क्षेत्र के नकटीटांड़ मोदी के घर में लूट की घटना को भी इन्ही लोग के जरिये हीं अंजाम दिया गया था। उनके स्वीकारोक्ति बयान पर धनवार थाना में मामले का काण्ड दर्ज किया गया था। काण्ड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। बताया गया कि छापेमारी टीम में एसडीपीओ खोरीमहुआ और इंपेक्टर जमुआ के अलावे थाना प्रभारी धनवार सत्येन्द्र कुमार पाल, थाना प्रभारी जमुआ मणिकान्त कुमार, थानाप्रभारी हीरोडीह धर्मेन्द्र अग्रवाल, धनवार थाना के पुलिस अवर निरिक्षक रविन्द्र कुमार, सहायक अवर निरिक्षक अशोक मण्डल ।

तीन महीने में आरओ वाटर प्लांट संचालकों को लेना होगा लाइसेंस

रांची । रांची नगर निगम क्षेत्र में आरओ वाटर प्लांट संचालकों को अब तीन माह के अंदर यानि दो अप्रैल तक लाइसेंस लेना होगा।नहीं तो आर्थिक दंड के साथ प्लांट को भी सील कर दिया जाएगा।गुरुवार को रांची नगर निगम ने इसका आदेश जारी कर दिया।जारी आदेश में कहा गया है कि नगर निगम क्षेत्र में आरओ प्लांट के लिए नियामवाली का गठन कर लिया गया है।बिना रजिस्ट्रेशन के प्लांट स्थापित करने और संचालन करने पर आर्थिक दंड के साथ प्लांट भी सील कर दिया जाएगा।प्लांट स्थापित करने के लिए 5000 रुपए अनुज्ञप्ति शुल्क के साथ वार्षिक शुल्क के रूप में एकमुश्त 20 हजार रुपए देने होंगे।

बच्चों से मोबाइल चोरी कराने और भीख मंगवाने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार

रांची । रांची पुलिस ने मोराबादी स्थित बापू वाटिका के समीप एक बच्चे को चोरी के मोबाइल के साथ बरामद किया है।बच्चे की निशानदेही पर चोरी के काम में लगे दो अन्य बच्चों को पुलिस ने बरामद किया है।बच्चे की निशानदेही पर उस शख्स को भी गिरफ्तार किया गया है जो बच्चों से मोबाइल चोरी करवाता था। रांची के नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने गुरुवार को रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि शिवजी महतो नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मूल रूप से शिवजी महतो साहिबगंज का रहने वाला है। वह साहिबगंज से बच्चों को रांची में लाता था और उनसे खादी मेले और अन्य मेलों से जहां लोगों की भीड़भाड़ होती है मोबाइल चोरी करवाता था।शिवजी महतो बच्चों से रांची में भीख भी मंगवाता था। शिवजी महतो के दूसरे साथी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस अभियान चला रही है।मोबाइल चोरी के मामले में कुल 31 मोबाइल बरामद किए गए हैं।

चोरों ने ज्वेलरी शॉप में की चोरी

रांची । राजधानी रांची में चोरों ने ज्वेलरी शॉप में चोरी की एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है। बुधवार गुरुवार की रात डिबडीह बाइपास रोड के समीप श्रीकृष्णा ज्वेलर्स में चोरी की घटना हुई है। चोरों ने पहले बगल की दुकान काटी फिर उस दुकान के रास्ते घुस कर श्रीकृष्णा ज्वैलर्स की दुकान में चोरी की है। घटना की जानकारी मिलने के साथ ही गुरुवार को मौके पर हटिया डीएसपी प्रमोद मिश्रा पहुंचे। घटना की जानकारी लेने के बाद डीएसपी ने कहा कि मामले की जांच के लिए फॉरेंसिक टीम और स्निफर डॉग की मदद ली गई है। मामले का बहुत जल्द उद्वेदन करते हुए चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं दुकान मालिक गोपाल सोनी के माने तो का लगभग 10 से 15 लाख रुपए के गहने और सीसीटीवी कैमरे की चोरी हुई है।

सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, तीन घायल

चतरा । हंटरगंज प्रखंड के प्रतापपुर मोड़ पर गुरुवार को पिकअप के चपेट में आने से मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक की मौत हो गई। दुर्घटना में एक महिला सहित दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृत युवक की पहचान पांडेपुरा के स्टालिन नगर गांव निवासी गुर्जर भारती के पुत्र कुंदन भारती (18) के रुप में की गयी है। जबकि घायलों में गुड्डू भारती, हरि कुमार और उसकी पत्नी शोभा देवी घायल हैं। पुलिस के जरिये सभी घायलों को हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। वहीं गंभीर चोट रहने के कारण तीनों को गया मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। मृत युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया गया है।

मजदूर ने फांसी के फंदे से झूल कर ली आत्महत्या

गिरिडीह । जिले कब बेंगाबाद थाना क्षेत्र के छोटकी खरगडीहा के हरखुडीह गांव में देर रात एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक 35 वर्षीय अमेरिका भोक्ता था। जो अपने ससुराल में ही घर जमाई बन कर रहता था। घटना की सूचना मिलने पर सुबह स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद वर्मा, समाजसेवी बाबूचंद साव के अलावा बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह, एसआई उदय नारायण सिंह सदलबल घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु गिरिडीह भेज मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। मृतक की पत्नी तरवा देवी ने आत्महत्या का कारणों पर अनभिज्ञता जाहिर करते हुए थाना में एक आवेदन दी। जिसके आधार पर थाना कांड संख्या 01/2025 के तहत यूडी केस दर्ज कर लिया गया है।

हाई कोर्ट से दीपक प्रकाश को राहत, कांके थाना में दर्ज एफआईआर निरस्त

रांची । हाई कोर्ट से भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश को गुरुवार को बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उनके खिलाफ रांची एमपी-एमएलए कोर्ट की कार्रवाई को खत्म कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने सांसद दीपक प्रकाश के खिलाफ कांके थाना में दर्ज एफआईआर को निरस्त कर दिया है। जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई। कांके के सुकुरहुरटू इलाके में किसान आंदोलन से जुड़े मामले को लेकर दीपक प्रकाश और पूर्व विधायक समरी लाल सहित अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। उक्त लोगों के खिलाफ कांके थाना में कांड संख्या 141/2021 दर्ज की गयी थी। यह मामला जून 2021 का है। प्राथमिकी में आरोप है कि दीपक प्रकाश, समरी लाल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के विरुद्ध धरना प्रदर्शन कर कई मांग की थी, जिसमें उन्होंने किसानों का ऋण माफ हो, फसल की उचित कीमत मिले, बीज की उपलब्धता को राज्य सरकार उपलब्ध कराए आदि बातों का उल्लेख किया था। हाई कोर्ट से प्राथमिकी निरस्त होने के बाद दीपक प्रकाश इस मामले से बरी हो गये हैं।

दुकानदार हुआ साइबर फ्रॉड का शिकार, खाते पर लगा होल्ड

पलामू । साइबर अपराधी एक से बढ़कर एक हथकंडा अपना कर भोले भाले लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। अब दिनदहाड़े दुकानों में पहुंचकर दुकानदार के खाते में पैसे डलवा रहे हैं और उन्हें फ्रॉड का शिकार बना ले रहे हैं। एक ऐसा ही मामला पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र से सामने आया है। जहां दुकानदार साइबर अपराधी के झांसे में आकर फ्रॉड का शिकार हो गया। पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम महुगांई निवासी अनूप कुमार रजक साइबर फ्रॉड का शिकार हो गए। अनूप कुमार रजक ने गुरूवार को बताया कि उन्हें सगालीम बस स्टैंड में अनूप टेलीकॉम नाम से दुकान है। वह दुकान में पैसों की जमा निकासी भी करते हैं। 29 दिसम्बर रविवार सुबह 10 बजे एक अज्ञात व्यक्ति ग्राहक बनकर आया और बोला कि किसी दूसरे जगह से आपके खाते में 24000 रुपए पैसे डलवाने है, कितना चार्ज लगेगा। दुकानदार अनूप ने उससे एक हजार में दस रुपए चार्ज लगने की बात कही। पैसे डलवाने के लिए उसने दुकानदार से बैंक खाते का स्कैनर लिया। 10.18 बजे दुकानदार के खाते में 24000 रुपए आ गए। उक्त व्यक्ति ने उनसे 24000 कैश लिया और 240 रुपए उन्हें देकर चला गया। दुकानदार अनूप ने बताया कि पैसे डलवाने वाले व्यक्ति को नहीं पहचानते। 2 जनवरी गुरुवार को उनके मोबाइल पर 24000 रुपए होल्ड होने का मैसेज आया। तत्काल बैंक जाकर जानकारी ली तो पता चला कि 24000 रुपए का होल्ड लगा हुआ है। लखनऊ से लगाया गया है। 29 दिसंबर को साइबर अपराधी का पैसा खाते में आया है। इसी कारण होल्ड लगा है।

चतरा राइफल क्लब के निशानेबाज एसजीएफआई राष्ट्रीय खेलों के लिए रवाना

चतरा । राइफल शूटिंग क्लब के निशानेबाज एसजीएफआई राष्ट्रीय खेलों के लिए रवाना हो गए हैं। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता भोपाल में 2 जनवरी से 8 जनवरी 2025 तक आयोजित होगी। चतरा राइफल क्लब के निशानेबाज जो प्रतिभा दिखाएंगे पिस्टल शूटर सौम्या वाणी ओपन साइट राइफल मोहम्मद नौफिल रहमान सृष्टि दर्पण पीप साइट राइफल फरहान अख्तर इसके अलावा, टन्नू वर्मा और पृथ्वी राज पांडे भी झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। ये सभी खिलाड़ी चतरा राइफल शूटिंग क्लब से जुड़े हुए हैं और इनका चयन खेलो झारखंड खेलो के तहत किया गया है। क्लब के निदेशक नितीश कुमार ने अपनी टीम पर भरोसा जताते हुए कहा कि ये सभी खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।

ग्राम पंचायत के साहजकर्ता का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

संताल एक्सप्रेस। कुंडहित (जामताड़ा)गुरुवार को कुंडहित प्रखंड सभागार में ग्राम पंचायत के साहजकर्ता का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। जिला पंचायतीराज के निर्देशानुसार सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत ग्राम पंचायत विकास योजना 2024-25 के निर्माण के लिए पंचायत साहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत की गई। मौके पर पीटीआई के मास्टर प्रशिक्षक अनुप मंडल ने बताया कि पंचायत विकास योजना निर्माण के लिए साहजकर्ता दल के सभी सदस्यों में पंचायत सचिव, मुखिया, वार्ड सदस्यों , जेएसएलपीएस कर्मियों आदि को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ताकि इनके द्वारा ग्राम स्तर पर ग्राम सभा कर योजनाओं का चयन किया जा सके। कार्यक्रम का लक्ष्य मुख्य रूप से गरीबी मुक्त व उन्नत आजीविका पंचायत , स्वस्थ व स्वच्छ पंचायत, बाल हितैषी पंचायत, जल पर्याप्त व हरित पंचायत, महिला हितैषी व सुशासीत पंचायत समेत कुल 9 विषयों को प्राप्त कर पंचायत को सशक्त बनाना है। इस दौरान प्रशिक्षक दिबराज तिवारी ने प्रोजेक्टर के माध्यम से मौजूद लोगों को योजना निर्माण के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रखंड के 15 पंचायतों को दो भागों में बांटकर बैंच 01 में सात पंचायत तथा बैंच 02 में आठ पंचायत का टीम बनाते हुए तीन दिनों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मौके पर बीपीआरओ परमेश्वर रजक, प्रफुल्ल माजि, प्रशिक्षक अनुप मंडल, देबराज तिवारी तथा सभी पंचायत के मुखिया , पंचायत सचिव रोजगार सेवक आदि प्रशिक्षण में उपस्थित थे।

घर का ताला तोड़ कर लगभग तीन लाख के जेबर की चोरी

मेहरमा संवाददात । बलबड्डा थाना क्षेत्र के ग्राम कमरगामा- कुमरडोय निवासी सिकन्दर शर्मा व्यवसायी के घर अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। बताया जाता है कि शर्मा अपने सपरिवार के साथ बुधवार को नया साल मनाने के लिए अपने रिश्तेदारों के घर गया हुआ था। तभी देर रात्रि अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़ कर घर मे रखा जेबर,नगद रूपये लेकर फरार हो गया। इधर शर्मा ने बताया कि जब मैं अपने रिश्तेदारों के घर नया साल मना कर वापस घर आये तो देखा कि घर का ताला तुटा हुआ था। दुकान मे रखा बीस हजार रुपये, व घर के अंदर रखा जेबर, नगद लगभग तीन लाख की समपति की चोरी कर ले गया है। इधर पीड़िता ने बलबड्डा थाना पहुंच कर घटना की जानकारी दी। शर्मा के लिखित व्यान के आधार पर बलबड्डा पुलिस ने मामले को दर्ज कर आगे की कार्रवाई मे जुट गई है।

डीडीसी ने खजुरी पंचायत में किया बागवानी एवं अबुआ आवास का निरीक्षण

कुंडहित (जामताड़ा) । गुरुवार को उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार ने कुंडहित प्रखंड के खजूरी एवं कुंडहित पंचायत के विभिन्न गांवों में मनरेगा के तहत संचालित बिरसा हरित ग्राम योजनाओ एवं अबुआ आवास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अबुआ आवास के लाभुकों को समय से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं संचालित बागवानी में हो रहे कार्यों की जांच की। उन्होंने लाभुकों को प्रेरित करते हुए कहा कि आम बागवानी योजना व्यक्तिगत लाभ योजना है। अगर आप इसे ठीक से बागवानी करते हैं तो आने वाले समय में यह योजना आपके लिए आय वर्द्धक सिद्ध होगी। आपको इससे सालाना आमदनी हो सकती है। वही आम बागवानी ने पौधे के नीचे साफ सफाई के साथ समय समय पर पानी देने एंव दवाई, फर्टिलाइजर देने का भी निर्देश दिया गया।वही आम बागवानी के अंदर सरसों की खेती देखकर काफी खुश हुए। साथ ही कहा किसान इस तरह बागवानी के अंदर खेती करें तो विभिन्न तरह की लाभ मिलेगा। एक तो पौधे सुरक्षा के साथ पौधे पर नियमित पटवन होगा। मौके पर डीडीसी के अलावे बीडीओ जमाले रजा, कनीय अभियंता वकील मरांडी, बीपीओ उज्जवल घोष,पंचायत सचिव, रोजगार सेवक आदि उपस्थित थे।

5 जनवरी को सोहराय मिलन समारोह का होगा आयोजन

फतेहपुर, (जामताड़ा)। गुरूवार को भाजपा आदिवासी मोर्चा के द्वारा फतेहपुर डाक बंगला मैदान में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा आदिवासी मोर्चा के जिला अध्यक्ष मंगल सोरेन ने किया। बैठक में बताया गया कि 5 जनवरी (रविवार) को फतेहपुर स्थित डाक बंगला मैदान में सोहराय मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वही कार्यक्रम को लेकर रणनीति एवं तैयारी की रूपरेखा बनाई गई। कार्यक्रम में आदिवासी सोहराय नृत्य और पारंपरिक गीत का भी समागम होगा। बैठक में अबिता हाँसदा, शिव ठाकुर सोरेन, सेलेश हेम्ब्रम, दारासिंह हेम्ब्रम, सोना मुनी हेम्ब्रम, सामलाल टुडू, विशु कोल, साधु पूजहर, रामानंद यादव आदि उपस्थित रहे।

हिंदुस्तान पीपुल्स पार्टी डेमोक्रेटिक का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

मिहिजाम। हिंदुस्तान पीपुल्स पार्टी डेमोक्रेटिक का 5वां स्थापना दिवस और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप यादव का जन्मदिन मिहिजाम स्थित पार्टी कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप यादव ने कहा कि पार्टी का मुख्य उद्देश्य देश के विकास और लोगों के हितों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि पार्टी दिल्ली और बिहार विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार उतारने का फैसला लिया गया है। पार्टी के सदस्यता अभियान की शुरुआत भी इस अवसर पर की गई। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप यादव ने कहा कि सदस्यता अभियान के बाद फरवरी में पार्टी के सभी स्तर के संगठनात्मक चुनाव कराने का फैसला लिया गया है। इस अवसर पर पार्टी के अन्य पदाधिकारी मंजीत कुमार, जनार्दन यादव, अनिल यादव, हरेराम यादव, मो नाश्रिउद्दीन शाह, विमल विश्वास, नूर मोहम्मद, गौतम सोनी, शिवनंदन, मुबारक खान, मो मुश्लिम खान उर्फ मुखिया जी, दीपक रजक, राजू ठाकर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। इस अवसर पर कार्यक्रम सचिव जनार्दन यादव ने बताया कि इस अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप यादव को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पार्टी का मुख्य उद्देश्य देश के विकास और लोगों के हितों की रक्षा करना है। इस तरह हिंदुस्तान पीपुल्स पार्टी डेमोक्रेटिक का 5वां स्थापना दिवस और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया।

जिम्नास्टिक खेल में जिले से 06 खिलाड़ी सूरत शहर में दिखाएंगे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

जामताड़ा । जिम्नास्टिक फैडरेशन और इंडिया के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता 2024 का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय इनडोर स्टेडियम सूरत में 02 जनवरी से 04 जनवरी 2024 तक आयोजित की गई हैं। जिसमें झारखंड राज्य जिम्नास्टिक संघ द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जामताड़ा के कुल 06 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता में किया गया। सभी खिलाड़ी देर रात ट्रेन से सूरत के लिए रवाना हुए। वही जानकारी देते हुए सचिव राजीव साव ने बताया की जिमनास्टिक एक प्रकार का खेल है जिसमें संतुलन , शक्ति , लचीलापन , चपलता , समन्वय , कलात्मकता और धीरज की आवश्यकता वाले शारीरिक व्यायाम शामिल हैं।जिमनास्टिक में शामिल गतिविधियाँ हाथ, पैर,

कंधे, पीठ, छाती और पेट की मांसपेशी समूहों के विकास में योगदान करती हैं। सभी खिलाड़ियों को जिला में 10 दिनों का कैंप लगा कर कोच के द्वारा खिलाड़ियों को स्किल्स और तकनीकी जानकारी दिया गया हैं जिससे खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर उम्दा प्रदर्शन कर सकें जिला से चयनित खिलाड़ी की सुची अंकन घोष, अनुराधा बाउरी, दीप्तायन घोष, आदर्श प्रसाद, अभिषेक बाउरी, सुजय बाउरी, कोच विनय बिस्वास, अरुण घोष, रंजन प्रसाद सरुप बिस्वास ने खिलाड़ियों को बधाई दी। मौके पर मौजूद स्विमिंग संघ के जिला सचिव देवाशीष मुखर्जी, सरोज यादव, एथलेटिक्स कोच छोटे लाल कामत, कौशिक कुमार, विवेक रजक, राजीव साव।

गरीबों को गर्म कपड़ा बांटने के साथ विधायक प्रदीप यादव ने की नए वर्ष की शुरुआत

गोड्डा । झारखंड में कांग्रेस विधायक दल के नेता सह पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव ने 2025 के नए वर्ष की शुरुआत गरीबों को कंबल बांटकर की। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विधायक सह कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने नववर्ष की शुरुआत बाबा सिंहेश्वर नाथ धाम में माथा टेकने के बाद आसपास के क्षेत्र के लगभग 1000 जरूरतमंद बुजुर्गों के बीच कंबल वितरण कर एवं वनभोज कर किया।इस वनभोज कार्यक्रम में विधायक श्री यादव के साथ गोड्डा के पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) जेपीएन चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, पोड़ैयाहाट के प्रखंड विकास पदाधिकारी फुलेश्वर मुर्मू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ अजीत कुमार यादव महात्मा सहित काफी संख्या में कांग्रसी कार्यकर्ता, स्थानीय ग्रामीण एवं समर्थक मौजूद रहे।बताते चलें कि विधायक श्री यादव जनता के प्रति काफी संवेदनशील रहते आए हैं। जनता के सुख-दुख में साथ रहते आए हैं। यही कारण है कि वर्ष 2000 में पहली बार पोड़ैयाहट से विधायक निर्वाचित होने के बाद विधानसभा चुनाव में उन्हें कभी पराजय का सामना नहीं करना पड़ा है। जिस पार्टी के टिकट पर वह उम्मीदवार बनते हैं, उसी पार्टी के टिकट पर जीत दर्ज करते आए हैं। शुरुआती दो चुनाव में भाजपा टिकट पर विधायक निर्वाचित होने वाले श्री यादव तीन बार झारखंड विकास मोर्चा टिकट पर एवं पिछले बार कांग्रेस टिकट पर विधायक निर्वाचित हुए हैं। गोड्डा जिला के चुनावी इतिहास में श्री यादव लगातार छठी बार विधायक बनने वाले पहले राजनेता हैं।

सदर अस्पताल पहुंचे डीसी नवजात शिशुओं के जन्म पर उनके परिजनों को दी शुभकामनाएं

गोड्डा । उपायुक्त ने नव वर्ष के अवसर पर सदर अस्पताल पहुंच कर नवजात शिशुओं को बेबी केयर किट एवं ठंड से बचाव के लिए परिजनों को कंबल वितरित किया। उन्होंने सदर अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया तथा परिजनों से बातचीत कर शिशुओं के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। सदर अस्पताल में नववर्ष 2025 का आगाज नवजात शिशुओं की किलकारियों के साथ हुआ। नव वर्ष के मौके पर उपायुक्त ने परिजनों से कहा कि आपके बच्चे के आगमन से इस दुनिया में अतिरिक्त प्यार और रोशनी आई है। आशा है कि वे बड़े होकर एक असाधारण जीवन जिएंगे और अद्भुत उपलब्धि हासिल करेंगे। आपकी बेटी ऊपर से भेजा गया एक खूबसूरत तोहफा है। आपके आगे एक जादुई यात्रा है जिसमें आप उसे एक असाधारण युवा महिला बनाने के लिए बड़ा करेंगे। उपायुक्त के द्वारा बताया गया कि नववर्ष पर जन्म लेने वाले सभी बच्चे और उनकी माताएं स्वस्थ्य हैं तथा सदर अस्पताल में एक जनवरी को 25 शिशुओं ने जन्म लिया जिसमें 13 बच्चे और 12 बच्चियां हैं। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, सिविल सर्जन डॉ0 अनंत कुमार झा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह जिला नजारत उपसमाहर्ता श्रवण राम सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मीगण मौजूद थे।

चित्तरंजन में रेल अधिकारी की बाइक चोरी, पुलिस में शिकायत दर्ज

चित्तरंजन। चित्तरंजन में एक रेल अधिकारी की बाइक चोरी हो गई। घटना 1 जनवरी को चित्तरंजन के अजय नदी किनारे हनुमान मंदिर के पास हुई। पीड़ित अधिकारी ने चित्तरंजन थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित अधिकारी रंजित कुमार बर्नवाल चित्तरंजन रेल इंजन कारखाने में सीनियर सेक्शन इंजीनियर हैं। वह 1 जनवरी को अपनी हीरो सुपर स्प्लेंडर बाइक से अजय नदी किनारे घूमने गए थे। शाम 4 बजे के आसपास उन्होंने अपनी बाइक को हैंडल लॉक करके नदी किनारे खड़ा किया और पानी में नहाने चले गए। कुछ देर बाद जब वह वापस आए तो उनकी बाइक गायब थी। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि कुछ अज्ञात लोग उनकी बाइक लेकर चले गए हैं। पीड़ित अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल पर पुलिस की पेट्रोलिंग भी थी, लेकिन इसके बावजूद चोरी हो गई। पीड़ित अधिकारी ने चित्तरंजन थाने में शिकायत दर्ज कराई है और पुलिस से अपनी बाइक की बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

झारखंड विद्यालय रसोइया संयोजिका संघ की प्रखंड स्तरीय बैठक

महागामा । झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका अध्यक्ष संघ की प्रखंड स्तरीय बैठक गुरुवार को महागामा उर्जानगर स्थित राजेंद्र स्टेडियम में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बबीता कुमारी आनंद ने की। जिला अध्यक्ष ने बताया कि विद्यालय में कार्यरत रसोईया का 5 माह का मानदेय भुगतान लंबित है।बताया कि झारखंड सरकार के द्वारा रसोईया के मानदेय में एक हजार रुपए प्रति माह की वृद्धि की गई है और अब 10 माह की जगह पर 12 माह का मानदेय देने की झारखंड सरकार के कैबिनेट द्वारा चार माह पूर्व स्वीकृति प्रदान की गयी है। लेकिन अभी तक रसोईया का बढ़ा हुआ मानदेय का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे जिले भर की रसोइया काफी आक्रोशित हो रही है। बताया कि राज्य परियोजना निदेशक झारखंड सरकार के पत्रांक 1105 दिनांक 22 मार्च 2024 में दिए गए निर्देश के आलोक में गोड्डा जिला में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। लेकिन यह कितना दुर्भाग्यपूर्ण है कि 15 से 20 वर्षों तक विद्यालय में कार्यरत व प्रशिक्षित संयोजिकाओं को भी कई विद्यालयों से हटाया गया है। जिसका बच्चा पढ़ता है, उसे भी विद्यालय से हटाया गया है। संघ द्वारा जिला शिक्षा अधीक्षक गोड्डा से हटायी गयी संयोजिकाओं का पुनः कार्य पर रखने की मांग की गयी। लेकिन चार माह से केवल जांच कराने के नाम पर आश्वासन दिया जा रहा है। अभी तक न कोई जांच और न हीं कार्यवाही किया गया है। जिला अध्यक्ष ने बताया यदि जिला शिक्षा अधीक्षक, गोड्डा के द्वारा हटाई गई पूर्व से कार्यरत संयोजिका बहनों को पुन- कार्य पर रखने का निर्देश नहीं दिया जाता है एवं बढ़े हुए मानदेय की राशि के साथ अभिलंब भुगतान नहीं किया गया तो संघ के आह्वान पर 17 जनवरी 2024 को जिला शिक्षा अधीक्षक गोड्डा के जिला कार्यालय के समक्ष पूरे जिला की रसोईया संयोजिका के द्वारा विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। जिला शिक्षा अधीक्षक से वार्ता सफल नहीं होने की स्थिति में अनिश्चित कालीन धरना सत्याग्रह का कार्यक्रम किया जाएगा। आज की बैठक में जिया देवी, सुलेखा देवी, प्रतिमा दास, द्रौपदी देवी, गीता देवी, रईमान बीवी, अक्लिमा खातून, हाकीना बीबी, अंगूरी, नबीसा खातून, बबीता, मंती देवी, सुलोचना देवी, नवीशा खातून, मो0 झीवनी, अरुणा देवी, टिंकी देवी, चाहा मोसमात, उमा देवी, विक्की देवी, तमरूण निशा, सुनीता देवी, नूरैशा खातून, बबली देवी, उषा देवी, होपनबीटी किस्कू, मकु मुर्मू आदि रसोईया संयोजिका उपस्थित

दो युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत, एक घायल

मिहिजाम- नव वर्ष की शुरुआत में एक दुखद घटना ने मिहिजाम के दो युवकों की जिंदगी बदल दी। दोस्तों के साथ मैथन डैम घूमने गए दो युवक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। इनमें से एक की इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि दूसरा मिशन अस्पताल दुर्गापुर में इलाजरत है। घटना की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि घटना मैथन मंदिर के निकट 1 जनवरी के देर शाम में हुई है। दोनों युवक मिहिजाम के कृष्णानगर 2 नंबर रोड निवासी हैं। मृतक का नाम विवेक कुमार साह उम्र 18 वर्ष बताया गया है। पुलिस ने बताया कि मैथन मंदिर के निकट युवकों की बाइक एक हाईवा ट्रक की चपेट में आ गई थी। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को अस्पताल ले जाया गया जहाँ इलाज के दौरान विवेक ने दम तोड़ दिया। जबकि उसके साथी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे मिशन अस्पताल दुर्गापुर ले जाया गया। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़ फरार हो गया था। इस मामले में चौरंगी थाना में परिजनों के द्वारा केस दर्ज कराया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ट्रक चालक की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा। दोनों युवकों के परिवार की माली हालत काफी खराब है। विवेक के पिता फुटपाथ पर सब्जी बेचने का काम करते हैं। इस घटना से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है।

हिंदू एकता दल के सदस्यों ने लगाया भगवा ध्वज

ठाकुरगंगटी (गोड्डा) प्रखंड क्षेत्र के मानिकपुर पंचायत अंतर्गत मोपहरी स्थित खरहरी माता मंदिर के निकट गुरुवार हिंदू एकता दल के युवाओं द्वारा भगवा ध्वज पुनः बदलकर लगाया गया। हिंदू एकता के सदस्य रुद्र प्रताप राज ने जानकारी देते हुए बताया कि करीब 6 महीने पूर्व इस स्थल पर भगवा ध्वज लगाया गया था। अभी पुनः उसे बदलकर न्यू ध्वज लगाया गया। ध्वज 36 मीटर लंबा है और 60 मीटर ऊंचे बांस में इसे लगाया गया है। पिछली बार 34 मीटर का ध्वज लगाया गया था। बताया कि प्रत्येक छह महीने में यह ध्वज बदला जाता रहेगा। पुराने ध्वज को उतार कर नए ध्वज को लगाया जाएगा। कहा कि हिंदू एकता के युवाओं की यह सोच है कि प्रत्येक ऊंचे टीले वाले जगह पर भगवा ध्वज फहराया जाना चाहिए ताकि एकता जगी रहे। बताया कि प्रखंड क्षेत्र के अन्य ऊंचे टीले वाले जगहों और पहाड़ी आदि पर भी जल्द ही भगवा ध्वज फहराया जाएगा। इसकी भी तैयारी की जा रही है। इस अवसर पर हिंदू एकता के अमित राम, रुद्र प्रताप राज, संतोष कुमार, गोपाल कुमार, पवन कुमार, छोटू कुमार, आकाश कुमार, शांतनु कुमार, मां खरहरी सेवा विकास समिति के वरिष्ठ सदस्य शिव शंकर सिंह, अरुण सिंह, बंशीधर रमानी, सुंदर रवानी सहित कई सनातनी शामिल थे।

महर्षि मेही आश्रम में संतमत सत्संग का भव्य आयोजन

महागमा प्रतिनिधि गोड्डा / प्रखंड मुख्यालय के केचुआ चौक स्थित महर्षि मेही आश्रम में एक दिवसीय संतमत सत्संग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रीधाम वृंदावन से पधारे स्वामी सुबोध आनंद महाराज ने सत्संग की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य शरीर दुर्लभ है और इसे परम लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उपयोग करना चाहिए। सत्संग श्रवण से ज्ञान और सदुरु का मार्गदर्शन प्राप्त होता है।उन्होंने यह भी बताया कि महान संत महर्षि मेही परमहंस जी महाराज जैसे सदुरु के शिष्य होने का सौभाग्य हमें प्राप्त हुआ है। सदुरु शिष्य के वास्तविक हितैषी होते हैं और जीवन को सुखमय और शांतिपूर्ण बनाने में मार्गदर्शन करते हैं। कार्यक्रम में भजन-कीर्तन, वेद, उपनिषद, रामचरितमानस और संतवाणी का पाठ किया गया। प्रवचन और मार्गदर्शन- विभिन्न संतों ने सदुरु द्वारा बताई साधना पद्धति का पालन करते हुए नशा, हिंसा और बुरे विचारों का त्याग करने पर जोर दिया। समिति का पुनर्गठन- नई सत्संग समिति का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष प्रदीप पोद्दार, सचिव राजकुमार मोदी, और कोषाध्यक्ष मोहन केशरी समेत अन्य पदाधिकारियों को चुना गया। वहीं भक्तों की उपस्थिति और योगदान सैकड़ों भक्तों ने सत्संग का श्रवण किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रदीप पोद्दार, रंजीत गुप्ता, राजेंद्र चौबे, मनोहर भगत सहित अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन भंडारा और महाप्रसाद के वितरण के साथ हुआ।

नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित, 200 लोगों ने करवायी नेत्र और शुगर जांच

जामताड़ा। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा के तहत जामताड़ा स्थित बस पड़ाव में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में कुल 200 लोगों ने नेत्र जांच और शुगर जांच करवाई। जिसमें बस के चालक और अन्य कर्मियों के अलावा यात्रियों ने भी जांच करवाई। इस अवसर पर नेत्र चिकित्सक अशोक चौधरी, नगर प्रभार इंस्पेक्टर रबीन्द्रनाथ यादव, सड़क सुरक्षा के कर्मी तौसीफ जलीली, माज आलम के अलावा अन्य कर्मी मौजूद थे। शिविर के दौरान लोगों को नेत्र और शुगर जांच के अलावा स्वास्थ्य संबंधी अन्य जानकारियां भी दी गईं। लोगों ने इस शिविर की सराहना की और कहा कि ऐसे शिविरों से लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां मिलती हैं और वे अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सकते हैं। इस शिविर का आयोजन राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा के तहत किया गया था। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक करना और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां देना है।

तृणमूल कांग्रेस का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

चितरंजन। तृणमूल कांग्रेस का 28वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। पार्टी के निर्देशानुसार, सालानपुर ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जश्न मनाया। सुशोभित रूपनारायणपुर में ब्लॉक कार्यालय में पार्टी के झंडे का उद्घाटन सालानपुर ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष मोहम्मद अरमान ने किया। कार्यालय के सामने महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, स्वामी विवेकानंद सहित अन्य महान व्यक्तियों के चित्रों पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि दी गई। ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस कमेटी की ओर से कालीपाथर के मिशनरीज ऑफ चैरिटी के आश्रम में 280 निवासियों को फल और मिठाई वितरित की गई। इसके बाद, पिठाकियारी ग्रामीण अस्पताल में भर्ती मरीजों के बीच फल और मिठाई वितरित की गई। पार्टी कार्यालय में झंडा उद्घाटन के बाद केक काटा गया। साथ ही 30 गरीब लोगों को कम्बल वितरित किए गए। इस अवसर पर मोहम्मद अरमान के अलावा रानू रॉय, अपर्णा रॉय, कैलाशपति मंडल सहित अन्य ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन बिपुल बैनर्जी ने

कृषि कर्मशाला का किया आयोजन

संवाद सहयोगी कुंडहित (जामताड़ा)गुरुवार को कुंडहित प्रखंड सभागार में रवि कृषि कर्मशाला 2024 का आयोजन प्रमुख रामकिशोर मुर्मू की अध्यक्षता में किया गया। कृषि कर्मशाला प्रमुख रामकिशोर मुर्मू एंव जिला परिषद सदस्या रीना मंडल दीप प्रज्ज्वलित का किया। कार्यक्रम में जानकारी देते हुए जनसेवक चंचल दास ने बताया हमें कम खर्चे पर तथा कम मेहनत पर अच्छे फसल के पैदावार कैसे कर सकते हैं तथा फसल की उत्पादन में वृद्धि कैसे हो सकता है इस पर विस्तार जानकारी दिया गया। उन्होंने किसान मित्रों को जानकारी देते हुए बताया किसानों को रवि फसल लगाने व उसकी उपज को लेकर तकनीकी जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि गेहूं, चना व सरसों फसल लगाने के लिए किसानों को नयी तकनीक से खेती करने पर उपज दोगुनी मिलती है। इसके लिए फसलों में समय-समय पर कीटनाशक का छिड़काव करना जरूरी है। इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड, मिट्टी जांच, आधुनिक ढंग से खेती पर विशेष चर्चा की गयी।कार्यशाला में उपस्थित प्रभारी कृषि पदाधिकारी मनोरंजन मिर्धा ने उपस्थित जनसेवक, कृषक मित्रों को बताया कि रवि फसल की बुआई एवं प्रबंधन कैसे करेंगे। रवि फसल में लगने वाले कीटों से बचाव करने वाले दवा के प्रयोग के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दिया। साथ ही टपक सिंचाई योजना, सोलर पंप सेट सहित कृषि यंत्र के लाभ प्राप्त करने की भी जानकारी दिया गया। उन्होंने बताया कि सोलर पंप सेट व अन्य यंत्र 50 से 90 प्रतिशत अनुदान पर लाभ मिलेगा। सहायक तकनीकी प्रबंधक अमीर हेम्बरम ने मिट्टी जांच के लिये मिट्टी नमूना संग्रह के सम्बंध में बताया। साथ ही कृषि विभाग से चलाई जा रही कई योजनाओं की भी जानकारी दिया। वही किसान मित्रों को सभी पंचायत में कृषि पेंच की गठन करने की सलाह दी।ताकि एक पेंच में अच्छे फसल के उत्पादन हो सकते हैं। कोई किसान मित्र अजय घोष ने बताया कृषि विभाग द्वारा दिया गया अरहर के बीज से पौधा में फूल -फल नहीं हो रहा है। उन्होंने फसल की जांच करने की मांग की। मौके पर उक्त अधिकारी के अलावे काफी संख्या में किसान मित्र उपस्थित थे।

वर्तमान आर्थिक नीति- अवसर, चुनौतियाँ और समाधान

भारत में केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों पर बहस लंबे समय से चली आ रही है। केंद्र और राज्य सरकारों की भूमिका, आर्थिक असमानता, कर नीति, और संसाधनों का वितरण ऐसे मुद्दे हैं। जो वर्तमान में आर्थिक कारणों को लेकर चर्चा के केंद्र बिंदु में हैं। संविधान ने सभी नागरिकों को 'लिविंग वेज' जीवन जीने की बुनयादी हको का मूल अधिकार दिया है। 75 वर्षों के बाद भी यह सपना अधूरा बना हुआ है। भारत में पिछले 10 वर्षों में आर्थिक असमानता एक गंभीर समस्या बन चुकी है। देश की 94त्न आबादी असंगठित क्षेत्र में काम करती है। असंगठित क्षेत्र में उनकी मासिक आय स्तर न्यूनतम जीवन स्तर से नीचे हैं। प्रधानमंत्री के ई-श्रम पोर्टल के आंकड़े बताते हैं। करोड़ों श्रमिक ऐसी आय पर जीवन यापन कर रहे हैं। उनकी मासिक आय 10000 रूपये से भी कम है। वह अपना जीवन यापन भी नहीं कर पा रहे हैं। उन्हें टैक्स भुगतान की सीमा मैं लाना एक सपने की तरह है। इसके बाद भी जीएसटी के रूप में सबसे ज्यादा टैक्स गरीबों से वसूल किया जा रहा है। जिनकी मासिक आय 10000 रूपये से भी कम है। दूसरी ओर केवल 1.1 फीसदी लोग ही प्रभावी रूप से आयकर चुका पा रहे हैं। यह असमानता आर्थिक अस्थिरता बढ़ा रही है। संसाधनों के न्यायसंगत वितरण में भी बाधा है। गरीब आदमी के लिए अब भोजन जुटाना भी बड़ा मुश्किल हो गया है। केंद्र सरकार के कॉर्पोरेट टैक्स में कटौती का उद्देश्य, निवेश को बढ़ावा देना और आर्थिक वृद्धि को बढ़ाने वाला बताया था। लेकिन यह केवल चुनावी जुमलों की तरह देखने को मिल रहा है। टैक्स कम होने के बाद कंपनियों ने केवल अपनी बैलेंस शीट मजबूत की हैं। न तो निवेश में वृद्धि हुई नाही कर्मचारियों की आय में सुधार हुआ। नौकरियां भी औद्योगिक क्षेत्र में नहीं बढ़ी। सरकार का जवाब है, 100 लाख करोड़ रुपये के सार्वजनिक पूंजी व्यय (कैपेक्स) का लक्ष्य रखा गया है। जिससे निजी निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा। यह राशि भी सरकारी खजाने से कॉर्पोरेट को दी जाएगी। केंद्र सरकार की प्राथमिकता में कॉर्पोरेट है। केंद्र और राज्य सरकारों की प्राथमिकता से आम आदमी गायब हो गया है। राज्यों और केंद्र के बीच वित्तीय संसाधनों का बंटवारा भी एक बड़ी चुनौती है। केंद्र सरकार ने सेस और सरचार्ज के माध्यम से अपने राजस्व को कई गुना बढ़ाया है। जबकि राज्यों को मिलने वाले संसाधन 2014 की तुलना में घटे हैं। इससे राज्यों का कर्ज बढ़ता जा रहा है। राज्यों की वित्तीय स्वतंत्रता केंद्र पर आश्रित होकर रह गई है। शिक्षा और स्वास्थ्य के मोर्चे पर भी स्थिति बहुत चिंताजनक हो गई है। वार्षिक स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट 2024 के अनुसार, 14-18 आयु वर्ग के 40त्न बच्चे बुनियादी पढ़ाई और गणित में कमजोर हैं। स्वास्थ्य सेवाओं में असमानता बढ़ी है। आयुष्मान योजना का बहुत प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसका लाभ आम गरीबों को ना मिलकर बीमा क्षेत्र की कंपनियों और बड़े-बड़े अस्पतालों को मिल रही है। सरकारी अस्पतालों में ना तो दवाई मिल रही है नाही स्पेशलिस्ट डॉक्टर हैं। नर्स और वार्ड बाय द्वारा गरीबों का इलाज किया जा रहा है। वर्तमान स्थितियों को देखते हुए वर्तमान एवं दीर्घकालिक समस्याओं के समाधान के लिए ठोस और दूरदर्शी आर्थिक नीतियों की आवश्यकता है। अल्पकालिक लाभों की केंद्रित राजनीति आम आदमी की तत्काल की जरूरतें को पूरी कर पा रही है। दीर्घकालिक संरचनात्मक सुधार सपने की तरह दिखाये जा रहे हैं। वर्तमान आर्थिक स्थिति को देखते हुए जरूरी है, केंद्र और राज्य मिलकर संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करें। शिक्षा, स्वास्थ्य, आम आदमियों की बुनियादी जरूरतों पर केंद्र एवं राज्य सरकारें ध्यान केंद्रित करें।

दिल्ली चुनाव : भाजपा व आप की सीधी लड़ाई में मायावती का हाथी किसका खेल बिगाड़ेगा?

अशोक भाटिया

70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा के चुनाव में 2015 से राजधानी की सत्ता पर काबिज सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच सीधा मुकाबला होने की संभावना है।पर 2024 के आगामी विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी आप और भाजपा की मुश्किलें बढ़ाने की तैयारी में है। बहुजन समाज पार्टी की ओर से सभी 70 सीटों पर चुनाव लड़ने की संभावना है। इसको लेकर प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। उम्मीदवारों की पहली सूची जनवरी के मध्य तक जारी होने की संभावना है। पार्टी की ओर से कहा गया है कि फरवरी में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण दोनों हैं।

इस समय दिल्ली चुनाव में सबकी नजर अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी पर है। आंदोलन से निकली इस पार्टी ने अपने पहले ही चुनाव में कमाल किया था। फिर 2015 के चुनाव में दिल्ली की 70 में से 67 सीटें जीतकर इतिहास रच दिया था। 2020 में भी दिल्ली की 63 सीटों पर पार्टी ने कब्जा जमाया। वहीं, पंजाब में भी पार्टी सत्ता में है। हालांकि, पार्टी के लिए 2024 का साल अच्छा नहीं रहा। कानूनी परेशानियों, नेतृत्व परिवर्तन और चुनावी असफलताओं से जूझते हुए आम आदमी पार्टी को 2024 में अशांति का सामना करना पड़ा। फरवरी में दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारी के साथ, पार्टी अपनी नीतियों में जनता के विश्वास को फिर से बनाने और अपने शासन रिकॉर्ड और विवादों से आकार लेने वाले राजनीतिक परिदृश्य को नेविगेट करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। 2024 में आप के लिए सबसे बड़ा झटका उसके सुप्रीमो और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मार्च में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उत्पाद शुल्क नीति मामले से जुड़े कथित भ्रष्टाचार को लेकर गिरफ्तारी थी। यह पहली बार था कि किसी मौजूदा मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया था। मई में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अंतरिम जमानत दिए जाने से पहले केजरीवाल ने लगभग छह महीने तिहाड़ जेल में बिताए। जबकि अदालत ने उन्हें लोकसभा चुनावों के लिए प्रचार करने की अनुमति दी, लेकिन उन्हें आधिकारिक कर्तव्यों को फिर से शुरू करने से रोक दिया, एक ऐसा निर्णय जिसने राष्ट्रीय राजधानी में नियमित शासन को प्रभावित किया। केजरीवाल की गिरफ्तारी के साथ-साथ अन्य वरिष्ठ नेताओं को कानूनी परेशानियों का सामना करना पड़ा, जिससे आप की छवि पर काफी असर पड़ा। हालाँकि, 2024 वह साल भी था जब सभी शीर्ष गिरफ्तार नेताओं को जमानत दे दी गई थी।आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को अप्रैल में जमानत मिल गई, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, जिन्हें 2023 में गिरफ्तार किया गया था, 17 महीने जेल में रहने के बाद अगस्त में रिहा हो गए और एक अन्य प्रमुख नेता सत्येन्द्र जैन को अक्टूबर में जमानत मिल गई। इन कानूनी राहतों के बावजूद, मामलों ने आप की भ्रष्टाचार विरोधी कहानी को नुकसान पहुँचाया, विपक्षी दलों ने पार्टी की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने के लिए विवादों का इस्तेमाल किया। 2024 के लोकसभा चुनावों में, आप दिल्ली की सात सीटों में से किसी को भी सुरक्षित करने में विफल रही, बावजूद इसके कि उसका वोट शेयर 2019 में 18.2 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 24.14 प्रतिशत हो गया। इसके अलावा, पार्टी पंजाब में जिन 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ी थी, उनमें से केवल तीन सीटें जीतने में सफल रही, जिससे उसकी आकांक्षाओं को झटका लगा। नतीजों ने मतदाताओं के असंतोष को रेखांकित किया और विपक्षी आख्यानों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने की पार्टी की क्षमता पर सवाल उठाए।

ऐसे में भाजपा जिसने 2024 के लोकसभा चुनावों में दिल्ली की सातों सीट जीती थी अब इस चुनाव में आप पार्टी को विधानसभा में शिकस्त देने की तैयारी कर रही है । चुनाव के इस रण में अचानक बसपा ने सभी सीटों पर लड़ने का एलान कर भाजपा व आप पार्टी के लिए मुसीबत कड़ी कर दी है । वैसे मायावती के हाथी का इस रण में उतरना कोई नई बात नहीं है । राजधानी दिल्ली में बसपा दिल्ली नगर निगम की 250 और दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों पर चुनाव लड़ती हुई आई है। साल 2008 में दिल्ली में 2 उम्मीदवार बसपा से जीत कर पहुंचे थे। हालांकि, 2013 के विधानसभा चुनाव में पार्टी किसी भी सीट से चुनाव नहीं जीती। हालांकि, इन सबके बाद बसपा ने साल 2009, 2014 और 2019 में दिल्ली में लोकसभा चुनाव भी लड़ा था, लेकिन कोई खास कामयाबी नहीं मिली। दिल्ली की राजनीति में बसपा ने चुनाव हर बार लड़ा, लेकिन दम नहीं दिखा पाई। वर्ष 2004 से 2024 तक हुए चार लोकसभा चुनाव में बसपा को इस बार सबसे कम वोट प्रतिशत मिला है। इस बार उसका वोट शेयर महज 0.71 प्रतिशत रहा, जबकि वर्ष 2019 में 1.1 फीसदी रहा था। राजधानी दिल्ली में बसपा की छवि अब सिर्फ वोट काटने वाली पार्टी की बन गई है। ज्ञात हो कि लोकसभा चुनाव में बिना गठबंधन में शामिल हुए अकेले मैदान में उतरी बसपा ने दिल्ली में सभी सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे। जातीय समीकरणों को साधने की भी पूरी कोशिश की, लेकिन राजनीतिक कमाल दिखाना तो दूर, बसपा के प्रत्याशी जमानत जब्त होने से भी नहीं बचा सके। 2009 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने दिल्ली में अपने राजनीतिक सफर में सबसे ज्यादा 5.23 फीसदी वोट पाए थे। भाजपा और कांग्रेस की तुलना में यह भले कम था, लेकिन बसपा के कई प्रत्याशियों ने चुनाव मैदान में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई थी। इसके बाद 2014 में मोदी लहर में एससी वोट भाजपा की तरफ खिसका तो दिल्ली में बसपा के हाथ करीब-करीब खाली हो गए। इस चुनाव में बसपा को दिल्ली में सिर्फ 1.23 फीसदी वोट शेयर मिला था। इसके बाद से हर चुनाव में बसपा के लिए न तो राजनीतिक और न ही जातीय समीकरण काम आए। मुस्लिम और एससी बहुल क्षेत्रों में सजातीय प्रत्याशियों को टिकट देने के बावजूद बसपा के लिए जीत का स्वाद चखना तो दूर, 2009 जैसी स्थिति को वापस पाना भी मुश्किल हो गया। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान दिल्ली में बसपा की स्थिति 2014 जैसी भी नहीं रही। 0.1 फीसदी वोट शेयर और नीचे खिसक कर बसपा का वोट प्रतिशत इस चुनाव में महज 1.1 फीसदी रह गया था। 2024 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने फिर से दिल्ली की सभी सीटों पर प्रत्याशी उतारे। आम आदमी पार्टी से बगावत करके आए मंत्री राजकुमार आनंद को टिकट देकर राजनीतिक समीकरण साधने का प्रयास किया, लेकिन बसपा का प्रदर्शन लोकसभा चुनाव में अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन रहा। चुनाव दर चुनाव नीचे गिर रहे बसपा के वोट शेयर के आंकड़े बता रहे हैं कि बसपा का वजूद दिल्ली में अब सिर्फ वोट काटने वाली पार्टी का बनकर रह गया है। जीत हासिल करना पार्टी के लिए बेहद मुश्किल हो गया है।दिल्ली में बसपा का प्रदर्शन 2009 के लोकसभा चुनाव में बढ़िया रहा था। इस चुनाव में पार्टी को सबसे ज्यादा 12.04 फीसदी वोट दक्षिणी दिल्ली सीट पर मिले थे। बसपा ने यहां कंवर सिंह तंवर को टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा था। मजबूत प्रत्याशी और जातीय समीकरणों को साधकर उन्होंने अन्य प्रत्याशियों से ज्यादा वोट पाए थे, लेकिन जीत हासिल नहीं कर पाए थे।1989 से 2024 तक के चुनाव में बसपा को दिल्ली में मिला वोट शेयर बहुत ही कमजोर रहा । मायावती को सोचना चाहिए कि दो सत्ताधारी दिग्गज पार्टियों की लड़ाई में वह कहाँ टिकेगी ।

केवल दो पाटों के बीच पिस कर रह जाएगी । लोकतंत्र में चुनाव लड़ने का हक सबकों है पर सामने वालों की ताक़त को भी देखना चाहिए । दिल्ली में एक दशक से अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली आम आदमी पार्टी सत्ता में है। आगे भी कुर्सी पर बने रहने के लिए केजरीवाल की ओर से महिलाओं, बुजुर्गों पर फोकस करके योजनाओं का ऐलान किया जा रहा है। दिल्ली में फ्रीबीज को लेकर आप सरकार लगातार विपक्ष के निशाने पर रही है लेकिन केजरीवाल को यह फॉर्मूला काफी रास आया है। यही वजह है कि पार्टी ने 70 विधानसभा सीटों वाली दिल्ली में दो बार 60 से ज्यादा सीटें हासिल की हैं।

हाल में लगे भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद अरविंद केजरीवाल को जेल भी जाना पड़ा। यही नहीं, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, संजय सिंह जैसे टॉप पार्टी लीडर भी जेल में रह चुके हैं। केजरीवाल ने जमानत पर बाहर आकर ष्टरूपद से इस्तीफा दिया और चुनाव में जाने से पहले आतिशी को दिल्ली का सीएम नियुक्त किया। लेकिन वह पहले ही साफ कर चुके हैं कि दिल्ली का चुनाव उनके ही नेतृत्व में लड़ा जाएगा। साथ ही सत्ता में वापसी होने पर मुख्यमंत्री भी केजरीवाल ही बनेंगे।केजरीवाल की पार्टी की ओर से भी एक नया नारा दिया गया है, नहीं बिगड़ने देंगे दिल्ली का हाल, फिर लाएंगे केजरीवाल। आम आदमी पार्टी लगातार भाजपा पर आरोप लगाती रही है कि अगर केजरीवाल सत्ता से गए तो भाजपा फिर बिजली-पानी के दाम बढ़ा देगी, सब कुछ महंगा कर देगी। पार्टी जनता के सामने भी इन्हीं सब मुद्दों को लेकर जाती है और पार्टी का दावा है कि अगर भाजपा सत्ता में आती है तो दिल्लीवालों को फ्री में मिलने वाली सभी सुविधाएं बंद कर दी जाएंगी। पार्टी का ये नारा भी इसी संदेश को जाहिर करता दिख रहा है।

उधर, भाजपा सीधे तौर पर केजरीवाल और आप पर भ्रष्टाचार समेत झूठे वादे करने का आरोप लगा रही है। साथ ही भाजपा का आरोप है कि केजरीवाल पुराने वादों को पूरा करे बगैर चुनाव से पहले जनता से नए वादे कर रहे हैं जो कभी पूरे होने वाले नहीं हैं। केंद्र में 10 साल से सरकार होने के बाद भी दिल्ली में भाजपा अब तक कमाल नहीं कर सकी है, हालांकि लोकसभा की सातों सीटों पर पार्टी काबिज है। लेकिन दिल्ली में भाजपा पिछले तीन दशक से मुख्यमंत्री की कुर्सी पाने के लिए लड़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली विधानसभा चुनाव का बिगुल शुक्रवार को फूंक रहे है । रोहिणी के जापानी पार्क में पीएम रैली को संबोधित करेंगे और दिल्ली के विकास की कार्ययोजना पेश करते हुए 4500 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं की सौगात देंगे। वहीं, प्रधानमंत्री की दूसरी रैली पांच जनवरी को पूर्वी दिल्ली के सीबीडी ग्राउंड में प्रस्तावित है। इस मौके पर प्रधानमंत्री दिल्ली मेट्रो के फेज-4 के तहत रिठाला-नरेला-कुंडली लाइन का शिलान्यास और दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे के शुभारंभ के साथ ही दिल्ली को जाम व प्रदूषण मुक्त करने के लिए चार मुख्य प्रोजेक्टों से अवगत कराएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3 जनवरी को पूर्वी और पश्चिमी दिल्ली में दो नए दिल्ली विश्वविद्यालय परिसरों के साथ-साथ वीर सावरकर के नाम पर एक कॉलेज की आधारशिला रख सकते हैं, विश्वविद्यालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी।

पाकुड़ की खबरें

रोगियों को अनुमंडल अस्पताल पाकुड़ ले जाने के लिए रहेगी वाहन की व्यवस्था : बीडीओ

हिरणपुर (पाकुड़) उपायुक्त मनीष कुमार के निर्देश पर आयोजित स्वास्थ्य हूल महोत्सव में हिरणपुर प्रखंड से रोगियों को अनुमंडल अस्पताल, पाकुड़ तक ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था की गई है।प्रखंड विकास पदाधिकारी टुडू दीलिप एवं अंचल अधिकारी मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी बीडीओ ने बताया कि रोगियों को अपने साथ पांच दस्तावेज जिसमें आधार, बैंक खाता, जाति प्रमाण पत्र, राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड कैम्प में ले जाना होगा.। प्रखंड कार्यालय से आगामी 4 जनवरी को सुबह 6 बजे से 7 बजे तक वाहन का परिचालन रोगियों को अपने गंतव्य तक पहुंचाने के लिए किया जाएगा।अंचल अधिकारी ने बताया कि कैम्प में सर्वाइकल कैंसर, टीबी, दमा, मोतियाबिंद, डेंगू, मलेरिया, कालाजार आदि असाध्य रोग का ईलाज किया जाएगा। कैम्प में रोगियों के लिए भोजन की भी व्यवस्था रहेगी रेफर की स्थिति वाले रोगियों को मुफ्त इलाज हेतु कश्यप अस्पताल रांची भेजा जाएगा। इसको लेकर प्रखंड वासियों से अपील किया है कि अपने आस पास के पीड़ितों को इसकी सूचना दें। ताकि गरीब, असहाय रोगियों को इस कैम्प का लाभ मिल सके यह कैम्प सुबह 9 बजे से 5 बजे अपराह्न तक अनुमंडल अस्पताल, पाकुड़

स्वास्थ्य हूल महोत्सव को लेकर बीडीओ ने स्वास्थ्य कर्मियों के साथ की बैठक

लिट्टीपाड़ा(पाकुड़) गुरुवार को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अन्तर्गत 04 जनवरी 2025 को पुराना सदर अस्पताल, पाकुड़ में आयोजित होने वाले स्वास्थ्य हूल महोत्सव कैम्प में अधिक से अधिक संख्या में लाभुकों ले जाने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लिट्टीपाड़ा के डॉक्टर मुकेश बेसरा की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय सभी कर्मियों एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई।इस बैठक में डॉक्टर मुकेश बेसरा द्वारा सभी उपस्थित कर्मियों और पदाधिकारियों को बताया गया कि जिन मरीज़ों को मोतियाबिंद या आंखों से संबंधित बिमारी है और जिन महिलाओं में ईऊट्रस या महिलाओं की आंतरिक बीमारियों से संबंधित बीमारियों का इलाज निःशुल्क किया जायगा। उक्त आयोजित होने वाले ÷ हूल महोत्सव कैम्प ÷ में दिनांक- 04 जनवरी 2025 को पुराना सदर अस्पताल, पाकुड़ में भेजने हेतू अपने-अपने पंचायत और ग्रामों में बृहद प्रचार प्रसार करते हुए भेजने का निर्देश दिया गया ताकि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ सभी मरीज़ लाभुकों को मिल सके।इस बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी कमल पहाड़िया प्रखंड कृषि पदाधिकारी के. सी. दास. प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मानिक चंद्र दास, स्वास्थ्य के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक ओमप्रकाश पांडे सहित सभी पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सेवक उपस्थित थे।

पाकुड़ के दो पुलिस अधिकारी बने इंस्पेक्टर

पाकुड़। झारखंड पुलिस विभाग ने एक बड़ी पहल करते हुए प्रदेश के 98 पुलिस अधिकारियों को प्रमोशन देकर पुलिस निरीक्षक बनाया है। इस सूची में पाकुड़ जिले से दो पुलिस अवर निरीक्षक जलाधर हेंब्रम और विज बिनकस कुजूर का नाम भी शामिल है।जलाधर हेंब्रम और विज बिनकस कुजूर का योगदानजलाधर हेंब्रम, जो पहले मालपहाड़ी थाना प्रभारी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं, फिलहाल मुफस्सिल थाना में तैनात हैं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और जनता की समस्याओं को हल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विज बिनकस कुजूर, जो पाकुड़िया थाना में एसआई के रूप में कार्यरत थे, ने भी जनता के हित में कई प्रभावशाली कार्य किए।प्रमोशन के साथ ही दोनों अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जलाधर हेंब्रम को जमशेदपुर स्थानांतरित किया गया है, जबकि विज बिनकस कुजूर को नेतरहाट ट्रेनिंग सेंटर में तैनात किया गया है।झारखंड पुलिस विभाग के इस कदम से न केवल इन अधिकारियों का मनोबल बढ़ा है, बल्कि पूरे विभाग में उत्साह का माहौल है। विभाग ने अपने कर्मठ और बेदाग छवि वाले अधिकारियों को पहचान देकर यह संदेश दिया है कि मेहनत और ईमानदारी का हमेशा सम्मान होता है।इन प्रमोशनों से यह स्पष्ट होता है कि झारखंड पुलिस विभाग अपने कर्मचारियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को पहचानने और उनका मनोबल बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे अन्य कर्मचारियों को भी प्रेरणा मिलेगी कि वे जनता के हित और विभाग की छवि को और बेहतर बनाने में अपना योगदान दें।जलाधर हेंब्रम और विज बिनकस कुजूर को नई जिम्मेदारियों के लिए पाकुड़ वासियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

जमीन कब्जा करने के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

महेशपुर (पाकुड़)थाना क्षेत्र के महुबोना गांव में दखल व रैयती जमीन पर बंगाल के कुछ लोगों के द्वारा जबरन कब्जा करने की नीयत से घर बनाने का मामला प्रकाश में आया है द्य मामले को लेकर कई गांव के ग्रामीण एक जुट होकर इसका पुरजोर विरोध प्रदर्शन किया द्य घटना की सूचना मिलते ही एएसआई जयशंकर राम पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुँचकर उग्र ग्रामीणों से इसकी जानकारी ली तथा घर निर्माण कार्य पर फिलहाल रोक लगा दिया है। वहीं ग्रामीणों ने उक्त जमीन को लेकर घर बनाने वाले जसमुद्दीन सेख के साथ एक बैठक भी किया। और जमीन का फैसला होने तक घर बनाने से मना किया ।इधर ग्रामीण संतोष कुमार चौवे ,उदय मंडल, बासुदेव भंडारी, मनोज चौवे, दुलाल मंडल, गाजल सरदार, संजय कुमार मंडल

,समजय मंडल, कृष्णा किस्कू,बाबूचंद किस्कू, रबी देहरी,सरना पहाड़िया, मकु सोरेन धुमा हांसदा, लालू कुमार मंडल पूर्ण चंद्र मंडल, मिहिर दास समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों ने अपने लिखित शिकायत में उल्लेख किया है। कि महुबोना कदमपुर मौजा स्थित थाना संख्या 152,154 के अन्तर्ग पलॉट नम्बर 04 का जमीन हम लोगों के दखल में एवं रैयती जमीन है ।जिसका जे वी नम्वर 07 है और उक्त जमीन सड़क के किनारे है ।उसी जमीन के बगल में बंगाल से आकर कुछ जमीन करीब 2 से तीन कट्ठा खरीद लिया है ।और वर्तमान में वह जमीन खाली रहने के कारण जसीमुद्दीन सेख संतोषपुर मुरारोई थाना क्षेत्र ने 31 दिसंबर 2024 को पचास से साठ लोगों के साथ आकर घर बनाने के लिये फाउंडेसन खोदवाने की तैयारी कर रहा था इसी दौरान महुबोना गांव के ग्रामीणों द्वारा वहां पहुँचकर जमीन को नापी करने की बात कहा गया तो उल्टा ही उनलोगों ने ग्रामीणों को पूरा महुबोना गांव को जलाकर खाक कर देने का धमकी दे दिया। वहीं ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से उक्त विवादित जमीन पर कार्रवाई करते हुऐ सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है ,इधर गुरुवार को उक्त विवाद उतपन्न हुई जमीन को लेकर घटना स्थल पहुँचकर इसकी सारी जानकारी ली तथा जायजा लेने के बाद पुलिस ने फिलहाल घर निर्माण कार्य पर रोक लगा दिया ।

प्रवचन सुनकर वापस पहुंचे लोगों को कराया गया भोजन, दिया गया उनी वस्त्र

पाकुड़ । आदिम जनजाति पहाड़िया समाज के लगभग 200 व्यक्ति अमड़ा पाड़ा सिंहहार्षी से तीन बस द्वारा संत रामपाल जी के प्रवचन सुनने सिल्लीगोड़ी के लिए रवाना हुए थे। मंगलवार 2 जनवरी को आदिम जनजाति समाज के जो लोग प्रवचन सुनने गए थे। सभी शकुशल सिल्लीगुड़ी से वापस पाकुड़ आ गए हैं । जिनका स्वागत समाज सेवी विश्वनाथ भगत ने बढ़-चढ़कर किया। उन्होंने सभी लोगों को महाप्रसाद खिचड़ी खिलाया गया , साथ ही ठंड से बचाव हेतु कोई 40 बोरा कपड़ा भी दिया गया । एवं रात्रि भोजन हेतु खिचड़ी प्रदान किया। इस पूरे कार्यक्रम में बिश्वनाथ भगत साथ मे पुष्पक साह , आर के भगत का विशेष सहयोग रहा है।

पाकुड़ की अद्विता का ई टीवी तेलुगु में जलवा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़ की अद्विता सिंह इन दिनों दक्षिण भारत के प्रसिद्ध डांस रियलिटी शो धी जोड़ी में जलवा बिखेर रहीं हैं। यह डांस रियलिटी शो ई टीवी विन तेलुगु चैनल पर प्रत्येक बुधवार एवं गुरुवार को रात साढ़े नौ बजे से प्रसारित हो रहा है। अद्विता ने दूरभाष पर बताया कि धी जोड़ी साउथ इंडिया का सबसे बड़ा और सर्वाधिक लोकप्रिय डांस रियलिटी शो है जिसके 19 वें सीजन में उनका परफॉर्मेंस चल रहा है। रियलिटी शो में टॉप 12 कंटेस्टेंट में मुकाबला जारी है। अद्विता के साथ डांसिंग मेल पार्टनर के रूप में हैदराबाद के बबलू भी परफॉर्मेंस दे रहे हैं। डांस रियलिटी शो में जज के रूप में साउथ फिल्मों की चर्चित अभिनेत्री हंसिका मोटवानी, साउथ फिल्मों के सीनियर कोरियोग्राफर गणेश मास्टर, विजय विन्नी मास्टर परफॉर्मेंस पर जजमेंट दे रहे हैं। अद्विता और बबलू की जोड़ी को कोरियोग्राफर मास्टर अशरफ बावा कोरियोग्राफी की ट्रेनिंग दे रहे हैं। अद्विता ने बताया कि ई टीवी विन टीवी चैनल के अलावे दर्शक इस शो को मोबाईल पर भी ई टीवी विन सॉफ्टवेयर गूगल प्ले से डाउनलोड कर देख सकते हैं। इसके साथ-साथ यू ट्यूब पर भी धी जोड़ी सीजन 19 को देखा जा सकता है। बता दें कि अद्विता पाकुड़ के अमड़ापाड़ा की रहने वाली हैं। अद्विता कई क्षेत्रीय भाषाओं के म्यूजिक वीडियो एल्बम की अभिनेत्री भी रहीं हैं। उनका संताली, नागपुरी, भोजपुरी, बंगला, खोरठा, हिंदी, उड़िया में दर्जनों वीडियो एल्बम ट्रेडिंग में रहा है। अद्विता मिस झारखंड नेक्स्ट टॉप मॉडल में मॉडलिंग का खिताब जीत चुकीं हैं। ज्ञात हो कि अद्विता को संथाल गौरव सम्मान के अलावे दर्जनों अवार्ड भी प्राप्त हो चुका है।

04 जनवरी को पुराना सदर अस्पताल में निशुल्क होगा हेल्थ चेकअप

पाकुड़। 4 जनवरी को पुराना सदर अस्पताल पाकुड़ में होने वाले हेल्थ हूल महोत्सव पर मोतियाबिंद आदि असाध्य रोगियों के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उपायुक्त ने कहा कि हेल्थ हूल महोत्सव का आयोजन एक ऐतिहासिक क्षण होगा इस महोत्सव में विभिन्न विभागों से संबंधित योजनाओं का स्टाल लगाए जाएंगे। उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि 04 जनवरी को सभी प्रखंडों से आने वाले लोगों के लिए बस की व्यवस्था करे । बीडीओ एवं सीओ अपने प्रखंड क्षेत्र में 4 जनवरी को हेल्थ हूल महोत्सव का लोगों को जानकारी दे। *मोतियाबिंद एवं छाती दर्द का भी होगी जांच*किसी भी लोगों को आंख से संबंधित समस्या हो या कोई भी महिला को छाती में दर्द हो या सर्वाइकल कैंसर से संबंधित समस्या हो तो इस महोत्सव में जरूर आये। सभी लोगों का निःशुल्क जांच किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि जरूरत पड़ने पर राज्य स्तर पर ईलाज किया जाएगा।*राशन कार्ड आधार कार्ड आयुष्मान कार्ड लाना आवश्यक* इसके लिए अपना राशनकार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, बैंक अकाउंट साथ में अवश्य लायें।इस महोत्सव में ब्लड डोनेट शिविर भी लगाएं जाएंगे।

डीसी ने वीसी के माध्यम से जिला विकास समन्वय समिति की बैठक की

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़।गुरुवार को जिला विकास समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक में डीसी मनीष कुमार ने कल्याण विभाग के समीक्षा के क्रम में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, साईकल वितरण, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, बिरसा आवास योजना, वन पट्टा वितरण, छात्रावास निर्माण समेत अन्य विभागीय योजनाओं में अद्यतन प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही जाहिरस्थान, धुमकुड़िया से संबंधित जितने भी भूमि स्थानांतरण लंबित है। सभी में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। डीसी ने कहा कि डीएमएफटी मद से जो भी योजना की स्वीकृति दी गई है। उसका स्थल निरीक्षण जरूर करें। जिले में बढ़ती हुए ठंड के मद्देनजर प्रतिदिन रात में विभिन्न चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। आपके साथ, आपके लिए प्रशासन दिवस के दिन सभी पदाधिकारी दाल भात केंद्र का निरीक्षण जरूर करें एवं दाल भात केंद्र का खाना खाकर क्वालिटी का जांच अवश्य करें। उपायुक्त ने बताया कि सोमवार तक सभी प्रखंडों में कम्बल उपलब्ध करायें जाएंगे। कम्बल मिलते ही वितरण कराना शुरू करेंगे। सेविका-सहायिका चयन करने के समय वीडियोग्राफी अवश्य करायें। उ साथ ही अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता एवं सीओ को नियमित कोर्ट करने का निदेश दिया गया ताकि जमीन से जुड़े मामले का सयमबद्ध निष्पादन हो। इसके अलावा डीसी ने चापाकल एवं जलमीनार, धान अधिप्राप्ति, राजस्व, 15 वें वित्त, अनुकम्पा से संबंधित, राशन से संबंधित, निलाम पत्र से संबंधित कार्यों की बिंदुबार समीक्षा कर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारी व कर्मी को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि कल्याणकारी योजनाओं को सफल बनाना हमारी प्राथ

डीसी के निर्देश पर भी मुख्य चौक से नहीं हटाया जा सका अतिक्रमण

रोड की चौड़ाई 20 फीट से घटकर 10 फीट तक ही रह गई है

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। जिले के मधुपुर शहर के गांधी चौक पर अतिक्रमण से आए दिन राहगीरों को जाम से परेशानी का सामना करना पड़ता है। गांधी चौक के अलावा स्टेशन रोड, सरदार पटेल रोड, रामचंद्र बाजार हटिया रोड की अधिकांश सड़क अतिक्रमण की शिकार है। डीसी देवघर ने भी मधुपुर निरीक्षण के दौरान गांधी चौक से डालमिया चौक तक अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था। इसके बाद भी इन प्रमुख सड़कों से अतिक्रमण नहीं हटाया जा सका। अतिक्रमण के कारण विशेष कर स्कूली बच्चों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जाम में फंसकर प्रत्येक दिन राहगीर भी परेशान हो रहे हैं।

बताया जाता है कि अतिक्रमण के कारण 40 फीट की सड़क की चौड़ाई घटकर महज 15 फीट रह गई है। 60 फीट के गांधी चौक में भी 15 फीट की ही सड़क रह गई है। जबकि सरदार पटेल रोड और हटिया रोड की चौड़ाई 20 फीट से घटकर 10 फीट तक ही रह गई है। हटिया रोड में करोड़ों की लागत से सब्जी मंडी का निर्माण कराया गया है। इसके बाद भी इन सड़कों पर खासकर दर्जनों सब्जी और फल दुकानदार अपना कब्जा जमा लिए है। कभी -कभार नगर परिषद प्रशासन अतिक्रमण हटाने के नाम पर आधे घंटे के लिए खाना पूर्ति कर लौट जाता है।

अनुकम्पा समिति की बैठक में 16 आवेदनों को किया गया स्वीकृत : डीसी

देवघर संताल एक्सप्रेस । जिला स्थापना समिति एवं अनुकम्पा समिति से संबंधित मामलों की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान उपायुक्त ने संबंधित सभी विभिन्न विभागों, प्रखण्डों तथा अंचलों से आये अनुकम्पा से संबंधित सभी मामलों के साथ रिक्त पदों, पेंशन से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए विभिन्न कार्यालयों में सेवा निवृत हुए कर्मियों के बाद रिक्त पदों की जानकारियों से अवगत हुए। साथ ही अनुकम्प व पेंशन से जुड़े मामलों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। वहीं बैठक के दौरान वर्ग ग एवं घ पदों के लिए कुल 17 अनुकम्पा से जुड़े आवेदनों में 16 आवेदनों को स्वीकृत किया गया। इसके अलावे बैठक के दौरान आगे उपायुक्त द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया कि अनुकम्पा से संबंधित आवेदनों पर किसी प्रकार की आपत्ति है या नहीं इसकी भी जांच करा ले। साथ ही उपायुक्त ने स्थानांतरण एवं पदस्थापन को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। आगे उन्होंने अनुकम्पा के आधार पर चौकीदार के पद पर चार आवेदनों में से दो आवेदनों को समिति द्वारा स्वीकृत किया गया एवं एक आवेदन हेतु जांच प्रतिवेदन की मांग की गयी है। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त नवीन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी देवघर रवि कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी मधुपुर राजीव कुमार, जिला स्थापना उपसमाहर्ता मनोज कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी दयानन्द दूबे, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल देवघर मनोज कुमार महतो, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं संबंधित अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, चाचा ने लगाया हत्या का आरोप

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। कुंडा थाना क्षेत्र के भंडारकोला के रहने वाले एक चार वर्षीय बच्चे की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गयी। मृतक का नाम अदील अंसारी है। आदिल की मौत उसके ननिहाल दुमका जिला के तालझारी थाना क्षेत्र के बरमासा सहारा गावं में हुई है।ननिहाल के ही एक व्यक्ति द्वारा उसे इलाज के लिये देवघर सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। इधर खबर मिलते ही बच्चे के चाचा सहित गावं के काफी लोग सदर अस्पताल पहुंचे। मृतक के चाचा का कहना है कि उसका भाई जिबराइल अंसारी छत्तिसगढ़ में मजदूरी करता है। उसकी पत्नी द्वारा दहेज प्रताड़ना को लेकर केस किया गया है। उसे एक ही बेटा था जिसकी मौत हो गयी। उसकी पत्नी बच्चे को लेकर अपने मायके में रहने चली गयी थी। बच्चे के चाचा ने आरोप लगाया कि बच्चे की हत्या कर सड़क दुर्घटना का रंग देने का प्रयास भाई के ससुराल वाले कर रहे हैं। कहा कि बच्चे के सिर में हल्का खरोच है कहीं कोई गंभीर चोट के निशान नहीं है जिससे यह लगे की उसकी सड़क दुर्घटना में मौत हुई है। सदर अस्पताल प्रबंधन द्वारा बच्चे की मौत की जानकारी स्थानीय बैद्यनाथ धाम ओपी पुलिस को दे दी गयी है।

नगर पुस्तकालय के सात छात्रों का अर्धसैनिक बलों में चयन

संवाददाता

मधुपुर । नगर पुस्तकालय मधुपुर ने गुरुवार को एक बार फिर अपना गौरवशाली इतिहास रचा, जब पुस्तकालय के सात होनहार छात्रों का चयन विभिन्न अर्धसैनिक बलों में हुआ। एसएससी जीडी परीक्षा के माध्यम से इन छात्रों ने सफलता प्राप्त की, जो एक प्रेरणा का स्रोत बन गई है। सफल छात्रों में पिपरसोल के अमर कुमार दास (आईटीबीपी) और संदीप कुमार दास (सीआईएसएफ), सिरसा के रमेश कुमार (आईटीबीपी), उपरडीह बरगुनियां के कुंदन कुमार महथा (सीआईएसएफ), सिरसा के चीकू कुमार और गुड्डू कुमार (सीआईएसएफ) तथा केंदुआटांड़ पंदनिया के अजित यादव (सीआरपीएफ) शामिल हैं। इस अवसर पर पुस्तकालय के अध्यक्ष घनश्याम, सचिव पंकज पीयूष, और उपाध्यक्ष भोला भाई पटेल ने सामूहिक रूप से छात्रों का भव्य स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा, ÷यह पुस्तकालय समाज के सहयोग से चल रहा है और हर वर्ग की नई पीढ़ी को शिक्षित व सशक्त बना रहा है। पुस्तकालय में लाखों पुस्तकें हैं, जो बीपीएससी, यूपीएससी, रेलवे, जेपीएससी समेत अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं के मानकों पर खरी उतरती हैं। यहां नामांकित 1072 छात्र-छात्राओं में से प्रतिदिन 125 विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करने आते हैं। यह पुस्तकालय बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के सपनों को साकार करते हुए एक सशक्त, शिक्षित और आत्मनिर्भर समाज के निर्माण की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। कार्यक्रम ने न केवल सफल छात्रों को सम्मानित किया, बल्कि शिक्षा के महत्व को भी प्रमुखता से सामने लाया।

समाजसेवी मो. इम्तियाज के निधन पर शोक, विधायक सुरेश ने परिवार को दी सांत्वना

देवघर । देवघर जिला के देवीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जगमनियां गांव के समाजसेवी मोहम्मद इम्तियाज अंसारी का लंबी बीमारी के बाद बुधवार रात 8 बजे उनके आवास पर निधन हो गया. बताया जाता है कि वह कैंसर से पीड़ित थे और देवघर व पटना एम्स में उनका इलाज चल रहा था। उनकी अंतिम सांस ने न केवल परिवार बल्कि पूरे गांव को शोक में डुबो दिया। मोहम्मद इम्तियाज अंसारी अपनी समाजसेवा, धर्मपरायणता और ईमानदारी के लिए पूरे क्षेत्र में जाने जाते थे। वह एक किसान होने के बावजूद धार्मिक और सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते थे। उनके निधन की खबर सुनकर उनके घर पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। गुरुवार दोपहर 2ः30 बजे उनकी जनाजे की नमाज अदा की गई, जिसे दुमका से आए मौलाना अजमत रजा ने पढ़ाया। इसके बाद उन्हें देवीपुर के जगमनियां गांव के कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। अंतिम विदाई के वक्त विधायक सुरेश पासवान, जिला परिषद प्रतिनिधि मुकेश यादव, समाजसेवी सुरेंद्र यादव सहित सैकड़ों लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। मोहम्मद इम्तियाज अपने पीछे विधवा पत्नी, दो पुत्र और चार पुत्रियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके जाने से क्षेत्र ने एक सच्चा समाजसेवी खो दिया।

ज्योति कलश यात्रा की तैयारी में गायत्री परिवार

देवघर संताल एक्सप्रेस । अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों की विराट श्रृंखला में गायत्री तीर्थ हरिद्वार से आ रही ज्योति कलश यात्रा की तैयारी में देवघर जिला गायत्री परिवार द्वारा जनसंपर्क अभियान चला रही है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला उपसमन्वयक उमाकान्त राय ने बताया कि अखंड ज्योति प्राकट्य एवं वंदनीया माता जी की जन्मशताब्दी वर्ष 1926- 2026 की सफलता हेतु नवसृजन महापुरश्चरण के अंतर्गत घर घर गायत्री यज्ञ अभियान, नारी सशक्तिकरण, धर्म तंत्र से लोक शिक्षण अभियान, ग्राम तीर्थ योजना, पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण, व्यसन मुक्ति अभियान पर जिला स्तरीय कार्यक्रम की योजना बनाई जा रही है। युगद्रष्टा पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के तप, साधना, पुण्य प्रताप, ज्ञान ज्योति को जन जन तक पहुंचाने की तैयारी हो रही है।इसी श्रृंखला में 05 जनवरी 2025 को मधुपुर में गोष्ठी रखी गई है। जिला भर में जिला समन्वयक बरूण कुमार, जिला उपसमन्वयक उमाकान्त राय, युवा प्रभारी रतन भारद्वाज, प्रताप भानु, ब्रह्मचारी ज्ञान प्रकाश, शोभा बरनवाल, निशा देवी, अनुपमा देवी, संजीव लोचन मिश्र,राधा भारती, रत्ना सिन्हा आदि अग्रदूत बनकर अभियान की अगुवाई करेंगे।

सबकी योजना, सबका विकास के लिए सहजकर्ता दलो को मिला प्रशिक्षण

ग्रामसभा, महिला सभा व बाल सभा पर दिया जोर

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । मोहनपुर प्रखंड सभागार में गुरुवार को ÷सबकी योजना, सबका विकास÷ अभियान को लेकर तहत तीन दिवसीय सहज कर्ता दल के सदस्यों को प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनका सही तरीके से कार्यान्वयन सुनिश्चित करना है। एवं ग्राम सभा, महिला सभा व बाल सभा करने का जोर दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार चौधरी, मुखिया संघ का अध्यक्ष सह प्रशिक्षण अनिल कुमार साह, प्रशिक्षक जयप्रकाश यादव व प्रखंड समन्वक अशोक टुडू ने किया। इस अवसर पर बीडीओ ने वर्ष 2025 योजनाओं में चयन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए प्रशिक्षक अनिल कुमार साह ने सहजकर्ता दलों को वार्षिक कार्य योजना निर्माण करने का गुर सिखाया। आगे उन्होंने कहा कि पंचायत में नो थीमों पर योजना बनाना है। गरीबी मुक्त एवं आजिविका, बाल हितैषी, जल पर्याप्त, बुनियादी ढांचा, स्वस्थ्य, स्वच्छ व हरा-भरा, समाजिक रूप से न्याय संगत, समाजिक रूप से सुरक्षित एवं महिला हितैषी पंचायत बनाने का विधि बताया। साथ ही मुखिया ने कहा कि जिस पंचायत में ग्राम सभा क्रियाशील बीना स्वशासन राज का प्रकिल्पना करना उचित नहीं है।

टाइल्स मिस्त्री और उसकी पत्नी को मारपीट कर किया घायल

देवघर। रिखिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मारपीट कर दंपत्ति को घायल कर दिये जाने का मामला सामने आया है। मामला थाना क्षेत्र के गौरीगंज की है। घायल दोनो पति पत्नी का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घायल का नाम सुधीर मंडल और राधीका देवी है जो जिले के सोनारायठढ़ी थाना क्षेत्र के जरकाबाद का रहने वाला है। घायल सुधीर मंडल ने बताया कि वह टाइल्स मिस्त्री का कार्य करता है। रिखिया थाना क्षेत्र के गौरीगंज में एक व्यक्ति के घर कार्य कर रहा था। बताया की उसकी पत्नी बीमार थी इसी वजह से गृहस्वामी के घर काम बंद कर दिया था। कहा कि गुरूवार को वह पत्नी के साथ उसके घर अपना औजार लाने गये थे। उसी क्रम में उसके साथ मारपीट कर दिया गया। रड से वार कर दिया जिससे सिर में गंभीर चोट लग गयी। वहीं साथ में आयी पत्नी के साथ भी मारपीट किया गया।

Office of the Executive Engineer
Drinking Water & Sanitation Division, Deoghar

E-Procurement short Notice

Very- Very Short E-Tender reference no- 69/DWSD/DEO(SP)/2024-25 Date- 02.01.2024

1	Name of the Work	Supply of Spare parts of deep well hand pump India Mark-II Conforming to I.S: 9301-1990 with latest amendment (may be read along with Ist amendment IS: 15500(Part 1-7) 2004 with latest amendment for spares of India Mark- II respectively) under D.W.& S. Division, Deoghar for the year 2024-25.
2	Estimated Cost (In lakh)	23.706 Lakh
3	B.O.Q Cost (In Rs.)	5,000.00
4	Earnest Money (In Rs.)	47,500.00
5	Time of Completion	01 Month.
6	वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	06.01.2025/ 04.30 P.M.
7	निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय	11.01.2025/ 05.00 P.M.
8	सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राषि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय	11.01.2025/05.00 P.M.
9	तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय	13.01.2025/ 02.30 P.M.
10	Name & address of office inviting tender	Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Deoghar
11	Contact no of E-Procurement help line	0651–2480345

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Drinking water & Sanitation Division, Deoghar

PR 343428 (Drinking Water and Sanitation)24-25*D

पिकनिक में शामिल नहीं करने पर युवक को रड से मारकर किया जख्मी

देवघर(संताल एक्सप्रेस संवाददाता)। जिले के मारगोमुंडा थाना क्षेत्र के खिजुरियाटांड़ ग्राम निवासी राजू मंडल को गांव के ही प्रवीण मंडल ने रड से मारकर जख्मी कर दिया। घटना के संबंध में राजू मंडल ने बताया कि नववर्ष के मौके पर वह अपने परिवार के साथ गांव से सटे खेत में पिकनिक मनाने के लिए गया था। इसी बीच प्रवीण मंडल ने उसे फोन कर कहा कि उसे पिकनिक में शामिल नहीं करने का अंजाम शाम तक भुगतना पड़ेगा। इसके बाद शाम को जब राजू मंडल अपने घर जा रहा था, तो इसी बीच प्रवीण मंडल पीछे से आकर रड से उसके माथे पर वार कर दिया। जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया। घटना के बाद आसपास के लोग जुटे। इसके बाद प्रवीण मंडल भाग गया। घटना के बाद राजू मंडल ने थाना में लिखित आवेदन देकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

सरकारी कार्य में बाधा एवं पुलिसकर्मी से हथियार छिनने के प्रयास को लेकर प्राथमिकी दर्ज

देवघर। देवीपुर थाना में सरकारी कार्य में बाधा एवं पुलिसकर्मी से हथियार छिनने के प्रयास को लेकर मामला दर्ज कराया गया है। यह मामला थाना में पुअनि अजय सोये के बयान पर दर्ज किया गया है। मामले में नीलकंठ मिर्धा, सुनील कुमार तुरी, रिंकू तुरी, गांगो मिर्धा, विशाल तुरी, दुर्गी देवी, गोल्का तुरी, विकास गोस्वामी, साकिन तिलौना, आनंदी तुरी उर्फ गुलशन साकिन गिधनी थाना जसीडीह सहित अन्य 8-10 अज्ञात को आरोपी बनाया गया है। इस मामले में पुलिस ने नीलकंठ मिर्धा, सुनील कुमार तुरी, रिंकू तुरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी में पुलिस जुट गयी है।

उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, देवघर
(जिला खेल कार्यालय, देवघर)

सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड खेल प्राधिकरण, झारखण्ड, रॉची द्वारा देवघर जिलान्तर्गत मेगा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स कुमैठा स्टेडियम, देवघर में संचालित कबड्डी (बालक), बैडमिन्टन (बालिका) एवं एथलेटिक्स (बालक) क्रीड़ा किसलय केन्द्र में प्रशिक्षक के रिक्त पद पर दैनिक पारिश्रमिक के आधार पर अस्थायी रूप से प्रशिक्षक का चयन हेतु समाचार पत्र में प्रकाशित सूचना PR340543 दिनांक–28.11.2024 के विरूद्व इच्छुक आवेदकों द्वारा प्रकाशित सूचना में अंकित अहर्त्ता के अनुसार प्राप्त कुल–16 आवेदको में से स्कुटनी के पश्चात् कुल–14 आवेदकों को समिति द्वारा साक्षात्कार हेतु चयन किया गया। उक्त चयनित आवेदकों का साक्षात्कार दिनांक–03.01.2025 समय 11:30 बजे पूवार्हन में विकास भवन स्थित सभागार कक्ष में गठित समिति के समक्ष किया जाना है। उक्त साक्षात्कार में आप सभी चयनित आवेदक ससमय निर्धारित स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

नोटः–चयनित आवेदको का सूची देवघर जिले के वेबसाईट www.deoghar.nic.in एवं जिला खेल कार्यालय देवघर के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

जिला खेल पदाधिकारी,
देवघर

PR 343394 Deoghar(24-25)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, दुमका
Email:- eengbcddumka-jhr@nic.in

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–20/2024–25

1 विज्ञापनदाता का नाम – कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, दुमका।
2 परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय – 21.01.2025 1:00बजे अपराहन तक।
3 मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 22.01.2025 3:00बजे अपराहन तक।
4 मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 22.01.2025 3:30बजे अपराहन।
5 परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान – (क) अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दुमका का कार्यालय। (ख) कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, दुमका का कार्यालय। (ग) सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमण्डल, दुमका का कार्यालय।
6 निविदा प्राप्ति का स्थान – क्रमांक 5 में वर्णित स्थानों पर।
7 कार्य की विवरणी –

क्र0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
01	DEVELOPMENT & RENOVATION WORK FOR OFFICE OF THE JUNIOR PLANT PROTECTION OFFICER, DIST-DUMKA	Rs.41,69,200.00	रू0–83,400.00	रू0–5,000.00	3 Months

1.नोट :– निविदा की शेष शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल,दुमका

PR 343398 Building(24-25).D

देवघर : 5 जनवरी को कई ट्रेनें रहेंगी रद्द, कुछ के मार्ग का पुनर्निधारण

देवघर वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस को 40 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। आसनसोल मंडल के झाझा-सीतारामपुर सेक्शन में फुट ओवरब्रिज को हटाने और सीमित ऊंचाई वाले सबवे और फुट ओवरब्रिज को शुरू करने के लिए 05 जनवरी (रविवार) को पावर और ट्रैफिक ब्लॉक की योजना बनाई गई है। इसके परिणामस्वरूप ट्रेन चलाने में नई व्यवस्था की गई है,जिसमें 04 जनवरी को पैसेंजर (मेमू) रद्द रहेगी,63571 जसीडीह-मोकामा मेमू।

05 जनवरी को पैसेंजर (मेमू) का रद्दकरण

63562 बैद्यनाथ धाम-आसनसोल मेमू,63298 झाझा-देवघर मेमू,63209 देवघर-पटना मेमू, 63572 मोकामा-जसीडीह मेमू,63561 आसनसोल-जसीडीह मेमू,63570 बैद्यनाथ धाम-आसनसोल मेमू,63545 अंडाल-जसीडीह मेमू,63546 जसीडीह-अंडाल मेमू,63565 जसीडीह-झाझा मेमू,63566 झाझा-जसीडीह मेमू, 63573 जसीडीह-किऊल मेमू,63574 किऊल-जसीडीह मेमू।

मेल/एक्सप्रेस को रद्द करना

13319 दुमका-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस (05 जनवरी को होने वाली यात्रा) संक्षिप्त समापन /संक्षिप्त प्रारम्भ- 63509/10 बर्द्धमान-झाझा-बर्धमान मेमू (05 जनवरी को होने वाली यात्रा) आसनसोल में ही संक्षिप्त रूप से समाप्त कर दी जाएगी/और वापसी में आसनसोल से ही शुरू होगी। 17321 वास्को-डी-गामा-जसीडीह साप्ताहिक एक्सप्रेस (03 जनवरी को होने वाली यात्रा) चित्तरंजन में ही संक्षिप्त रूप से समाप्त कर दी जाएगी। 18183/84 टाटानगर-बक्सर-टाटानगर एक्सप्रेस (05 जनवरी को होने वाली यात्रा) आसनसोल में ही संक्षिप्त रूप से समाप्त कर दिया जायेगा और वापसी में आसनसोल से ही शुरू होंगी। (आसनसोल-बक्सर-आसनसोल के बीच परिचालन सेवा रद्द रहेगी)।

ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन

12304 नई दिल्ली-हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस (04 जनवरी को होने वाली यात्रा) को पंडित दीन दयाल उपाध्याय-धनबाद-सीतारामपुर के रास्ते चलाया जाएगा। 12326 नंगल डैम-कोलकाता गुरुमुखी सुपर फास्ट एक्सप्रेस (04 जनवरी को होने वाली यात्रा) को पंडित दीन दयाल उपाध्याय-धनबाद के रास्ते चलाया जाएगा। 13044 रक्सौल - हावड़ा एक्सप्रेस (04 जनवरी को होने वाली यात्रा) को किऊल - रामपुरहाट - बर्द्धमान के रास्ते चलाया जाएगा। 13331/32 धनबाद - पटना - धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस (05 जनवरी को होने वाली यात्रा) को दोनों दिशाओं में गया के रास्ते चलाया जाएगा। 13508 गोरखपुर - आसनसोल एक्सप्रेस (04 जनवरी को होने वाली यात्रा) को किउल-रामपुरहाट-सीतारामपुर अंडाल - आसनसोल के रास्ते चलाया जाएगा।

05 जनवरी को पुनर्निर्धारित-

12317 कोलकाता अमृतसर अकाल तख्त एक्सप्रेस को 2 घंटे 10 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। 22197 कोलकाता - वीजीएल झांसी प्रथम स्वतंत्रता संग्राम एक्सप्रेस को 1 घंटे 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। 22500 वाराणसी - देवघर वंदे भारत एक्सप्रेस को 40 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। 22499 देवघर - वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस को 40 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। 17006 रक्सौल-हैदराबाद साप्ताहिक एक्सप्रेस 1 घंटे 20 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा । 22348 पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस 2 घंटे 50 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा । 22347 हावड़ा-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस 2 घंटे 50 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा । 02024 पटना-हावड़ा स्पेशल 5 घंटे 20 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जायेगा। 02023 हावड़ा-पटना स्पेशल 5 घंटे 20 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा।

e –PROCUREMENT CELL
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING DIVISION,DIST-PAKUR
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, GOVT.OF JHARKHAND

Very Short e-PROCUREMENT TENDER NOTICE

TenderReferenceNo:-32/2024-25/EE/BCD/PAKUR Date:-2-1-2025
(2ND CALL)

(i) LIST OF WORKS-

S. N.	NAMEOF WORK	ESTIMATED COST (RS.)	COST OF BOQ (RS.)	EARNEST MONEY (RS)	DATE OF COMPLETION	TENDER ID
1	CONSTRUCTION OF BOUNDARY WALL WITH GATEAT UMS SATHIA, PANCHAYAT -SONADHANI,BLOCK - LITTIPADA	2858300.00	5000.00	57200.00	THREE MONTHS	2024_BCD_95692_1
2	CONSTRUCTION OF BOUNDARY WALL WITH GATEAT UHS BADASARSA, PANCHAYAT - BADASARSA ,BLOCK -LITTIPADA	3164300.00	5000.00	63300.00	THREE MONTHS	2024_BCD_95692_2

(ii)	DATE OF TENDER PUBLISHED ON WEBSITE-2.1.25
(iii)	LAST DATE AND TIME OF TENDER RECEIVING ON WEBSITE -13.01.25 UPTO 5.00 PM
(iv)	TENDER OPENING PLACE WITH DATE AND TIME - OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING DIVISION, PAKUR, ON 15.01.25 FROM11.30AM
(v)	TENDER INVITING OFFICE WITH ADDRESS-e-PROCUREMENT CELL, OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING DIVISION, PAKUR
(vi)	CONTACT NO.OF e-PROCUREMENT OFFICER 9279718158
(vii)	HELP LINE NO.OF e-PROCUREMENT CELL 6201837151

Further details and subsequent amendments can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

NODAL OFFICER
e -PROCUREMENT CELL
- CUM -EXECUTIVE ENGINEER
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING DIVISION, DIST - PAKUR

PR 343382 (Building) 24-25 (D)

दो कार के आमने-सामने टक्कर में कार के उड़े परखच्चे, सभी सवार सुरक्षित

मेहरमा संवाददाता ~ थाना क्षेत्र के डोय ढोलीया पुल के समीप बुधवार की देर शाम दो कार की आमने-सामने टक्कर होने से कार पर बैठ चालक समेत छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है ललमटिया- मेहरमा के मुख्य मार्ग ढोलीया नदी के समीप एक दुसरे की विपरीत दिशा में आ रही दो कारें आमने सामने से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक कार की परखच्चे उड़ गए जबकि दुसरी कार गड्ढे में जा गिरी। इधर घटना की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों को मिलते ही घटना स्थल पहुंच कर सभी घायल लोगों को बहार निकाला। मेहरमा पुलिस ग्रामीणों की मदद से घायल लोगों को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मेहरमा ईलाज के लिए ले गया। मौके पर उपस्थित डाक्टर ने घायल लोगों की इलाज कर समान्य बताया है। वही पुलिस दुर्घटना ग्रस्त वाहन को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच मे जुट गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नये साल मनाने के लिए जा रहे कार की दुर्घटना हुआ है।

ग्राम पंचायत सहजकर्त्ता दल के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

नाला (जामताड़ा)-- गुरुवार को नाला प्रखंड सभागार में सबकी योजना सबका विकास अभियान 2024 अंतर्गत ग्राम पंचायत सहजकर्त्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण में पंचायत राज समन्वयक तरुण कुमार हेंब्रम तथा नाला पंचायत के मुखिया अजित मुर्मू के द्वारा प्रशिक्षण दी गई।इस दौरान ग्राम पंचायत विकास योजना अभियान के तहत जीपीएफटी सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया।इस क्रम में गरीबी मुक्त और उन्नत आजीविका ग्राम तथा स्वास्थ्य ग्राम, बाल हितैषी ग्राम,पर्याप्त जलयुक्त ग्राम सहित विभिन्न बिंदु पर चर्चा की गई।इस दौरान स्थानीय लक्ष्य के अंतर्गत विभिन्न संस्थानो, हितकारों के बीच समन्वय और अभिसरण ,गांव में साझेदारी और सहयोग स्थापित करना तथा एलएसडीजी में युवाओं बच्चों तथा एसएचजी की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा प्रौद्योगिकी के उपयोग द्वारा बेहतर सार्वजनिक सेवा वितरण को बढ़ावा देना,स्थानीय कार्यवाही के अंतर्गत एकीकृत जीपीडीपी तैयार करना, ग्राम पंचायतो में सूचना पटल,विभिन्न केंद्रीय और राज्य योजनाओ के बारे में जागरूकता,आरटीआई शिकायतों का समय पर निपटान, समाज में कमजोर और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की पहचान करना तथा मजबूत ग्राम आईसीटी के उपयोग के माध्यम से सेवाओं का प्रभावी वितरण सहित अन्य बिंदुओ पर चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।इस अवसर पर फुलमनी बास्की,सुजीत मरांडी,चंदा देवी,मानिक हेमब्रम,रंजीत कुमार माजी,कृष्णपद पातर,चंदना गोराई,प्रवीर मंडल,सजनी हांसदा,बनालता राना, जगबंधु पांडे, विश्वनाथ सोरेन,तापस मंडल, समाप्ति माजी,सुनीता मिर्धा,सुकुमार मरांडी, कुमारी रीना,संतोष कुमार मंडल,राधिका कुमारी पाल, शेख इलियास, मनोरंजन हांसदा,उत्तम कुमार दास सहित माड़ालों, फूटबेड़िया, सालुका,चकनयापाड़ा नाला आदि पंचायत के सहजकर्त्ता दल के सदस्य मौजूद थे।

जामताड़ा के 6 खिलाड़ी राष्ट्रीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

जामताड़ा। जिम्नास्टिक खेल में जिले के 6 खिलाड़ी सूरत शहर में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिम्नास्टिक फैडरेशन और इंडिया के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता 2024 का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय इनडोर स्टेडियम सूरत में 2 जनवरी से 4 जनवरी 2024 तक आयोजित की गई है। झारखंड राज्य जिम्नास्टिक संघ द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जामताड़ा के कुल 6 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता में किया गया है। सभी खिलाड़ी देर रात ट्रेन से सूरत के लिए रवाना हुए। जानकारी देते हुए सचिव राजीव साव ने बताया कि जिमनास्टिक एक प्रकार का खेल है जिसमें संतुलन, शक्ति, लचीलापन, चपलता, समन्वय, कलात्मकता और धीरज की आवश्यकता वाले शारीरिक व्यायाम शामिल हैं। जिमनास्टिक में शामिल गतिविधियाँ हाथ, पैर, कंधे, पीठ, छाती और पेट की मांसपेशी समूहों के विकास में योगदान करती हैं। जिला से चयनित खिलाड़ियों में अंकन घोष, अनुराधा बाउरी, दीप्तायन घोष, आदर्श प्रसाद, अभिषेक बाउरी, सुजय बाउरी शामिल है। इस अवसर पर कोच विनय बिस्वास, अरुण घोष, रंजन प्रसाद सरुप बिस्वास ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

सड़क सुरक्षा माह के तहत परिवहन विभाग ने लगाया नेत्र जांच शिविर

जामताड़ा ~ जिला परिवहन विभाग की तरफ से सड़क सुरक्षा माह के तहत गुरुवार को मुख्य बस पड़ाव में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य रूप से सवारी वाहन से जुड़े चालक, खलासी, कंडक्टर, ऑटो चालक, टोटो चालक आदि का नेत्र जांच किया गया। नेत्र जांच के साथ ही विभाग के द्वारा सभी को निःशुल्क चश्मा भी मुहैया कराया गया। मौके पर उपस्थित सड़क सुरक्षा समिति के तौसीफ जलीली ने बताया कि 1 जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया गया है। जिसके तहत विभिन्न प्रकार के जागरूकता और स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। बताया कि विभाग के द्वारा 14 जनवरी को पतंगबाजी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाना है। इस मौके पर उपस्थित पतंगबाजों को हीट एंड रन से संबंधित जानकारी देकर जागरूक बनाना है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी आए। इस शिविर में सैकड़ो की संख्या में चालक और सहयोगी नेत्र जांच के लिए शिविर में पहुंचे। शिविर में नेत्र जांच के अलावा ब्लड प्रेशर, शुगर आदि जांच की व्यवस्था भी की गई थी। इस मौके पर नेत्र जांच के लिए अशोक चौधरी के साथ अलता कुमारी, दिगंबर सिंह, रोहित कुमार, बबलू कुमार आदि उपस्थित थे।

पीएम जनमन योजना को लेकर की समीक्षा बैठक,दिए आवश्यक निर्देश

संवाददाता

बोरियो,साहिबगंज ।बोरीयो प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को आईटीडीए के परियोजना निदेशक संजय कुमार दास ने समीक्षा बैठक की।बैठक में बीडीओ नागेश्वर साव,महिला पर्यवेक्षिका व प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत के मुखिया,आंगनबाड़ी सेविकाएं उपस्थित थे। निदेशक ने प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान (पीएम जनमन) योजना पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।वहीं उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत पीटीजी समुदाय के परिवारों को योजना का लाभ दिलाना है।उन्होंने पीएम जनमन योजना के तहत पीवीटीजी परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के साथ-साथ पीटीजी टोलों में सड़क, पेयजल समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं मुहैया कराने की बात कही।उन्होंने बताया कि पीएम जन मन के तहत साहिबगंज जिले के सभी पीटीजी गांवों में सर्वे करा रहे है इससे पहले भी सर्वे करा चुके है लेकिन कुछ त्रुटि रह गई है जिसमें जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं को कार्यों में लगाया है।जिसमें कितना सर्वे रिपोर्ट आया है उसी का समीक्षा बैठक की गई। साथ ही एक सफ्ताह के अंदर सभी गांवों का रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया गया है।इस मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, बीडीओ नागेश्वर साव, सीडीपीओ, सभी महिला पर्यवेक्षिका एवं आंगनबाड़ी सेविका सहित अन्य मौजूद थे।

मोटरसाइकिल गैराज से एक युवक का शव बरामद

संथाल एक्सप्रेस/संवादाता बरहरवा~ थाना क्षेत्र का अंतर्गत कहार पाड़ा स्थित एक नया मोटरसाइकिल गैरेज के अंदर से पुलिस ने फांसी के फंदे से झूलता हुआ 18 वर्षीय युवक का शव को बरामद किया है. पुलिस के सहयोग से युवक के शव को फांसी के फंदे से उतरा गया। युवक की शिनाख्त अजीत रवानी कहारपाड़ा बड़हरवा निवासी के पुत्र किशन रवानी के रूप में किया गया. घटना की जानकारी मोटरसाइकिल गैरेज के एक मिस्त्री ने बरहरवा पुलिस को दिया. घटना की सूचना पाकर बरहरवा थाना के एसआई सुदामा अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया,परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार बीते बुधवार को सुबह 9 बजे घर से पिकनिक मनाने के लिए गया था. गुरुवार को दिग्घी- फरक्का बाईपास के मोटर साइकिल गैराज में उसका शव को फांसी के फंदे में झूलता हुआ देखा गया. और मृतक उसी गैराज में मिस्त्री का करता था.मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस के मुताबिक शव को पोस्टमार्टम हेतु अनुमंडल अस्पताल राजमहल भेज दिया गया। मैडम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ बताया जाएगा। फिलहाल घटना की जांच कि जा रहा है.

डीएस ने डॉ रणविजय को किया शोकॉज

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज। सदर अस्पताल उपाधीक्षक ने डॉ रणविजय को शोकॉज किया है। जिसमें डीएस ने बताया कि 2 जनवरी को उनके अस्पताल निरीक्षण के दौरान अल्ट्रासाउंड कक्ष में डॉ रणविजय अनुपस्थित पाए गए। अस्पताल प्रबंधक ने बताया था कि अल्ट्रासाउंड मशीन ठीक करा दी गई है। इसके बावजूद डॉ रणविजय कर्तव्य से अनुपस्थित पाए गए। उन्होंने 24 घंटे में शोकॉज का जवाब देने व जवाब नहीं देने पर उक्त तिथि का वेतन अवरुद्ध करने की अनुशंसा करने की बात कही है।

पत्थर खदान के समीप से अज्ञात शव बरामद

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज मंडरो। मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के दामिनभिटा ग्राम के समीप एक पत्थर खदान के आसपास से गुरूवार को 65 वर्षीय अज्ञात वृद्ध व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी मच गई। थाना के सहायक अवर निरीक्षक अरूणजय सिंह के नेतृत्व में सशस्त्र पुलिस बलों ने अज्ञात व्यक्ति का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जहां डॉ पिंकू चौधरी ने शव का पोस्टमार्टम किया। खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी।

थाना प्रभारी ने कार्यवाई का दिया आश्वासन

राधानगर थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय ने उनकी मांगों को गंभीरता से लिया और उन्हें कार्यवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यदि क्षेत्र में किसी भी अपराधिक घटनाएं घटती है तो अविलंब पुलिस को इसकी सूचना दे। पुलिस जरूर कार्रवाई करेगी। संगठन ने थाना प्रभारी को धन्यवाद दिया और उन्हें आश्वासन दिया कि वे समाज में शांति और सुरक्षा बनाए रखने में उनका सहयोग करेंगे। मो. मिस्बाउद्दीन शेख, मो यूसुफ आलम, मो नईम अख्तर, मो मन्नू शेख, अबुल कलाम आजाद, मौलाना फारुक हुसैन शमशी, मो बदरुद्दीन, हाफिज सईद, सद्दाम हुसैन आदि थे।

3 जनवरी को नाला पीडब्ल्यूडी में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की होगी बैठक

नाला (जामताड़ा) ~- 3 जनवरी शुक्रवार को नाला पीडब्ल्यूडी में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक होगी। इस आशय की जानकारी जिला सचिव भुजंग भुषण तिवारी एवं जिला अध्यक्ष नारायण मंडल ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने कहा कि 3 जनवरी अमर पुरोधा मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा जी की जयन्ती को देखते हुए झारखंड आंदोलन कारी संघर्ष मोर्चा जामताड़ा जिला इकाई की बैठक नाला प्रखंड स्थित पीडब्ल्यूडी में आयोजित किया जाएगा एवं सभी सम्मानीय चिन्हित आंदोलन कारी झारखंड सरकार से मांग किया जाएगा कि आगामी कल शुक्रवार को झारखंड आंदोलन कारी दिवस घोषित की जाए।ताकि पुरे झारखंड में झारखंड आंदोलन कारी अपने आपको गौरवान्वित महसूस करे।इसके अलावे विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी।

मुख्यालय डीएसपी कार्यालय में कार्यरत होमगार्ड जवान को दिया विदाई

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज साहिबगंज पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय में कार्यरत होमगार्ड जवान अरविंद कुमार झा के सेवानिवृत होने के बाद गुरुवार को कार्यालय परिसर में सम्मानित किया गया। मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा सहित अन्य ने होमगार्ड जवान को फूल माला पहनाकर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया ओर आकर्षक गिफ्ट देकर विदा किया। सभी कर्मियों व अंगरक्षक ने नम आंखों से विदा किया। उन्होंने 40 वर्ष सेवा दिया।

अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक को शोकॉज

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज। सिविल सर्जन डॉ प्रवीण कुमार संथालिया ने राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ उदय टूडू को शोकॉज किया है। जिसमें बताया गया है कि सदर अस्पताल में 5 जनवरी को मेगा वोमेन कैंप के आयोजन को लेकर 31 दिसंबर 2024 से 5 जनवरी 2025 तक सभी चिकित्सा को एवं कर्मियों की छुट्टी रद्द कर दी गई थी। लेकिन उच्च अधिकारी के आदेश की अवहेलना कर अनुमंडलीय अस्पताल उपाधीक्षक डॉ उदय टूडू बिना किसी पूर्व सूचना के एवं अवकाश स्वीकृत कराए बिना 31 दिसंबर 2024 से 3 जनवरी 2025 तक अवकाश पर चले जाने का आवेदन प्राप्त हुआ है। सीएस ने डॉ उदय टूडू की छुट्टी के आवेदन को रद्द करते हुए अवकाश अवधि का वेतन अवरुद्ध कर दिया है। वहीं उन्हें 24 घंटे के अंदर अस्पताल में योगदान करते हुए स्पष्टीकरण का जवाब देने का निर्देश दिया गया है।

झारखंड समाज सेवा संगठन ने डीजे,बाल विवाह, अवैध शराब एवं जुआ खेलने पर रोक लगाने की मांग

संताल एक्सप्रेस संवाददाता उधवा। झारखंड समाज सेवा संगठन ने गुरुवार को राधानगर थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय से शिष्टाचार मुलाकात की। थाना प्रभारी से शिष्टाचार मुलाकात के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। जिनमें डीजे, बाल विवाह, सड़क सुरक्षा, शराब और जुआ जैसे मुद्दे शामिल थे। उन्होंने इन मुद्दों पर अंकुश लगाने की मांग की, ताकि समाज में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे। संगठन के कार्यकर्ताओं ने बताया कि झारखंड उच्च न्यायालय ने डीजे पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगा दी है। जिसके बावजूद क्षेत्र में डीजे की शोर हर चौक चौराहे गली मोहल्लों में गूंज रही है। जिससे क्षेत्रवासियों को काफी परेशानी होती है। डीजे की शोर से लोगों के स्वास्थ्य पर भी इसका गहरा असर पड़ रहा है। डीजे संचालक उच्च न्यायालय के निर्देशों का खुलेआम उलंघन कर रहे है। इस पर यथासीघ्र अंकुश लगाया जाए। वही जुआ को लेकर कहा कि क्षेत्र में धड़ल्ले से जुआ संचालित हो रहा है। जिससे जुआ अड्डे पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। शराब का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। शराब के चपेट में आए दिन युवा वर्ग,बुजुर्ग लोगों का भविष्य बरबाद होने की कगार पर है। इस पर अंकुश लगाकर शराब पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने की मांग की गई।वही बाल विवाह को लेकर पुलिस प्रशासन से मदद मांगी गई। कहा गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आए दिन बाल विवाह काफी तेजी से बढ़ रहे है। इससे कम उम्र की लड़की की जिंदगी दांव पर है। ये न केवल बच्चों के भविष्य को प्रभावित करती है बल्कि समाज के विकास को भी रोकती है। बाल विवाह की रोकथाम को लेकर क्षेत्र में शिक्षित और जागरूक के लिए थाना प्रभारी से मदद मांगी गई।सड़क सुरक्षा को लेकर कहा गया कि इन दिनों तेज रफ्तार से मोटरसाइकिल सड़कों पर फर्राटे मार रहे है,जिससे सड़क दुर्घटना में तेजी से इजाफा हो रहा है। सड़क सुरक्षा के नियमों को ताक पर रखकर लोग शराब पीकर बगैर हेलमेट के बाइक चला रहे है।

भाजपा जिलाध्यक्ष को मातृ शोक,अंतिम संस्कार आज।

साहिबगंज।भाजपा जिलाध्यक्ष उज्ज्वल मंडल की माता का निधन कोलकाता के अस्पताल में गुरुवार की सुबह इलाज के दौरान हो गया। बताया कि काफी लंबे समय से बीमार थी और इलाज चल रहा था।जिला भाजपा के प्रमुख नेता व कार्यकर्ता सहित अन्य राजनीतिक दलों के नेता ने शोक जताई है।राजमहल के विधायक एमटी राजा,पूर्व विधायक अनंत ओझा, पूर्व विधायक ताला मरांडी,वरिष्ठ नेता रणधीर सिंह,कमल कृष्ण भगत,संजय,अरविंद गुप्ता,शत्रुघन यादव, सीताराम सिंह,कैयुम अकरम,गयासुद्दीन चुन्ना, हाशिमअंसारी,अब्दुल्ला अंसारी,पप्पू साह, प्रभात मिश्रा एवं अन्य ने भाजपा जिला अध्यक्ष की माता के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

डीबीएल कोल कंपनी ने किया कम्बल का वितरण

संताल एक्सप्रेस संवाददाता आमरापाडा (पाकुड़)पचुवारा सेंट्रल कोल परियोजना के बिस्थापित गाँव कथाल्डीह के बुजुर्गों के बीच डीबीएल कोल कंपनी ने सीएसआर मद के तहत कथाल्डीह गाँव में कम्बल वितरण किया गया। यह कार्यक्रम कड़ाके की ठंड को देखते हुए आयोजित किया गया था, जिससे बुजुर्गों को राहत मिल सके। इस कम्बल वितरण कार्यक्रम में कंपनी के सीएसआर मैनेजर अनिरुध दास, मनोज मोदक, लाजनिग मैनेजर जे पी राय, संजय दास सहित कई कर्मी व ग्राम प्रधान नायिकी सोरेन, सोनाराम सोरेन एवं अन्य लोग मौजूद थे। डीबीएल कोल कंपनी के एवीपी बर्जेश कुमार ने बताया कि इस तरह का कार्यक्रम अन्य गाँव में कर बुजुर्गों के बीच कम्बल वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कंपनी का मुख्य उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों की मदद करना और उनके जीवन को बेहतर बनाना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से डीबीएल कोल कंपनी ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को पूरा करने का प्रयास किया है। कंपनी की इस पहल से कथाल्डीह गाँव के बुजुर्गों को न केवल राहत मिलेगी बल्कि उन्हें यह भी महसूस होगा कि वे समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

शत-प्रतिशत पीवीटीजी परिवारों को मिले पीएम जनमन योजना का लाभ

साहिबगंज। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान(पीएम जनमन) योजना का लाभ शत-प्रतिशत पीवीटीजी समुदाय के परिवारों को दिलाने को लेकर बोरियो प्रखण्ड के सभागार में गुरुवार को परियोजना निदेशक,आईटीडीए,संजय कुमार दास ने सभी महिला पर्यवेक्षिका एवं आंगनबाड़ी सेविका के साथ बैठक की।बैठक में कहा कि पीएम जनमन योजना के तहत पीवीटीजी परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं आदि का लाभ दिलाने एवं पीवीटीजी टोलों में सड़क,पेयजल समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करना है।मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी नागेश्वर साव, सभी महिला पर्यवेक्षिका एवं आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित थी।

लाल बथानी मनिहारी घाट के बीच नाव परिचालन का थाना प्रभारी ने किया उद्घाटन

साहिबगंज। सदर प्रखंड अंतर्गत मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लालबथानी घाट से बिहार के कटिहार जिलाअंतर्गत मनिहारी घाट परिचलन के लिए गुरुवार को साहिबगंज मुफ्फसिल थाना प्रभारी मदन कुमार,बीस सूत्री अध्यक्ष मो मोजम्मील हक एवं युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कौसर आलम ने संयुक्त रूप से फीता काट कर नाव का परिचलन किया।वहीं युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कौसर आलम ने बताया कि अब नाव का परिचालन शुरू हो जाने से लालबथानी घाट से मनिहारी जाने के लिए लोगों का समस्या नहीं होगा। जबकि कुछ नव यात्रियों ने कहा कि नाव में यात्रा के दौरान यात्रियों की सुरक्षा को लेकर पुख्ता व्यवस्था होनी चाहिए ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके। वहीं कुछ लोगों ने कहा कि कभी-कभी यात्रियों से मनमाना किराया की वसूली की जाती है इसलिए निर्धारित किराए की सूची घाट पर बोर्ड पर अंकित होना चाहिए।मौके पर मखमलपुर दक्षिण पंचायत के उपमुखिया शफीक आलम,मो जबीर,मो जहांगीर,मो शुकरदी,जियाउल हक,नौशाद अली,हबीबुर्रहमान,अख्तर आलम,मो अकरम,तंजीर आलम,एजारूल हक,मो हकीम,अबदूर रहीम,महताब,रज़्ज़ाक आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह पर हुई नेत्र जॉच।

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज

साहिबगंज।जिला परिवहन विभाग द्वारा गुरुवार को राष्ट्रीय सड़क माह अंतर्गत सदर अस्पताल एवं बस स्टैंड में निशुल्क नेत्र जाँच शिविर लगाया गया।सड़क दुर्घटना में कमी लाने हेतु निशुल्क नेत्र जांच अभियान सभी वाहन चालकों के लिए लगाया गया। जिसमें सभी वाहन चालकों का विजन टेस्ट कलर एक्यूरेसी टेस्ट आदि जांच किया गया।जिसमें कई चालकों को निशुल्क चश्मा एवं दवाइयां दी गई।यह निशुल्क नेत्र जांच शिविर का उद्देश्य यह है कि सभी वाहन चालकों का आंखों का दृष्टि सही बनी रहे एवं आंखों की समस्या एवं दृष्टिबाधित्ता से बचे रहे।साथ ही सड़क सुरक्षा से संबंधित हैंड बिल,बुकलेट एवं पंपलेट वितरण किया गया। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश चौधरी के साथ जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह,रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पाराशर,आईटी सहायक राजहंस एवं सदर अस्पताल के नेत्र जांचकर्ता मौजूद रहे।

अधिवक्ता को किया भयभीत,थाने में आवेदन।

साहिबगंज।ज़िला अधिवक्ता संघ के अधिवक्ता नगर थाना क्षेत्र के पटनियां टोला निवासी चंद्र शेखर प्रसाद सिन्हा ने जिरवाबाड़ी थाना में आवेदन देकर उचित करवाई की गुहार लगाई है।दिए आवेदन में उन्होंने बताया कि 2 जनवरी की सुबह 10~30 बजे पश्चिमी रेलवे फाटक से टोटो से कोर्ट जा रहा था।तभी पीछे से किसी ने कुछ दूरी से उसपर पिस्तौल चला दिया।लेकिन फायर नहीं हुआ। बताया कि फायर करने वाले नारंगी कलर का जैकेट पहने उक्त व्यक्ति हटिया की तरफ भाग गया। टोटो वाले से पूछने पर बताया कि लगता है किसी ने आपके ऊपर खिलौने वाला पिस्तौल चालया है।उन्होंने आशंका जताई कि एक टाइटल शूट केस में अधिवक्ता थे।जिसकी दखलदहानी सितंबर 2024 में हुआ है।इसी दुश्मनी से उक्त केस के विपक्षी सुरेश प्रसाद तांती या उनके परिवार के किसी सदस्य ने उनकी जान लेने या ऐसा किया या करवाया जा रहा है।

मारपीट की घटना में एक घायल

पथरगामा । नव वर्ष पर जहां लोग पिकनिक मना रहे थे, देवस्थानों में पूजा कर रहे थे, एक दूसरे को बधाई दे रहे थे। वहीं कुछ जगहों पर मारपीट की भी घटना घटित हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नये वर्ष 01 जनवरी की देर शाम चकवा गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हो गई। मारपीट की घटना में एक पक्ष से चकवा निवासी 25 वर्षीय रोहित मांझी बुरी तरह से घायल हो गया, घटना में रोहित का सिर फट गया था। घटना के बाद परिजनों ने घायल को इलाज के लिए पथरगामा अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सा प्रभारी डॉ0 मोहन पासवान की देखरेख में घायल का उपचार किया गया। बताया गया कि 01 जनवरी नये वर्ष को लेकर कुछ लोग नाच गाना कर रहे थे। इस दौरान लखीचंद मांझी, सुखदेव मांझी, रूपचंद मांझी आदि अचानक रोहित मांझी से अकारण उलझ पड़े व मारपीट शुरू कर दिया जिसमें रोहित मांझी घायल हो गया। परिजनों ने बताया कि मारपीट के घटना की जानकारी पथरगामा थाना को दी गई है। इधर पुलिस घटना की जानकारी लेने में जुटी हुई है।

कनकनी हवा के साथ ठंड में घर में दुबके रहे लोग

साहिबगंज। जिले में इन दिनों विगत दो दिनों से कनकनी हवा के साथ कड़ाके की ठंड पड़ रही है जिससे प्रायः लोग घर में रहना समझदारी समझ रहे हैं।ग्रामीण क्षेत्रों में ठंड से ज्यादा परेशानी हो रही है। ठंड को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी स्तर से अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है न किसी स्तर से जरूरतमंदों के बीच पर्याप्त कंबल का वितरण नहीं किया जा रहा है।

सोहराय सेरेञ

रचना मुर्मू ''सार''

साजाव काते सापड़ाव काते,
ड़ालिच् सान्देस दिपिलआते-2
हेच्एनको पेड़ा दाईना आबो दुवार-2
रे दाईना हेच्एनको पेड़ा दाईना आबो दुवार।

आम दो दाईना साबमे,
दाक् पेरेच् कासा लोटा-2
इञ दो दाईनाञ साबतालाङ उतीञ सुनुम-2
रे दाईना इञ दो दाईनाञ साबतालाङ उतीञ सुनुम।

देला दाईलाङ दारामको,
आबो राचा पेड़ाको-2
सोरआकोवालाङ दाईना जाड़ी माची-2
रे दाईना सोरआकोवालाङ दाईना जाड़ी माची।

बेआईनी खनन रेयाक् खोबोर एमोक्को बिहार रेन होड़को सिरामंत्रीये मान-मानोतकेत्कोआ

खोबोरिया

पटना। सिरामंत्री नीतीश कुमार दो खनन माफियाको बिरूद कार्रवाई रे गोड़ोक्कान बिहार रेन होड़ दो सिरफ़ाये एमात्कोआ। सिरामंत्री दो अन्ने सोड़ोक रे मेनाक् 'संकल्प' रे खान आर भूतत्व विभागाक् तारी रेयाक् बेआईनी खनन कातेक् राजस्व कोमबड़ोको दो खनन माफियाकोवाक् बिरूद कार्रवाई रे गोड़ोक्कान बिहार रेन योद्धा होड़ मान-मानोतको लागित् ते कामीहोराको ओराम केदा। सिरामंत्री दो नोआ ओपसोर रे 24 गोटेच् बिहारी होड दो खननकोवाक् लालिसाय होड़े मान-मानोत लागित् ते होडाक् खाता रे माऊस क्लिक कातेक् सिरफ़ ञाञामको होड़ दो काउडीये कोलात्कोआ। बेआईनी खनन कातेक् राजस्व कोमबड़ोयेत्कान खनन माफियावाक् लालिसको लागित् ते नोआ काउडीये एमाको काना। जाहायट्रेक्टर रेयाक् खोबोरे लालिसको होड़ दो 5 हजार टाका आर ट्रक रेयाक् खोबोरे लालिसको दो होड़ दो 10 हजार टाका सिरफ़ काउडी तेय मान-मानोतकोआ। कामीहोरा ओकते खान आरभूतत्व विभाग रेन प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल दोय सिरफ़ होतेते आपनारविभाग रेयाक् अदयतन कामी रेयाक् बानाडये एमात्कोआ। उन ओकतेउनी दो बेआईनी, खनन दो रोकाव लागित् ते विभाग रेनको कामीयेत् काना नवाचार सांवते आयमा कामीको रेयाक् फायलाव तेय बानाडाये एमात्कोआ। कामीहोरा ओकते खान आर भूतत्व विभागाक् कामी लेका ते मित् टेन काटिच् माछा फिल्मको ओडोक केदा। नोआताक रे सिरामंत्री सम्राट चौधिरी, उपसिरामंत्री सह खान आर भूतत्व विभाग रेन मंत्री विजय कुमार सिंहा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुखय सचिव अमृत लाल मीणा, सिरामंत्री रेन प्रधानसचिव डॉ एस सिद्धार्थ, खान आर भूतत्व विभाग रेन प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल, सिरामत्रीवाक् आसोल कामीयिच् पदाधिकारी गोपाल सिंह आर खान आर भूतत्व विभाग रेन निदेशक विनोद दूहन आर सांवते आयमाको सेटेर आकान ताहेंना।

उप विकास आयुक्त दोय दुपुड़ुप् केत्कोआ, आयमा लेकानाक्ए बातलावाक्कोआ

खोबोरिया

लोहरदगा। उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावताक् आयुर रे सारदीमाहां हिलोक् जिला आधार तानखी समितिकोवाक् दुपुड़ुएओराम आचो केदा। उप विकास आयुक्त कार्यालय रे होयेन दुपुड़ुप् रेजोतो प्रखंड रेन सर्विस प्लस तारी रेयाक् आधार इनरॉलमेंट रेयाक् बाबोत तेको गापालमाराव केदा। नोआ रे सदर प्रखंड लोहरदगा, सेन्हा आर किस्को प्रखंड रेयाक् ओबोसता गापालमाराव दो फायसला बाङ होय लेना। नोआ बाबोत रे प्रखंड विकास पदाधिकारी दो भौतिक ञेल ओनमान कातेक् बिलाम दारखास साकाम दो फान्डाव लागित् तेय बातलावाक्कोआ। सदर अस्पताल छाटका रे आधार सेवा केंद्र एहोप्लागित् ते आधार किट बेबोसता लागित् ते डीपीओये बातालावादेया,युआईडी कोषांग दो लोहरदगा रेनको जिमावाक्कोआ। प्रखंड तारी रे आधार सेवा केंद्र रे आधार इनरॉलमेंट रेयाक् सतत् तानखी लागित ते डीपीओये बातलावादेया, युआईडी कोषांग दो लोहरदगा रेनकोजिमावाक्कोआ। दुपुड़ुप् रे सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला परियोजना पदाधिकारी यूआईडी कोषांग देवप्रकाश विक्की, उप डाकपाल मुखय डाकघर लोहरदगा जुदा-जुदा विभाग रेन पदाधिकारी आर सांवते आयमा होड़को सेटेरआकान ताहेंना।

भारत सेवाश्रम संघ पाथरा आश्रम घारोंज, इसकुल रेन पाठवा आर कामियाकोवाक् बाछड़ी वनभोज

खोबोरिया

रानीश्वर दुमका। भारत सेवाश्रम संघ पाथरा आश्रम घारोंज, स्कूल रेन पाठवाको आर कामियाकोवाक् बाछड़ी वनभोज झुमरी जोरिया आड़े लुखीवार हिलोक् होय एना। जोतो दो नावां बोछोर रेयाक् आडी हुलास आर रासका सालाक्को मानाव केदा। जोतो कामियाको आर गिदराको दो आदिवासीकोवाक् पार पारिक सेरेञ रे आडीको एनेच् रासका एना। नोआ दो प्रधानाचार्य अभिनन्दन मुर्मू आर माहांसोय कामियाको दो टीम बेनाव कातेको आयुर केदा। ताक रे जयदेव दे, सुकमोहन हेमब्रम, चंदन बेसरा, रणजीत राउत, बोध बोदरा, गोविन्द यादव, अरिजीत प्रमाणिक, पार्थ राउत, प्रशांत कुमार मुर्मू, ज्योति प्रिया हेमब्रम, पानमोनी माझी, सुजाता हांसदा, शांति मुर्मू, राहुल मोहन्ता, स्पन्दन गिरी, प्रेम मुर्मू, चुंडू हेमब्रम, शामु हांसदा, सोयलेन पावरिया, जीतेन्द्र सोरेन, अविनाश किस्कू घालोक् इसकुल पाठवा आर कामियाकोको ताहेंकाना।

पुजारीयाक् ओड़ाक् रे डाकाती मामला रे बारयाकिन साप् एना

खोबोरिया

गिरिडीह। गिरीडीह पुलिस दो धनवार थाना टोठा रे पारोमेन 31 दिसंबर ञिन्दा रे राजा मुंदिल रेन पुजारी चन्द्रिका पांडेयाक् ओड़ाक् रे डाकाती कांड बाडाय आकाना। नोआ मामला रे बारया बोदमासकिन साप् ञाम आकाना। साप् बोदमास रे पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुरजिला रेयाक् गांधी नगर बागबेडा रेन रोहित कुमार शर्मा उर्फ टुटुविश्वकर्मा आर आकाश मिश्रा सेलेत् मेनाक्कोआ। नुकिन ठेन खोन पुलिस दो मित् देशी पिस्तोल, बारया गोली, मित् देशी काट्टा, मित् गोली, बारया मोबाइल आर पोन हजार नगद टाकाको ञाम आकादा। एसपी डॉ विमलकुमार दो लुखीवार हिलोक् खोबोरिया सेमेलेत् रेय लाई केदा जे साप्एन बानार बोदमास दो दोस हेंग रे आपान आपिनकिन हें मानावआकादा। सांवते गे नोआ होंकिन लाई केदा जे पारोमेन इराल दिसंबर हिलोक् धनबाद थाना टोठा रेयाक् नकटीटांड़ मोदीयाक् ओड़ाक् रे लूट घोटोना हों नुकिन होते ते होय लेना। लाई केदाको जे सेंदरा टीम रे एसडीपीओ खोरीमहुआ आर इंपेक्टर जमुआ छाडा थाना प्रभारी धनवार सत्येन्द्र कुमार पाल, थाना प्रभारी जमुआ मणिकान्त कुमार, थाना प्रभारी हीरोडीह धर्मेन्द्र अग्रवाल, धनवार थानारेन पुलिस अवर निरिक्षक रविन्द्र कुमार, सहायक अवर निरिक्षक अशोक मण्डल आर तकनीकी शाखा रेन आरक्षी जोधन महतो एमानको ताहेंकाना। टीम दो तकनीकी आर मानवीय गोड़ों ते तुरांत कार्रवाई तुलुच् बारया बोदमासको साप् आकात्किना। एटाक् बोदमास होंको सेंदरायेत्कोआ।

जामनगर रेयाक् तटीय आर समुद्री चेड़ेंकोवाक् लेखा गापा खोन होयोक्आ

संवाददाता

जामनगर, अहमदाबाद। तटीय आर समुद्री चेड़ेंकोवाक् स्वर्ग मेतावाक्आक् जामनगर रेयाक् समुद्री राष्ट्रीय उद्यान अ यारण्य रे 3 खोन 5 जनवरी हाबिच् तटीय आर समुद्री चेड़ेंकोवाक् पाहिल लेखा होयोक्आ। नोआ पे माहांकिया कामीहोरा रे लाहा हिलोक् वन आर वन्य जीव क्षेत्र रेन नामडाक विशेषज्ञ आयाक् बानाडाये लाया। दोसार दिनदो चेड़ें लेखा होयोक्आ। तेसार दिन दो आकिल गेयान लापाई आर कामीहोरा मुचादोक्आ। नोआ कामीहोरा रे गुजरात घालोक् आयमा पोनोत रेन चेड़ें प्रेमी, सोसोलहाको आर खोंदरोंदियाकोको सेलेदोक्आ। गुजरात दो आयाक् जैव विविधता लागित् दुनियाभोर रेय बाडायोक् काना। सिरामंत्री भूपेन्द्र पटेलाक् उदुक् होर आर वन आर पर्यावरण मंत्री मुलु बेरा आर पोनोत मंत्री मुकेश पटेलाक् आयुर रे वन विभाग दो पर्यावरण.जलीय संरक्षण लागित् अभूतपूर्व कामी आकाना। तटीय आर समुद्री चेड़ेंकोवाक् लेखा कामीहोरा दो पोनोत रेयाक् वन विभाग आर गुजरात रेयाक् बर्ड कंजर्वेशन सोसायटी रेयाक् मिलाउ ते ओरामोक् काना। पोनोत सरकार दो चेड़ेंकोवाक् जोगाव आरप्रजनन लागित् आयमाय कामीयेत् काना। टोठारिया चेड़ेंकोवाक् आयमा प्रजातिको सांवते दुनियाभोर खोन हिजुक्को प्रवासी चेड़ेंकोवाक् पाछनाव, ओनकोवाक् लेखा एमान बाबोत रे बाडनाडाय लागित् वन विभाग दो चेड़ेंकोवाक् आबादी आंकलान हों वैज्ञानिक तारीका ते होयोक् काना। बाडायाक् काना जे बीसीएसजी चेड़ेंको लागित् कामीयान मित् स्वैच्छिक संगठन काना, ओका दो पारोमेन 25 बोछोर खोन गुजरात रेय कामीयेत् काना। चेंड़ें जोगावको, लेखाको, अवलोकन आर चेड़ेंको तायोम विज्ञान बाबोत रे जन जागरूकता लागित् आयमा कामीहोराय ओरामेत् काना। गुजरात रे समुद्रीराष्ट्रीय उद्यान आर समुद्री अ यारण्य भारत रेयाक् पाहिल घोषित समुद्री राष्ट्रीय उद्यान काना। ओखा खोन नवलखी हाबिच् मुटामुटी 170 किमी मैरीन नेशनल पार्क आर मरीन सेंचुरी पोनोत रेयाक् पेया जिला देवभूमि द्वारका, जामनगर आर मोरबी रे पासनाव आकाना आर 42 द्वीप तेमिलाउ ते बेनाव आकाना। समुद्री राष्ट्रीय उद्यान आर समुद्री अ यारण्य रे शैवाल, समुद्री शैवाल, नीले, कठोर आर नरम मूंगे, डॉल्फिन, होरो, डुगोंग, पोर्पोइज़, केकड़े रेन आयमा प्रजातियां, पफ़रफ़िश, स्टारफ़िश, ब्रिटल स्टार, ऑक्टोपस सांव-सांवते चेर रेन आयमा प्रजातिको सेलेत् मेनाक्कोआ।

चेत् आमेम बाडाया नोआ जे मोबाइल फोन ओकोये बेनाव लेदा?

खोबोरिया

नावां दिल्ली। चेत् आमेम बाडाया जे बेलेखावान कामी मित् घाड़ी रे आलगाक् नोआ मोबाइल फोन ओकोय बेनाव लेदा? ओकोय कंपनी दोनोआ पाहिल धावे बेनाव केदा आरे आखरिञ लेदा? पाहिल धाव तिन रेबेनावेना तोबे नोआ चेत् लेका ञेलोक्कान ताहेंना आर चेत् निहालीरे ओका हैंडसेट बाजार रे मेनाक्, ओनका गे ताहेकाना? मोटोरोला रेन इंजीनियर मार्टिन कूपर दो तिस गे बाय हुदिस आकान ताहेंकाना जे उनीयाक् प्रोजेक्ट दो इतिहास रेयाक् आडी जारूड़ान आविष्कारको रे मित्टेन बेनावक्आ। मार्टिन दो मोबाइल फोन ते कॉकॉलिच् दुनिया रेन पाहिल होड़े ताहेंकाना। मेनखान नोआ मित् दिन रे बाय होय लेना। आयमा बोछोर हाबिच् इंजीनियर दो नोआ रेको खोंदरोंद केदा। इना तायोम थोड़ा नोडका बेनाव काते सामाङ हेच् एना ओकोय दो पुराउ दुनियाये बोदोल केदा। 17 अक्टूबर 1973 हिलोक् मार्टिन दो दुनिया रेयाक् पाहिल रेडियो टेलीफोन सिस्टम एबेनाव केदा आर नोआ टेलीफोन सिस्टम बोदोल ते, मार्टिन कूपर दो डायनाटेक 8000 एक्स मोबाइल फोन ते पाहिल धाव मोबाइल फोन कॉल रेय जितकार एना। हुदिस तानाक् एदाम जे मोबाइल फोन बेनाव तायोम मार्टिन दो जारूड़ जाहांय गातेकोय फोनात्को ताहेंना। बाडा, उनी दो आयाक् आडी माराङ तकनीकी हापारावी जोएल एंगेल ए फोनादेया। जोएल एंगेल दो एटी एंड टी रे मित्टेन इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियर ए ताहेंकाना। तेहेञ चाहे थोड़ा ग्राम वजनआन हैंडसेटएम बेवहारेत् काना, मेनखान दुनिया रेयाक् पाहिल मॉडल रेयाक् वजन 1.1 किग्रा ताहेंकाना आरनोआ रेयाक् माप 33 गुणा 4.5 गुणा 8.9 ताहेंकाना। यानी तेहेञाक् फोन हिसाब रे आडी मोटा। मोटोरोला कंपनी दो नोआ 13 मार्च 1983 हिलोक् 3,995 अमेरिकी डॉलर भारी दाम रेय लॉन्च लेदा। नोआ लान्च तायोम मित् बोछोर बाद दुनिया भोर रे मुटामुटी 300000 होड़ ठेन डायनाटेक 8000 एक्स ताहेंकाना। तेहेञ मोबाइल ते मेडिकल फैसिलिटी खोन टिकिट बुक आर ओड़ाक् रेयाक् राशन खोज हाबिच् आर मोबाइल दो आमाक् मिमित् कामीय आलगाय रे गोड़ोंवानाक् होयाकाना। नोआ ओजे ते जाहां गे चालाक्मे, आमाक् कामी आम सांवतेम इदी दाड़ेयाक्आ आर जोनोड़ावेम ताहें दाड़ेयाक्आ।

कोयला हाईवा दो बाईक देच् होड़े ठोकोर केत्कोआ

काटिच्चालाङ लागित् जुरी-पारी आर तुरूई चान्दो रेन गिदरा बाञचावेनाको

खोबोरिया

दुमका। गोपीकांदर थाना टोठा रेयाक् दुमका-पाकुड़ सोड़ोक रेसारदीमाहां हिलोक् खेड़ीबाड़ी आतो सोर रे मित्टेन कोयला हाईवादो बाईक रेय देच् आकान होड़े ठोकोर केत्कोआ। मेनखानचान्दोवाक् दाया ते बाईक रेको ताहेंकान होड़ दो जुरी-पारी आरतुरूई चान्दो रेन गिदरा दो नासे हों बाय बाजाव लेना, पेने होड़दोको बाञ्चावेना। बाईक रेको ताहेंकान गोपीनाथ सोरेन आर उनी रेनएराततेत् थाना टोठा रेयाक् छतरचुआ, आतो रेनको गिराबासीकाना। गोपीनाथ सोरेन दोय मेन केदा जे आच् रेन एराततेत् आर एयायचान्दो रेन गिदरा सांवते काठीकुंड खोन जेएच 16 जी 9548 बाईक रेदेच् कातेक् छतरचुआं आको ओड़ाक् तेको चालाक्कान ताहेंना। ओड़ाक् रूवाड़ ओकते खेड़ीबाड़ी ठेन मित्टेन आडी स्पीड रे जेएच15 ई 5187 नंबर रेयाक् कोयला गाडी दो तायोम खोने ठोकोरकेत्कोआ। ओना ते बाईक दो किंडामान्डेयेनताकोआ। मेनखान ओनकोदो जाहां लेका ते बाईक दोको सांमबड़ाव केदा। ओना ते बाईकरेको ताहेंकान होड़ दो भिंदाड़-भिंदाड़ कातेक्को बांचाव एना।घोटना तायोम बाईक रेको ताहेंकान होड़ दो आतो रेन होड़होतेते गाडीये एसेत् आचो कातेक् मोटामुटी आधा घंटा हाबिच् दुमका-पाकुड़ सोड़ोकको एसेत् आकात् ताहेंना।

पुआल गांज रेय गितिच् आकान आधेड़ होड़े झारकाव गोच् एना, जांच रेको धुरावेना पुलिस

खोबोरिया

लोहरदगा। कुडू थाना टोठा रेयाक् जामुनटोला आतो रे मित् दिलदाहलावान घोटोना घाटाव एना। तिन रे रेयाड़ खोन बांचाक् लागित् आड़ ते बेनाव कुमबा रेय गितिच् आकान ताहेंन आधेड़ होड़ पुआल गांज रे सेंगेल लागावेन तायोमे झारकाव गोच् एना।

पुलिस दोमांड़ीं काबजा तुलुच् पोस्टमार्टम लागित् लोहरदगा सदर हासपाताल तेको कोल आकादा। लायेत् कानाको जे कुडू अखराटोली रेन पंचम उरांव दो रेयाड़ खोन बांचाक् लागित् जामुनटोला खाराई रे बेनाव आड़ ते कुमबा रेय गितिच् आकान ताहेंना। पुआल गांज सोर रेय जूल लेदा।आचका बुधवार ञिन्दा कुमबा सोर रे जुल आकात् सेंगेल कुमबाहाबिच् सेटेर एना आर कुमबा रे सेंगेल लागाव एना। जापित् रे पंचम दो बाय बुज दाराम दाड़ेयादा आर सेंगेल ते झारकाव गोच् एना। लुखीवार हिलोक् सेताक् आतो होड़ दो खाराई सेच्को हेच् एनाआर तोबेको बाडाय केदा जे पंचम दो सेंगेल तेय झारकाव आकाना।इना तायोम पुलिसको खोबोरात्कोआ आर पुलिस दो हेच् काते मांड़ीं पोस्टमार्टम लागित् लोहरदगा सदर हासपाताल तेको कोल आकादा।पुलिस दो मामलाको जांचेत् काना जे जाहांय थो पुआल गांज रे सेंगेलको लागाव लेदा से आर पंचम दो रेयाड़ खोन बांचाक् लागित् कुमबा सोर रे जुल दोहो लेदा। पुलिस दो जांच रेको बाडाया जे पंचम दो आच् तेय गोच् एना सेको जेरेत् गोच् आकादेया।

कांबली दो हासपाताल खोन छुट्टीये आम केदा

खोबोरिया

मुंबई। भारतीय टीम रेन माड़ाङ रेन क्रिकेटर विनोद कांबली दो अस्पताल खोन छुट्टीये ञाम केदा। कांबली दो मोटामुटी बार सापतालाहा गाहिर ओबोसता रेको भारती लेदेया। उनी दो राचातेयाक्होर रे कारोन यूटीआई, आर सिर ओरोक्कान कारोन तेमुसकिल आकान ताहेंना, मेनखान तायोम ते जाँच तायोम उनीयाक् बोहोक् रे सेरेब्रल क्लॉटको ञामकेत् ताया। कांबली दोजुयेत्कान कारोन तेहों आडी कोमजोर लेना। ओन्डे नावांबोछोर रेयाक् आयाक् पोस्ट रे कांबली दो होड़को ठेन खोन पाउरा आर निशा जिनिस खोन दो सांगिञ रे ताहेंन लागित् तेयआरोज एना आरे मेन केदा जे बाड़िच् हेवा दो जाहांयाक् गे जिनगीबाड़िच् दाड़ेयाक्आ। कांबलीयाक् रारानिक् डॉ. विवेक त्रिवेदी दोय मेन केदा जे उनी नित दो मोज गेया मेनखान उनी दो सोनतोर ते ताहेंन होयोक् ताया।



दक्षिण पूर्व रेलवे-ठिका

ई-ठिका खोबोर सं.: एम-54-एचएबीडी-2-आरएनसी-एएमसी-42, तारिक 01.01.2025, भारत रेन राष्ट्रपति सेच् खोन आर उनी लागित् वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची-834003 होतेते नोवाको कामीय लागित् ई-ठिकाये नेवतायेत् कानाः **कामी रेयाक् बिबोरोनः** 3 (पे) बोछोर सोमोय लागित् राँची-टोली आर चाण्डिल-मरी शाखाको रे थापित 2 सेट ऑटोमेटिक क प्यूटरीकृत एक्सल बॉक्स टे परेचरमेजरमेंट आर डेटा लॉगिंग सांवते व्हील कार्उटिंग एचएबीडी (हॉटएक्सल बॉक्स डिटेक्टर) सिस्टम लागित् फायलाव बाछड़ी दोहोजोगावअनुबंध, प्रस्तुतकारक-आईक्यूएनईटी। **कामीय रेयाक् अनुमानोक् गोनोड़ जीएसटी घालोक् : टाका-** 12,06,382.72, **बायना टाकाः** 24,100/-, **ई-ठिका रेयाक् मुचात् तारिक आर सोमोयः** 23.01.2025 हिलोक् 11.00 बजे। **वेबसाइट रेयाक् बिबोरोन आर बोरनोनः** www.ireps.gov.in

(PR-974)

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसांईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित,RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन 'सिपाही' फोन न. 7367009287, 9771486686

एक लाख की रंगदारी मांगने, हत्या की धमकी पर मामला दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

सरैयाहाट । थाना क्षेत्र के ककनी ग्रामवासी 43 वर्षीय सदानंद पोद्दार ने गुरुवार को सरैयाहाट थाना पहुंचकर फोन पर धमकी और जान से मार देने के मामले को लेकर राजा पोद्दार पर मामला दर्ज कराया है। आवेदन में मोबाइल नंबर 9955798213 पर 6282988097 नंबर से आवेदनकर्ता को धमकी मिल रही थी। इस आवेदन में आवेदनकर्ता के पुत्र को मारने और बेटी का गलत फोटो बनाकर सोशल मीडिया फेसबुक और व्हाट्सएप में वायरल कर देने की बात कही गई है। आवेदन में 1 लाख रंगदारी मांगने की भी बात कही गई है। पुलिस ने इस बाबत वाद संख्या 25, 3 जनवरी 2025 यू/एस- 351(2)/351(3),308(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है और पुलिस अनुसंधान में जुट गई है।

इस्कॉन के प्रचार केंद्र का हुआ उद्घाटन

दुमका । नववर्ष के पहले दिन बुधवार को उपराजधानी दुमका के गिलानपाड़ा स्थित राधा माधव मंदिर परिसर में इस्कॉन के प्रचार केंद्र का उद्घाटन किया गया। अवसर पर अधिवक्ता चंडी दास बनर्जी, जिला परिषद दुमका के पूर्व जिला अभियंता स्वपन दे, अध्यापक असीत घोष के अगुवाई में यहां अंतरजातीय कृष्ण भावना के प्रचार- प्रसार, दर्शन आरती, गुरु पूजा भागवत पाठ, संध्या आरती एवं गीता पाठ का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में अशोक मुर्मू, मारग्रेट मरांडी, वरुण सिंह, प्रदीप घोष, अजय घोष, रामा शंकर सिन्हा, मुकेश शर्मा, राजेश राउत, रमा बनर्जी व बिनया नाग आदि मौजूद थे।

अज्ञात वाहन के चपेट में आने से युवक की मौत

रानीश्वर(दुमका) । मसानजोड़ थाना क्षेत्र के रानीबहाल के समीप बुधवार की देर शाम अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार 30 वर्षीय राजेश बाउरी की मौत हो गई। मृतक सादीपुर का रहने वाला था। भाई आशीष ने बताया कि राजेश हाईवा चलाता था। नववर्ष पर बुधवार की शाम मछली लेने के लिए बाइक से रानीबहाल आया था। वापस आने के क्रम में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने हालत नाजुक होने की वजह से रेफर कर दिया। रात में ही उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका लाया जा रहा था लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। नगर थाना की पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो घायल

जरमुंडी । तालझारी थाना क्षे अन्तर्गत सहारा, कोठिया मुख्य मार्ग पर रायकिनारी गांव के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक के आमने सामने की में दो लोग घायल हो गए। इस घटना में बाइक चला रहे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में दुबराजपुर गांव का रहनेवाला 20 वर्षीय बास्की सोरेन एवं तिलबरिया गांव के 23 वर्षीय धीरवा मुर्मू गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरमुंडी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए फुलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका रेफर कर दिया। चिकित्सक ने बताया कि दोनों के सिर में गंभीर चोट आई है। इधर मिली सूचना के अनुसार दोनों घायलों को चिंताजनक स्थिति में परिजनों ने इलाज के लिए बाहर लेकर गए हैं। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। बताया जाता है कि दोनों बाइक सवारों ने हेलमेट नहीं पहना था।.इस घटना में दोनों की बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी है।

नॉमिनी को मिला दो लाख का बीमा

जरमुंडी । जरमुंडी प्रखंड के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की नोनीहाट शाखा में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत खाताधारक की नॉमिनी को बीमा क्लेम दिया गया। इस मौके पर बैंक की ओर से लोगों को जागरूक भी किया गया। शाखा प्रबंधक बीरेंद्र कुमार सिंह के द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत राजासिमरिया गांव के निवासी मृतक सोनामुनी देवी के नॉमिनी पति अनूपलाल मोहली को दो लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर यहां आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नोनीहाट शाखा प्रबंधक ने बैंक के ग्राहकों को योजना से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार देश के नागरिकों को आर्थिक रूप से मजबूत और सुरक्षित करने के लिए कई तरह की स्कीमें चला रही है।ऐसी ही एक स्कीम प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना भी है।पीएमजेजेबीवाई 18 से 50 वर्ष के आयु समूह वाले उन व्यक्तियों के लिए उपलब्ध है, जिनके पास एक बैंक खाता हो और जो इस योजना से जुड़ने, अपने खाते से ऑटो-डेबिट के लिए सहमति देते हैं। इस योजना के तहत, किसी भी कारणवश बीमाकृत व्यक्ति के मृत्यु होने ककी स्थिति में जोखिम सुरक्षा दो लाख रुपये है:प्रीमियम की राशि प्रति वर्ष 436 रुपये है, जि?से बीमाधारक के द्वारा दिए गए विकल्प के अनुसार बैंक खाते से एक किश्त में ही प्रत्येक वार्षिक सुरक्षा समयावधि पर योजना के तहत 31 मई को या उससे पहले ऑटो-डेबिट किया जाता है. मौके पर जेंडार सीआरपी अनिमा कुमारी, परीखा देवी, बैंक सखी सावित्री देवी सहित बैंक कर्मी व अन्य मौजूद थे।

असहाय बच्चों के बीच गर्म वस्त्र व राशन का वितरण

दुमका। कड़ाके की ठंड को देखते हुए जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश चन्द्र के निदेश पर गुरुवार को मसलिया थाना क्षेत्रांतर्गत गंभीर बीमारी से मृत परिवार के असहाय बच्चों को गर्म वस्त्र टॉपी, स्वेटर, पायजामा एवं सूखा राशन उपलब्ध कराया गया। बाल कल्याण समिति के प्रभारी अध्यक्ष डॉ रंजन कुमार सिन्हा ने बताया कि दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से मामले के संदर्भ में सूचना प्राप्त हुई है कि मसलिया प्रखण्ड के एक परिवार की गंभीर बीमारी से मृत्यु हो गयी है, पिता की मृत्यु के उपरांत परिवार की स्थिति काफी दयनीय हो गयी है, परिवार में कुल 05 बच्चें हैं। समिति अग्रेत्तर कार्रवाई कर रही है। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश चन्द्र ने कहा कि मिशन वात्सल्य स्कीम के तहत् मृत परिवार के असहाय बालकों को आवासीय विद्यालय, स्पॉन्सरशिप,सरकार की अन्य योजनाओं से आच्छादित करने करने को लेकर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गयी है। जिला बाल संरक्षण इकाई के प्रतिनिधि निक्कू कुमार साह, बालगृह बालक के अधीक्षक संजू कुमार, ग्राम ज्योति से मुकेश कुमार दुबे, पवन कुमार, अंबिका पाण्डेय, देविसन टुडू, प्रदीप झा, संजीत कुमार एवं अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

सभी वाहन चालकों के बीच चलाया गया अभियान

दुमका। सड़क सुरक्षा माह 2025 के मद्देनजर गुरुवार को बस स्टैंड में सभी वाहन चालकों के बीच सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा कर जागरूक किया गया। पंपलेट डिस्ट्रीब्यूशन, गुड समेरिटन संबंधित जानकारी, हिट एंड संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही सड़क सुरक्षा माह 2025 को एक राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाने का भी आग्रह किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित मोटरयान निरीक्षक विनय किशन देव, अरविंद तिरु, अभय टेटे, सड़क सुरक्षा के मनोनीत सदस्य डॉ. मनोज कुमार घोष, नीलकंठ झा, रमन कुमार वर्मा, अमरेंद्र सुमन, प्रदीप मुखर्जी,अरुण सिंह एवं सड़क सुरक्षा के कर्मिंगन उपस्थित थे।

फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि पर चर्चा करने को लेकर आयोजित हुई रबी कर्मशाला

दुमका। जिला कृषि कार्यालय, खूँटाबाँध के सभागार कक्ष में गुरुवार को जिला अन्तर्गत कृषि एवं सम्बद्ध विभागों में चल रही योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं फसलों के आच्छादन उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि पर चर्चा करने को लेकर रबी कर्मशाला का आयोजन किया गया। कर्मशाला में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष सुधीर मण्डल उपस्थित हुए साथ ही आईटीडीए निदेशक श रवि जैन,कृषि विज्ञान केन्द्र की वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान किरण सिंह, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र दुमका के वैज्ञानिक ए0के0 साहा, परियोजना निदेशक, आत्मा संजय मण्डल, जिला कृषि अभियन्ता कृष्णकान्त कुशवाहा, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी शुभांकर गुप्ता, जिला उद्यान पदाधिकारी गौतम कुमार, कार्यक्रम पदाधिकारी जे0एस0एल0पी0एस0 दुमका निशान्त एक्का, अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी एवं प्रभारी भूमि संरक्षण पदाधिकारी दुमका शिव कुमार, सहायक निदेशक, कार्यालय संयुक्त कृषि निदेशक, दुमका के शशि रंजन, क्षेत्रीय प्रबंधक इफको के नवीन कुमार के साथ-साथ विभिन्न प्रखण्डों से प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, कृषक मित्र एवं प्रगतिशील कृषकों ने भाग लिया।

पिछले 1 साल में दुमका में महिलाओं की सुरक्षा में सेंध : घटा क्राइम का ग्राफ, पर अपराधी बेखौफ

पूरे जिले में 2023 के मुकाबले 2024 में 144 मामले की कमी देखी गई है

- इस वर्ष का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित रहा स्पेन की महिला के साथ गैंगरेप का मामला

एस.के. झा सुमन

दुमका । झारखंड की उपराजधानी दुमका में 2023 के मुकाबले 2024 में पुलिस बेशक शहर में क्राइम का ग्राफ पिछले साल 1467 के मुकाबले इस साल 1323 मामले दर्ज यानी पिछले साल के मुकाबले 144 मामले होने के कारण कम होने का दावा कर रही है, लेकिन महिलाओं पर होने वाले अपराध पिछले साल के मुकाबले बढ़े हैं। जिले के हंसडीहा के कुंजी गांव में स्पेन की महिला के साथ गैंगरेप पति के सामने किया। यह घटना इतना दर्दनाक था कि अपराधियों ने स्पेनिश महिला से 7 लोगों ने ढाई घंटे तक रेप किया। यह मामला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों खूब बटोरी इससे साफ समझ जा सकता है कि महिला की सुरक्षा क्या निगेहवानी हो रही है। दहेज को लेकर हत्या के 2023 में जो 4 ही मामले प्रकाश में आए थे वहीं 2024 आते-आते यह संख्या 9 तक पहुंच गई। महिलाओं के साथ दुष्कर्म का औसतन मुकदमा दर्ज

हुआ है। यहां पिछले साल कुल 21 रेप के केस दर्ज किए गए थे, वहीं इस साल बढ़कर 42 मामले सामने आए हैं। इसके अलावा चोरी के मामले पिछले साल के 260 मुकाबले इस साल 225 मामले, पिछले साल हत्या के 58 मुकाबले की जगह 61 मामले, पिछले साल लूट के 17 के जगह इस साल 8 मामले, अपहरण के पिछले साल 42 की जगह 39 वारदात, पिछले साल दंगा के 33 वारदात सामने आए थे वही इस साल 49 मामले सामने आए हैं, आर्म्स एक्ट पिछले साल जहां 14 मामले थे वहीं इस वर्ष 11 मामले दर्ज किए गए हैं वहीं डकैती के जहां पिछले साल 17 मामले थे इस बार सिर्फ 8 मामले आए हैं जबकि हत्या के पिछले साल 58 मामले थे इस वर्ष 61 मामले दर्ज किए गए हैं। 2023 में 188 वारंटी में से 157 को गिरफ्तार किया गया था वहीं विश्व 24 में 70 वारंटी में से 52 को गिरफ्तार किया गया है। 2027 में अन्य मामले 976 थे तो 2024 में यह 803 मामले दर्ज हो पाए। पूरे जिले में पिछले साल 1467 मामले दर्ज किए गए थे वहीं इस वर्ष 1323 मामले दर्ज हो पाए हैं। यह पूरा आंकड़ा 2023 से लेकर 30 नवंबर 2024 तक जिले की अपराध की स्थिति है। हालांकि, इस वर्ष हत्या के मामले बढ़े तो वहीं महिलाओं से जुड़े मामले भी बढ़े हैं। पुलिस आंकड़े के अनुसार चोरी के मामले में कमी है परंतु अपहरण के मामले में बढ़ोतरी है ।परंतु बलात्कार में बढ़त है वहीं सबसे सुखद समाचार यह रहा कि नक्सली वारदात में जहां भी दो मामले थे इस वर्ष शुन्य रहा।

ठंड एवं शीतलहर की परवाह किए बिना शिक्षकेतर कर्मियों की हड़ताल अब भी जारी

शिक्षकेतर कर्मी के हड़ताल से छात्र परेशान, विवि प्रशासन चला रहा है हठयोग : नेतलाल

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका । सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका एवं अंतर्गत सभी अंगीभूत महाविद्यालयों के शिक्षकेतर कर्मियों की हड़ताल अब तक जारी है कर्मचारी अपनी एक सूत्री मांग पर डटे हुए हैं। विश्वविद्यालय मुख्यालय कार्यालय सहित सभी अंगीभूत महाविद्यालयों में अनिश्चितकालीन तालाबंदी है सभी कार्य पूरी तरह से ठप हैं। कर्मचारियों को दो माह से वेतन का भुगतान भी नहीं किया गया है जबकि पदाधिकारियों एवं शिक्षकों को भुगतान कर दिया गया है। ठंड एवं शीतलहर की परवाह किए बिना सभी कर्मचारी दरी पर बैठे हुए हैं। अपने नियमित कर्मचारियों के मांग को पूरी करने में विश्वविद्यालय प्रशासन पूरी तरह से विफल रही है। महासंघ के महासचिव श्री मिर्धा ने कहा कि एक माह से ज्यादा हो गए हमारे हड़ताल के किंतु इस विश्वविद्यालय के शिक्षकेतर कर्मियों

को 01.01.2016 से प्रभावी सातवें पुनरीक्षित वेतनमान में अब तक वेतन का भुगतान नहीं किया जाना विश्वविद्यालय प्रशासन की घोर लापरवाही है। 150 से ज्यादा कर्मचारियों का पांचवें एवं छठे वेतनमान में वेतन निर्धारण का नहीं होना भी विश्वविद्यालय प्रशासन की विफलता है। श्री मिर्धा ने कहा कि वर्तमान कुलपति ने साबित कर दिया है कि यहां के शिक्षकेतर कर्मचारियों एवं छात्रों के भविष्य से उन्हें कोई लेना देना नहीं है। वर्तमान कुलपति अपने स्वार्थ की पूर्ति हेतु सभी कार्य पूरी कर लेते हैं एवं जब हमारी बात होती है तो पावर नहीं है का हवाला देते हैं यह बहुत ही आश्चर्यजनक और दुखद है।

प्रक्षेत्रीय महासंघ के अध्यक्ष परिमल कुंदन ने आश्चर्य जाहिर करते हुए कहा कि पूरे संताल परगना के सभी अंगीभूत महाविद्यालयों में एवं विश्वविद्यालय में पिछले एक महीने से अधिक समय से तालाबंदी है किन्तु ना तो राज्यपाल सचिवालय और ना ही उच्च शिक्षा निदेशालय इस मुद्दे पर सक्रिय है। ना तो हमारे वेतन का निर्धारण किया जा रहा है और न ही हमें आंतरिक स्रोत से सातवें वेतनमान में वेतन भुगतान प्रारंभ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हड़ताल करने पर महीनों बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। यदि हड़ताल नहीं होता तो शायद हमें छठे वेतन में ही सेवानिवृत होना पड़ेगा। उन्होने कहा कि एक माह से ज्यादा समय से जायज मांग के लिए हड़ताल का जारी रहने के लिए राज्य सरकार, राज्यपाल सचिवालय एवं विश्वविद्यालय प्रशासन की उदासीनता ही पूरी तरह से जिम्मेदार है।

महासचिव नेतलाल मिर्धा ने सातवें वेतनमान में वेतन निर्धारण में विलंब के लिए उच्च शिक्षा निदेशालय के उपनिदेशक अनमोल लाल को दोषी ठहराया और उन्हें तत्काल पद से हटाने की मंशा जाहिर की।

50 लाख रु से अधिक की राशि से किया जाएगा तातलोई को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित

संवाददाता

जामा(दुमका) । जामा प्रखंड अंतर्गत बारा पलासी से चार किलोमीटर दूरी पर स्थित तातलोई गर्म जल कुंड का पर्यटन विभाग एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा 50 लाख से अधिक की राशि से चहारदीवारी व अन्य सौंदर्यीकरण कार्य किया जाएगा।

प्रशिक्षु आईएएस अभिनव प्रकाश सहित अन्य अधिकारियों ने आज गुरुवार तातलोई गर्म जल कुंड के सौंदर्यीकरण योजना को अंतिम रूप देने हेतु तकनीकी अधिकारियो के साथ निरीक्षण किया और विचार विमर्श कर बृहद सुंदरीकरण योजना तैयार करने का निर्देश दिया। वर्तमान समय में मेला स्थल पर निगरानी करने के लिए चौकीदार नियुक्त करने का निर्देश दिया, जो वाहनों के अनावश्यक प्रवेश पर रोकथाम करने और साफ सफाई की निगरानी करने का काम करेंगे। साथ ही मेला स्थल पर साफ सफाई और सुरक्षा प्रदान करने में सहयोग स्थापित करेंगे। तत्काल पंचायत सचिव गौरव कुमार को मेला से पूर्व जल कुंड की साफ सफाई

करने और रंगाई पुताई कराने का निर्देश दिया गया है। जिसे मेले से पूर्व पूरा करा लेने का निर्देश दिया गया।

साथ ही साथ सौंदर्यीकरण कार्य में गति प्रदान करने के लिए सहायक अभियंता गुंजन राज, कनीय अभियंता अनिकेत गुप्ता पंचायत सचिव गौरव कुमार सहित अन्य कर्मियों के साथ जल कुंड का निरीक्षण किया गया और विस्तृत रूप रेखा तैयार कर जिला प्रशासन को भेजने का निर्देश दिया गया। बताया कि मेला से पूर्व पानी की गन्दगी ,कीचड़ की साफ सफाई करने, जल कुंड की साफ सफाई करने एवं यात्री सेड, स्नानागार शौचालय आदि की रंगाई पुताई का काम सम्पन्न कराया जाएगा। प्रशिक्षु आईएएस अभिनव प्रकाश ने कहा कि तत्काल मेला के पूर्व जल कुंड की साफ सफाई और रंगाई पुताई पंचायत की राशि से करना सुनिश्चित करेंगे। जबकि जिला प्रशासन के सहयोग से पर्यटन विभाग या अन्य विभाग द्वारा 50 लाख से अधिक की राशि से सौंदर्यीकरण कार्य करने का भी प्रस्ताव भेजा गया है। जिसे पर्यटन विभाग द्वारा तत्काल 50 लाख रुपए राशि द्वारा सौंदर्यीकरण कराए जाने पर सहमति जताई गई है, लेकिन अंतिम निर्णय लिया जाना बाकी है।

हाईवा की टक्कर से टोटो चालक घायल, रेफर

जरमुंडी । दुमका देवघर मुख्य सड़क मार्ग पर बासुकीनाथ बस स्टैंड रिंग रोड के समीप गुरुवार को तेज रफ्तार हाईवा की टक्कर से एक टोटो का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल टोटो चालक का नाम 40 वर्षीय दीपक यादव जरमुंडी थाना क्षेत्र ग्राम सरगच्छा निवासी बताया जाता है। टोटो चालक के दाहिने हाथ की बांह टूट गई है। घटनास्थल से ग्रामीणों द्वारा घायल ई रिक्शा चालक को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां उपस्थित डॉक्टर महेश मिश्रा, ड्रेसर नीतीश कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए हाईयर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

बाइक से गिरकर एक आर्मी का जवान घायल

जामा। जामा थाना क्षेत्र के जामा-जामताड़ा मुख्यमार्ग में चिकनियां के समीप बुधवार की रात बाइक से गिरकर एक आर्मी का जवान घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मसलिया थाना क्षेत्र के फतेहपुर रास्ताडांगाल गांव के महेन्द्र सोरेन (35) अपने केटीएम बाइक से एक लड़की को लेकर जामा से पालाजोरी की ओर तरफ जा रहा था।

अग्निपथ योजना के तहत उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन किए गए हैं आमंत्रित

दुमका। भारतीय वायु सेना (IAF) ने अग्निपथ योजना के तहत 01 जनवरी 2005 और 01 जुलाई 2008 (दोनों तिथियां सम्मिलित) के बीच जन्मे पात्र अविवाहित पुरुष और महिला उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इसमें अविवाहित भारतीय पुरुष/महिला उम्मीदवारों की भर्ती के लिए एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की है। भारतीय वायुसेना के अग्निवीर वायु के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 07 जनवरी 2025 से 27 जनवरी 2025 तक, आधिकारिक वेबसाइट agnipathvayu.cdac.in पर खुली रहेगी। भारतीय वायुसेना में भर्ती होने के सपने देख रहे युवाओं के लिए बेहतरीन मौका है।

संप महाविद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एण्ड मशीन लर्निंग पर वर्कशॉप का शुभारंभ

दुमका। संताल परगना कॉलेज दुमका में कॉलेज प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को ÷ इंटरनेशनल वर्कशॉप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एण्ड मशीन लर्निंग- द नेक्सट फ्रंटियर इन रिसर्च इवेंट ÷ विषय पर एक चार दिवसीय वर्चुअल अंतरराष्ट्रीय वर्कशॉप का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कॉलेज प्राचार्य सह संरक्षक डॉ खिरोधर प्रसाद यादव ने कहा कि आज शिक्षा के क्षेत्र में आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस की बहुत बड़ी भूमिका हो चली है। शिक्षा के बल पर ही पूरे कुटुंब का जीवन स्तर ऊंचा किया जा सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की उपयोगिता शिक्षा, शोध, कृषि, उद्योग आदि क्षेत्रों में भरपूर देखने को मिल रही है।विषय प्रवेश करते हुए इस अंतरराष्ट्रीय वर्कशॉप के कन्वेनर सह मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र (मनोविज्ञान विभाग) के निदेशक डॉ विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तकनीकी एवं व्यवहारिक जगत का एक अहम हिस्सा है। यह एक मानवीय संवेदनाओं और व्यवहारों का हू- ब - हू नकल या मिमिक्री करने वाला एक माध्यम है। कार्यक्रम में लवली प्रोफेसनल यूनिवर्सिटी पंजाब की डॉ राज सिन्हा ने अतिथियों के बारे में संक्षिप्त परिचय देते हुए कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के व्यवहार को आज की जरूरत बतलाया। कार्यक्रम को सफल और सार्थक बनाने में डॉ अनीता चक्रबर्ती, डॉ रूपम कुमारी, आदि शिक्षकों ने सराहनीय भूमिका निभाया। इस अंतरराष्ट्रीय वर्कशॉप में शिक्षक, रिसर्च स्कॉलर, स्नातकोत्तर एवं स्नातक के विद्यार्थियों ने सक्रिय भागदारी सुनिश्चित की।

खलिहान में लगी आग पुआल जलकर राख

रामगढ़(दुमका) । एक जनवरी को जब पूरी दुनिया नए साल की खुशियां मना रही थी, उसी समय देर रात असामाजिक तत्वों ने रामगढ़ थाना क्षेत्र के भातुडिया बी पंचायत के सारमी गांव के बाहर

स्थित खलियान में रखे धान तथा पुआल में आग लगा दी। आग से किसान देवान हेम्ब्रम उर्फ थुथु का खलिहान में रखा हुआ लगभग चार क्विंटल धान तथा पांच हजार रुपए मूल्य का पुआल जल कर राख हो गया। आग को देखकर जब तक आस-पास के लोग जुटते तब तक धान एवं पुआल जलकर पूरी तरह से राख हो चुका था। आग लगने के कारण का पता नहीं चल पाया है। अग्निकांड से पीड़ित किसान ने सारमी के ही एक युवक पर आग लगाने का आरोप लगाते हुए दो जनवरी की शाम में पंचायत भी बुलाई। लेकिन आरोप के समर्थन में कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं किये जाने के कारण पंचायत में उपस्थित पंचों एवं ग्रामीणों ने युवक को निर्दोष करार दिया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस प्रशासन को इस संबंध में किसी तरह की सूचना नहीं दी गई थी।

परंपरागत रूप से ग्राम प्रधान मांझी संगठन ने मनाया सोहराय पर्व

संवाददाता

दुमका। ग्राम प्रधान मांझी संगठन सह मांझी स्थान जहेरथान संवर्धन समिति ने गांधी मैदान दुमका में संताल परगना प्रमंडलीय स्तरीय सोहराय पर्व संताली रीति रिवाज से गुरुवार को दिशोम नायकी सोनालाल हेंब्रम द्वारा विधिपूर्वक पूजा अर्चना कर मनाया गया। जिसमें गाड़ेटांडी में विधिवत पूजा अर्चना किया गया। नायकी बाबा द्वारा पूजा अर्चना में पांच मुर्गी एवं मुर्गी अंडा गोडथान में मरांग बुरू, जाहेर ऐड़ा,गोसाई ऐड़ा, मोड़ कु, तुरई कु ये सभी संथाल समाज के धरोहर ईष्ट देवता का रूप में पूजा अर्पित की गई। जिसमें सभी समाज के सुख समृद्धि हेतु कामना किया गया ।आयोजन में प्रमंडल के गांव-गांव से प्रधान सह लेखा होड़ और ग्रामीण महिला, पुरुष उपस्थित हुए एवं ढोल मदार के साथ परंपरागत आदिवासी नृत्य पर सोहराय पर मनाया गया। कार्यक्रम में प्रधान सह लेखा होड़, भीम प्रसाद मंडल भीम सोरेन रूसो राय बास्की, छवी नाथ मंडल सहित दर्जनों लोग कार्यक्रम में शिरकत किया।